संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 27 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 176 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



दिल्ली शराब घोटाले से संबंधित मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया।

## ओम बिरला चुने गए लोकसभा के अध्यक्ष

● प्रधानमंत्री मोदी, रिजिजू और राहुल गांधी आसन तक लेकर गए, सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए प्रस्ताव का सभी के सामने रखा था

**दायित्व**

▶▶ ध्वनिमत के आधार पर प्रोटेम स्पीकर ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के लिए आमंत्रित किया





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भाजपा सांसद और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार ओम बिरला लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गजों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। विपक्ष की ओर से के. सुरेश के नाम का प्रस्ताव रखा गया। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए प्रस्ताव का सभी के सामने रखा। ध्वनिमत के आधार पर उन्होंने ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान खास बात यह भी रही कि आम बिरला को आसन तक ले जाने के लिए पीएम मोदी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी साथ आए। राहुल को बीती रात ही कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष घोषित किया है।

**कौन है सांसद ओम बिरलाः** सबसे सक्रिय सांसदों में रहे, स्पीकर के रूप में कड़े फैसले लेने के लिए भी जाने गए

राजस्थान के कोटा से तीन बार के सांसद ओम बिरला राजस्थान में तीन बार विधायक भी रह चुके हैं। भाजयुमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। बतौर सांसद पहले कार्यकाल में 86 फीसदी उपस्थिति के साथ 671 प्रश्न और 163 बहसों में भागीदारी की थी। 2019 में दूसरी बार सांसद बनने पर लोकसभा अध्यक्ष बनाया गया।

बिरला के कार्यकाल में नए संसद भवन का निर्माण हुआ। तीन आपराधिक कानून, अनुच्छेद 370 को हटाने, नागरिकता संशोधन अधिनियम समेत कई ऐतिहासिक कानून भी पारित हुए। उन्होंने लोकसभा के 100 सांसदों के निलंबन व संसद की सुरक्षा पर कुछ कड़े फैसले लिए।

**बिरला के नाम दर्ज होगा रिकॉर्डः** पांचवीं बार ऐसा हो रहा है कि कोई अध्यक्ष एक लोकसभा से अधिक कार्यकाल तक इस पद पर आसीन रहेगा। कांग्रेस नेता बलराम जाखड़ एकमात्र ऐसे पीठासीन अधिकारी रहे, जिन्होंने सातवीं और आठवीं लोकसभा में दो कार्यकाल पूरे किए हैं।

### ओम बिरला का पिछला कार्यकाल ऐतिहासिकः पीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** ओम बिरला के लोकसभा स्पीकर चुने जाने के बाद 18वीं लोकसभा के अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'ये सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष के पद पर विराजमान हुए हैं। आपको और इस पूरे सदन को मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई। इस पूरे सदन की तरफ से भी आपको अनेक-अनेक शुभकामनाएं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होने से आपको बहुत बड़ा दायित्व मिल रहा है। आपके अनुभव और हमारे अनुभव से हमें विश्वास है कि आप हम सभी का मार्गदर्शन करेंगे। मुझे विश्वास है आप हर कदम पर नए कीर्तिमान गढ़ते रहेंगे।'



**'स्पीकर का दूसरी बार जीतना मुश्किल होता है'ः** प्रधानमंत्री ने कहा '18वीं लोकसभा में स्पीकर का कार्यभार दूसरी बार संभालना अपने आप में रिकॉर्ड है। बलराम जाखड़ जी पहले ऐसे अध्यक्ष थे, जो लगातार दो बार अपना कार्यकाल पूरा कर पाए थे। उनके बाद अब आपको यह मौका मिल रहा है।

ज्यादातर स्पीकर या तो चुनाव नहीं लड़े हैं या जीतकर नहीं आए हैं। आप समझ सकते हैं कि स्पीकर का काम कितना मुश्किल है कि उनका जीतना मुश्किल हो जाता है। आपने दोबारा जीतकर नया इतिहास गढ़ा है। इस सदन के ज्यादातर सासंद आपसे परिचित हैं और पिछली बार मैंने आपके संबंध में काफी कुछ बातें रखीं थी।

### विपक्ष की भी सुनेंः राहुल गांधी

**विपक्ष** के नेता राहुल गांधी ने ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा, 'मैं आपको दूसरी बार स्पीकर चुने जाने के लिए बधाई देना चाहता हूं। मैं आपको पूरे विपक्ष और इंडिया गठबंधन की तरफ से बधाई देना चाहता हूं। यह सदन भारत के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है और आप उस आवाज के अंतिम निर्णायक हैं। विपक्ष भी भारत के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है और इस बार विपक्ष ने पिछली बार की तुलना में भारतीय लोगों की आवाज का अधिक प्रतिनिधित्व किया है।

**राहुल बीती रात ही चुने गए नेता प्रतिपक्षः** बता दें कि कांग्रेस ने मंगलवार की रात को ही राहुल गांधी को लोकसभा का नेता प्रतिपक्ष चुना। 16वीं लोकसभा में कांग्रेस के 44 व 17वीं में 52 सांसद जीते थे। इस बार पार्टी के 99 सांसद जीते हैं।

## संसद में आपातकाल पर पेश किया गया प्रस्ताव

### विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में रखा गया मौन; बिरला बोले- वह दौर इतिहास का काला धब्बा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भाजपा सांसद और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार ओम बिरला लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए। कुर्सी संभालते ही बिरला ने 18वीं लोकसभा के पहले सत्र को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और सदन के सभी सदस्यों धन्यवाद किया। साथ ही आपातकाल की निंदा की। इस दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया।

**पीएम का जताया आभारः** लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी और सदन के सभी सदस्यों को मुझे फिर से सदन के अध्यक्ष के रूप में दायित्व निर्वाहन करने का अवसर देने के लिए सबका आभार व्यक्त करता हूं। मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए भी मैं सभी का आभारी हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'यह 18वीं लोकसभा लोकतंत्र का विश्व का सबसे बड़ा उत्सव है। अन्य चुनौतियों के बावजूद 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ चुनाव में भाग लिया। मैं सदन की ओर से उनका और देश की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। निष्पक्ष, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव प्रक्रिया संचालित करने के लिए और दूर-दराज के क्षेत्रों में भी एक भी वोट पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा किए गए प्रयासों के लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।'

### आपातकाल इतिहास का काला धब्बाः बिरला

**विपक्ष** ने जमकर हंगामा किया। मगर ओम बिरला ने बोलना जारी रखा। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में 25 जून 1975 के उस दिन को हमेशा एक काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई और बाबा साहब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर प्रचंड प्रहार किया था। भारत की पहचान पूरी दुनिया में लोकतंत्र की जननी के तौर पर है। भारत में हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और वाद-संवाद का संवर्धन हुआ, हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा की गई।

**आदर्श विचार**



“ धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता ”

**मन की बात**



“ उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। -स्वामी विवेकानंद ”

### प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरूः** कर्नाटक की हासन सीट से पूर्व सांसद रहे प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब बंगलूरू की अदालत ने प्रज्वल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि प्रज्वल पर कई महिलाओं के यौन शोषण और दुष्कर्म का आरोप है। 33 वर्ष के पूर्व जेडी-एस नेता को विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में रखा गया है।

**मंगलवार को दर्ज हुई थी एक और एफआईआरः** 25 जून को पूर्व जेडी-एस नेता पर एक और एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में कुल मिलाकर तीन लोगों के नाम शामिल किया गया। इनमें हासन से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक प्रीतम गौड़ा का नाम भी शामिल है। गौड़ा पर प्रज्वल द्वारा पीड़िता के यौन शोषण के दौरान खींची गईं तस्वीरों को साझा करने का आरोप है। इस नई एफआईआर के साथ प्रज्वल पर अब तक कुल चार मामले दर्ज हो गए।

**31 मई को गिरफ्तार किए गए थे प्रज्वलः** पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल को लोकसभा चुनाव में हार का सामना भी करना पड़ा है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में उत्तर प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा आयोजित इको पर्यटन संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

### पुणे में एक डॉक्टर और उनकी बेटी जीका वायरस से संक्रमित

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** महाराष्ट्र के पुणे में एक 46 वर्षीय डॉक्टर और उनकी बेटी जीका वायरस से संक्रमित पाए गए। हालांकि, उनकी स्वास्थ्य स्थिति फिलहाल स्थिर है। एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। हाल ही में डॉक्टर को चकत्ते और बुखार के लक्षण विकसित होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके खून के नमूने को जांच के लिए राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) भेजा गया। 21 जून को रिपोर्ट में पुष्टि की गई कि डॉक्टर जीका वायरस से संक्रमित है।

## भारत ने फिर लगाई पाकिस्तान को लताड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**जेनेवा :** पाकिस्तान की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का जिक्र किए जाने के बाद भारत ने कड़ी नाराजगी जताई है। भारत ने ऐसे निराधार और मिथ्या बयानों के लिए पड़ोसी देश की जमकर आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने मंगलवार को कहा कि आज एक प्रतिनिधिमंडल ने निराधार और मिथ्यापूर्ण बातें फैलाने के लिए इस मंच का दुरुपयोग किया। हालांकि, इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है। यह पहले भी होता रहा है। उन्होंने कहा कि मैं केवल इस प्रतिष्ठित संस्थान का कीमती वक्त बचाने के लिए किसी भी तरह की प्रतिक्रिया देकर इन टिप्पणियों को बढ़ावा नहीं दूंगा। माथुर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चर्चा में भारत की ओर से बयान दे रहे थे।



**पाक को लताड़ा**

▶▶ कश्मीर पर निराधार और भ्रामक बयानों के लिए सुनाई खरी-खोटी, निराधार मुद्दों पर जमकर सुनाया

**पाकिस्तान पहले भी कर चुका ऐसी हरकतः** इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने चर्चा के दौरान महासभा के मंच से अपने संबोधन में कश्मीर का जिक्र किया। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर जम्मू कश्मीर के मुद्दे को नियमित रूप से उठाता रहता है। भारत ने पहले भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाने की पाकिस्तान की कोशिशों की कड़ी आलोचना की है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

## सफलताः डोडा में मुठभेड़, एक आतंकी का सफाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**डोडाः** जम्मू संभाग के जिला डोडा में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिले के गंदोह इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हो रही है। एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने एक आतंकी के मारे जाने की पुष्टी की है। यहां कुछ और आतंकी घिरे हुए हैं। गोलीबारी के दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। जवान को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। यह इलाका घने जंगल और पहाड़ से घिरा हुआ है। यहां तेज बारिश हो रही है। इसी बीच ऑपरेशन चल रहा है। डोडा में पिछले कुछ दिनों से लगातार आतंकियों की तलाश में तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी बीच कई बार अलग-अलग जगहों पर संदिग्ध देखे जाने की भी सूचना मिल रही थी, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लग पा रही थी। आज मुठभेड़ स्थल क्षेत्र में फिर संदिग्ध देखे जाने के बाद घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था।

## भारत यूएन जैसे मंचों पर अफ्रीका की भूमिका का समर्थकः जयशंकर

### भारत पारस्परिक रूप से लाभप्रद और पारस्परिक रूप से सम्मानजनक संबंध की उम्मीद करता हैः विदेश मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्लीः अफ्रीका-डे के मौके पर केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राजधानी दिल्ली में एक सभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने भारत और अफ्रीका के संबंधों पर बात की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को बहुत निकटता से मिलकर काम करना होगा। जयशंकर ने आगे कहा कि भारत विश्व बंधु होने की सच्ची भावना के साथ पारस्परिक रूप से लाभप्रद और पारस्परिक रूप से सम्मानजनक संबंध की उम्मीद करता है। उन्होंने बताया कि भारत संयुक्त राष्ट्र और बहुपक्षीय मंचों पर अफ्रीका की बड़ी भूमिका का समर्थक है।



**भारत-अफ्रीका के संबंधों पर बोले जयशंकरः** जयशंकर ने भारत और अफ्रीका के रक्षा मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध मजबूती से आगे बढ़ रहा है। यहां तक की अफ्रीका के रक्षा मंत्री कई बार भारत में बैठक कर चुके हैं। केंद्रीय विदेश मंत्री ने कहा, "हमारे सैन्य संस्थानों में कई देशों के सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाता है। भारत ने नाइजीरिया, इथियोपिया और तंजानिया में रक्षा संस्थानों की स्थापना में भी योगदान दिया है।" उन्होंने आगे कहा, "भारत ने बोत्सवाना, नामीबिया, युगांडा, लेसोथो, जाम्बिया, मॉरीशस, सेशेल्स और तंजानिया जैसे कई अफ्रीकी देशों में प्रशिक्षण टीमें तैनात की हैं।"

## नए कानून लागू करने की तैयारी, दिया गया प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) अगले हफ्ते से तीन नए आपराधिक कानून लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए जमीनी स्तर के 40 लाख पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि लोग कानूनों के बारे में जागरूक रहें और इनका असर हर किसी पर, खासतौर पर महिलाओं और बच्चों पर पड़े। 5.65 लाख से ज्यादा पुलिस, जेल, फोरेंसिक, न्यायिक और अभियोजन अधिकारियों को भी तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

एक जुलाई से लागू होने वाले ये कानून ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

**नाराजगी** जयराम ठाकुर को अपने शब्दों और सोच पर नियंत्रण रखने की दी चेतावनी

## अपने निर्णयों की आलोचना से हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया खफा

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां विपक्ष खासकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा उनके निर्णयों की आलोचना से अत्यधिक नाराज हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने गत दिवस को शिमला में पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को चेतावनी दी कि वह अपनी सोच और शब्दों पर नियंत्रण रखें, अन्यथा उन्हें फिर से मजबूरन कोई संवैधानिक कदम उठाना पड़ेगा। पठाानियां ने कहा कि उनके निर्णयों की आलोचना अवमानना के दायरे में आती है फिर यह आलोचना सदन के भीतर हो या सदन के बाहर। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह अदालत के निर्णयों की आलोचना अवमानना के दायरे में आती है। उसी तरह विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय की आलोचना थी अवमानना के दायरे में आती है और उनके निर्णय की समीक्षा केवल सदन के भीतर हो सकती है। इसके लिए भी विधानसभा अध्यक्ष की अनुमति जरूरी है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उनके फैसलों को न केवल जनता ने बल्कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी सही ठहराया है। ऐसे में इन फैसलों पर पब्लिक डोमेन में बयानबाजी करना सरासर गलत है और नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि जो नियम कानून सदन के भीतर लागू होते हैं वही नियम कानून सदन के बाहर भी लागू होते हैं। उन्होंने विधानसभा सदस्यों खासकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से आग्रह किया कि यदि वह विधानसभा अध्यक्ष के निर्णयों पर चर्चा करना चाहते हैं तो सदन के भीतर ही इन्हें उठाएं न कि पब्लिक डोमेन में। विधानसभा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और विपक्ष के अन्य विधायक व नेता राजनीतिक लाभ लेने के लिए उनके निर्णयों पर सार्वजनिक मंचों से बयान बाजी कर रहे हैं जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह की परंपरा को रोकने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के पास तीन तरह के अधिकार क्षेत्र मौजूद है।



**आलोचना**

▶▶ उनके निर्णयों की आलोचना अवमानना के दायरे में आती है फिर यह आलोचना सदन के भीतर हो या सदन के बाहर

## टूटेगा अकाली दल ! पार्टी में कलह जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** शिरोमणि अकाली दल में सब कुछ ठीक नहीं है। प्रधान सुखबीर सिंह बादल की अध्यक्षता में जब चंडीगढ़ में जिला प्रधानों व हलका प्रभारियों की बैठक चल रही थी, तब कई वरिष्ठ नेता जालंधर में जुटे थे। इन सीनियर नेताओं ने जालंधर में एक बैठक आयोजित कर पार्टी प्रधान सुखबीर बादल को बदलने की मांग कर दी। हालांकि शिरोमणि अकाली दल कार्यसमिति ने पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास जताया है और विरोधियों से पंथ के दुश्मनों के हाथों में न खेलने का आग्रह किया है। समिति ने अध्यक्ष से पार्टी, पंथ और पंजाब के खिलाफ साजिशों को उजागर करने के प्रयासों का नेतृत्व करने को कहा है। जालंधर में वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने कहा कि सभी वरिष्ठ नेता एक जुलाई को अकाल तख्त पर मत्था टेकने के बाद वहीं से शिरोमणि अकाली दल बचाओ लहर की शुरूआत करेंगे। इस बैठक में चंदूमाजरा के साथ सिकंदर सिंह मलूका, सुरजीत सिंह, रखड़ा, बीबी जागीर कौर व अन्य नेता मौजूद थे। इस मीटिंग को बगावत के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि भाजपा की शह पर पार्टी को खत्म करने का काम किया जा रहा हैं, लेकिन पार्टी विरोधी लोगों को इसमें सफल नहीं होने दिया जाएगा। चुनाव में खराब के प्रदर्शन के बाद भी शिअद अपने स्टैंड पर कायम है कि उसने भाजपा के साथ गठबंधन न करके सही किया है। आगे भी पार्टी उनके साथ गठबंधन में नहीं जाएगी।



**विरोध**

▶▶ शिअद अपने स्टैंड पर कायम है कि उसने भाजपा के साथ गठबंधन न करके सही किया है

# हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने दयालपुर इलाके में बुजुर्ग महिला की नृशंस हत्याकांड मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। साल 2020 के इस मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपित की पहचान अशोक कुमार (42) के रूप में हुई। आरोपित को जयपुर (राजस्थान) के शास्त्री नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। आरोपित अशोक कुमार मूल रूप से आगरा के एत्मादपुर का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक यह हत्या लूटपाट के मकसद से की गई थी। पहले से गिरफ्तार दो आरोपितों का रिश्ता आरोपित अशोक कुमार के साथ मामा-भांजे का है। स्पेशल सेल के डीसीपी मनोज सी. के मुताबिक इस मामले में पुलिस टीम आरोपित के भांजे कमल और कमल के बेटे को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है जो जेल में हैं। गिरफ्तार आरोपित अशोक कुमार इस हत्याकांड में लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था और बार-बार उप्र और राजस्थान में अपने ठिकानों को बदल रहा था। ताकि पुलिस को उसके ठिकानों का पता नहीं चल सके। आरोपित अशोक को जुलाई 2023 में जमानत मिली थी, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। इसके बाद उसको दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया था। स्पेशल सेल की टीम को आरोपित के जयपुर के शास्त्री नगर इलाके में छिपे होने की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद इंस्पेक्टर अनुज कुमार त्यागी के दिशा निर्देशों में सब इंस्पेक्टर लवी तोमर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने अशोक के ठिकानों का पता लगाने के लिए पश्चिमी उप्र में भी कई जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि आरोपित जयपुर, राजस्थान में छिपा हुआ है। उसको पकड़ने के लिए एक टीम को जयपुर रवाना किया गया। 24 जून को पता चला कि वह जयपुर के शास्त्री नगर में छिपा हुआ है और जयपुर छोड़ने वाला है। उसके जयपुर छोड़ने से पहले ही टीम ने उसके ठिकानों पर छापेमार कर उसे दबोच लिया। आरोपित अशोक कुमार से पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथी आरोपित बादल व कमल के साथ मिलकर लूटपाट करने के मकसद से दयालपुर थाना अंतर्गत इलाके में एक वृद्ध महिला की गला दबाकर हत्या की थी।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19240678 | सैंड इंजेक्टर | 4825 नग | 17.07.2024 |
| 02 | 19240681 | वाइपर ब्लेट फॉर 3–फेज | 3486 नग | 17.07.2024 |
| 03 | 09242405 | बोल्स्टर स्प्रिंग इनर फॉर बी एल सी वैगन | 6359 नग | 17.07.2024 |
| 04 | 08195281H | ट्रांस रिसीवर वीएचएफ रेडियो 25 वॉट | 530 सेट/नग | 19.07.2024 |
| 05 | 12241192 | सिंगल कोर एलस्टोमेरिक केबल साइज 2.5 sqmm 750 वोल्ट | 59800 मीटर | 22.07.2024 |
| 06 | 01241151 | आउट गोइंग केबल लीड | 96 नग | 22.07.2024 |
| 07 | 09242111 | ड्राफ्ट गियर अरेंजमेंट | 510 नग | 23.07.2024 |
| 08 | 19240751 | प्रोक्योरमेंट ऑफ विजीलैंस यूनिट | 07 नग | 29.07.2024 |
| 09 | 19240687 | गेज फॉर एयर फ्लो इंडिकेटर | 149 नग | 29.07.2024 |
| 10 | 12241920 | पीवीसी इंसुलेटेड सिंगल कोर मल्टी स्ट्रेन्डेड फ्लेक्सिबल कॉपर केबल साइज 4 sq.mm | 84271 मीटर | 29.07.2024 |
| 11 | 07243460 | सेकेंडरी लेटरल डैम्पर फॉर एलएचबी कोचेस | 1762 नग | 31.07.2024 |
| 12 | 19240707 | सेट ऑफ गियर एंड पिनियन | 40 सेट | 05.08.2024 |
| 13 | 19240665 | किट फॉर डायरेक्ट ब्रेक एक्सहॉस्ट वाल्व | 127 सेट | 19.08.2024 |
| 14 | 19240691 | सेट ऑफ एलईडी लाइट्स | 163 नग | 02.09.2024 |
| 15 | 19244450 | बेअरिंग फॉर हिताची ट्रैक्शन मोटर | 190 नग | 09.09.2024 |
| 16 | 07241495 | पिनियन (20 टीथ) | 212 नग | 12.09.2024 |
| 17 | 19244451 | बेअरिंग फॉर हिताची ट्रैक्शन मोटर | 157 नग | 16.09.2024 |
| 18 | 19240583 | किट फॉर ईपी रिले वाल्व | 81 सेट | 16.09.2024 |
| 19 | 07242050 | वेयरिंग प्लेट (फिनिश मशीन्ड) फॉर साइड बेयरर | 10024 नग | 18.09.2024 |
| 20 | 19240701 | टेम्परेचर सेंसर असेंबली कम्पलीट | 193 नग | 07.10.2024 |
| 21 | 19240803 | सेट ऑफ सिंगल डक्ट लेटर बिलो | 74 नग | 07.10.2024 |

**निविदा शर्तें:** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

**टेंडर नोटिस सं.: 27/2024-25 दिनांक: 26.06.2024** **1911/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### प्रथम शुद्धिपत्र

"795 एलएचबी एसी कोचों में मेटा अरामिड फैब्रिक बेलो डक्ट के साथ बेलो डक्ट के प्रतिस्थापन" के कार्य के लिए निविदा सूचना में निम्नलिखित सुधार किया गया है। नीचे उल्लिखित अनुसूची के अनुसार आगे उपयोग के लिए संशोधनों से युक्त निविदा सूचना वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। नीचे उल्लिखित को छोड़कर, निविदा के अन्य नियम और शर्तें समान रहेंगी। निविदा के नए जोड़े गए विवरण इस प्रकार हैं:–

| क्र. सं. | निविदा दस्तावेज अनुलग्नक | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | अनुलग्नक-"I" | रेलवे बोर्ड एल. नं. 2019/इलेक्ट (जी)/165/1 दिनांक 22.04.2020 "पावर कारों सहित इलेक्ट्रिक इंजनों, ईएमयू/एमईएमयू और एसी/टीएल कोचों के उपकरणों की मरम्मत/पुनर्वास के लिए कार्य अनुबंध देने के लिए पात्रता मानदंड |

क्रमांक 56–डब्ल्यू/इलेक्ट/24–25/T/06/RSP/मेटा अरामिड **1923/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **वकील यादव** पुत्र रामधनी यादव निवासी सी-2/851, सेक्टर 27 रोहिणी, दिल्ली।, ने एफ आई आर नं. 497/13 धारा 420/468/471/34 भा.द.स पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वकील यादव** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **वकील यादव** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है दिल्ली के उक्त अभियुक्त **वकील यादव एफ आई आर नं. 497/13 धारा 420/468/471/34 भा.द.स., पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली न्यायालय** के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.08.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री सौरभ गोयल**
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-05 (उत्तर),
कमरा नंबर 114
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8140/ON/2024

## गुमशुदा की तलाश



इरम उर्फ आफरीन



अनम

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दो लड़कियां (1) जिनके **नाम:** इरम उर्फ आफरीन, **पुत्री:** मोहम्मद अहसान अंसारी, **पता:** मकान नं. जेड–2nd/307, वेलकम, दिल्ली, **लिंग:** महिला, **उम्र:** 23 साल, **कद:** 5'3", **रंग:** गोरा, **शरीर:** पतला, **चेहरा:** गोल, **पहनावा:** हरे रंग का सूट एवं सलवार तथा **(2) नाम:** अनम, **पुत्री:** मोहम्मद अहसान अंसारी, **पता:** मकान नं. जेड–2nd/307, वेलकम, दिल्ली, **लिंग:** महिला, **उम्र:** 20 साल, **कद:** 5'0", **रंग:** गेहुँआ, **शरीर:** पतला, **चेहरा:** गोल, **पहनावा:** सफेद रंग का फ्राक तथा काले रंग का पजामा तथा दोनों लड़कियां पैरों में चप्पल पहने हैं, दिनांक 21.06.2024 से अपने घर से लापता हैं। इस बाबत **DD No. 53A, दिनांक: 22.06.2024, थाना: वेलकम, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इन दोनों लापता लड़कियों के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इन दोनों लापता लड़कियों के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**फोन: 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईट: http://cbi.nic.in**
**ई–मेल: cic@cbi.gov.in**
**फैक्स: 011-24368639**
**DP/8031/NE/2024**

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: वेलकम, दिल्ली
फोन: 9560220539

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सार्थक सचदेवा पुत्र विजय सचदेवा,** निवासी मकान नंबर 4/80, सुभाष नगर, दिल्ली ने **FIR No. 530/20 U/s 188/269 IPC.,** के अंतर्गत थाना: **राजौरी गार्डन,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सार्थक सचदेवा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सार्थक सचदेवा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 530/20 U/s 188/269 IPC.,** थाना: **राजौरी गार्डन,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सार्थक सचदेवा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
श्री शशांक नंदन भट्ट, **Ld. MM,**
WD कमरा नंबर 356, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7788/WD/2024


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर पार्किंग के ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। धरोहर राशि बोली की 5% होगी तथा बोली कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी। आवंटित की जाने वाले पार्किंग ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | लॉट सं./श्रेणी | कार्य का विवरण | रेट यूनिट | ट्रिप्स/दिन | नीलामी प्रारम्भ तिथि व समय | नीलामी बंद होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | UMB-Parking0624 | Parking-UMB-BTI-MX-71-23-1 (Parking-Mixed) | बठिंडा रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) (मैन साइड) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका। कुल एरिया–5847.85 वर्ग मी.। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 10.07.24 10:00:00 | 10.07.24 10:30:00 |
| 2. | UMB-Parking0624 | Parking-UMB-AADR-MX-77-24-1 (Parking-Mixed) | आम्ब अन्दौरा रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का सयुक्त ठेका। कुल एरिया–1785.44 वर्ग मी.। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 10.07.24 10:00:00 | 10.07.24 10:40:00 |
| 3. | UMB-Parking0624 | PARKING-UMB-ANSB-MX-76-24-1 (Parking-Mixed) | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका। कुल एरिया- 2384.74 वर्ग मी.। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 10.07.24 10:00:00 | 10.07.24 10:50:00 |
| 4. | UMB-Parking0624 | PARKING-UMB-DLPC-MX-73-24-1 (Parking-Mixed) | दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका। कुल एरिया- 704 वर्ग मी.। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 10.07.24 10:00:00 | 10.07.24 11:00:00 |
| 5. | UMB-Parking0624 | Parking-UMB-UBC-MX-74-24-1 (Parking-Mixed) | अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन पर 815.89 वर्ग मी. का दो पहिया व 1226.12 वर्ग मी. का चार पहिया का ठेका। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 10.07.24 10:00:00 | 10.07.24 11:20:00 |
| 6. | UMB-Parking0624 | PARKING-UMB-SML-PCCV-68-24-1 (Parking-Passenger carrying Commercial Vehicles) | शिमला एक्सटेंशन पर वाणिज्यिक वाहनों का ठेका। कुल एरिया–376.11 वर्ग मी.। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 10.07.24 10:00:00 | 10.07.24 11:30:00 |

नीलामी आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **1908/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मेट्रो स्टेशन के नजदीक बड़ा हादसा टला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में अभी मानसून की शुरूआत भी नहीं हुई है, लेकिन उससे पहले ही दिल्ली की सड़कों का धंसने का सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार सुबह करीब 7:00 बजे दिल्ली की सबसे व्यस्ततम सड़क मेहरौली बदरपुर रोड पर डीटीसी इलेक्ट्रिक बस लगभग 10 से 15 फीट गड्ढे में चली गई। घटना मेहरौली बदरपुर रोड साकेत मेट्रो स्टेशन के पास की है। हालांकि इससे कोई जान-माल का नुकसान नही हुआ। जब डीटीसी 419 रूट नंबर की बस कश्मीरी गेट से लाडो सराय की ओर जा रही थी जैसे ही बस साकेत मेट्रो स्टेशन फुट ओवरब्रिज के पास पहुंची तो एकाएक सड़क धंस गई और बस करीब 15 से 20 फीट गड्ढे में चली गई। हालांकि गनीमत रही की जिस वक्त यह घटना हुई, उस वक्त बस में चार से पांच ही लोग सवार थे। क्योंकि बस अपने गंतव्य से कुछ दूरी पर थी।

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नाम:** राम स्वरूप, **पुत्र:** शिव प्रकाश, **पता:** रैन बसेरा गीता घाट, सिविल लाइंस, दिल्ली, **लिंग:** पुरूष, उम्र: लगभग 55 साल **कद:** 5फीट, 10इंच **रंग:** सांवला, **शरीर:** पतला, **चेहरा:** अंडाकार, **पहचान चिन्ह:** नही मालूम **पहनावा:** सफेद रंग का लोअर पहने हुए है। शव को सब्जी मंडी शवगृह दिल्ली में रखा गया है 72 घंटे के लिए, दिल्ली, दिनांक 22.06.2024। इस संदर्भ में **DD NO 44A दिनांक : 22.06.2024,** थाना: सिविल लाइंस दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना : सिविल लाइंस, दिल्ली
फोन : 011-23815444

DP/8152/N/2024

## पहचान की अपील



एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु:** लगभग 48 वर्ष, **रंग:** गेंहुआ, **कद:** 5', **शरीर:** मध्यम, जिसने भूरे रंग की चैक कमीज और काले रंग की लोअर पहनी थी, जो म.नं. ए–318–एन, बी–ब्लॉक, ज्ञान दीप स्कूल, संगम विहार, दिल्ली में मिला। इस संदर्भ में **डीडी 60ए, दिनांक 16.06.2024 को थाना तिगड़ी, नई दिल्ली** में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना तिगड़ी, नई दिल्ली**
**फोन: 011-26042188, 8750870834**

DP/8192/SD/2024


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | गैर–कोर पीओएच गतिविधि को ट्रेन लाइटिंग के विभिन्न खंड़ों से आउटसोर्स किया जाएगा। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | द्वितीय पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 26/07/2024 प्रातः11:30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 25.06.2024 17:28 बजे |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रू. 4210395/– सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रू. 84200/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार | समापन की अवधि | 06 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 12/07/2024 | बोली समाप्ति तिथि | 26/07/2024 प्रातः 11:30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उदघाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | **www.ireps.gov.in** पर जाएं | | |

56–डब्ल्यू/इलेक्ट्रिक/23–24/टी/नॉन–कोर **1900/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई. निविदा

**खुली निविदा संख्या 13–अम्बाला/2024–25 दिनांक 25/06/2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | i) सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी के अधीन यूएमबी–एलडीएच खंड पर सीएचए पर डीएफसी द्वारा निर्मित नए एफओबी का विस्तार (परिसंचारी क्षेत्र, पीएफ सं. 1 और पीएफ सं. 2) ii) सीनियर डीईएन-IV/यूएमबी के तहत यूएमबी–एलडीएच खंड पर दोराहा रेलवे स्टेशन पर नए एफओबी का प्रावधान iii) सीनियर डीईएन-IV/यूएमबी के तहत यूएमबी–एलडीएच खंड पर केएनएन में डीएफसी द्वारा निर्मित नए एफओबी का विस्तार (पीएफ संख्या 2 से बाहर तक) | 2,56,16,043 | 2,78,100 | 08 महीने | 19.07.2024 |
| 2 | i) सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी के अधीन यूएमबी–एलडीएच खंड पर दोराहा रेलवे स्टेशन पर डीएफसीसीआईएल द्वारा वित्तपोषित नए एफओबी का विस्तार–सर्कुलेटिंग एरिया से पीएफ 1 तक ii) एसएसई/डब्ल्यू/आरपीजे के खंड में केएनएन पर डीएफसी द्वारा निर्मित नए एफओबी का विस्तार (पीएफ सं. 1 से पीएफ सं. 2) | 1,54,47,392 | 2,27,200 | 08 महीने | 19.07.2024 |
| 3 | एडीईएन/जेयूडीडब्ल्यू के अधीन एसएसई/पीडब्ल्यूएवाई/जेयूडीडब्ल्यू अनुभाग में जगाधरी वर्कशॉप के अंदर पी. वे का रखरखाव कार्य। | 29,69,375 | 59,400 | 06 महीने | 19.07.2024 |
| 4 | एडीईएन/एसआरई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के खंड में एलएचएस पर जल–निकासी। | 14,85,138 | 29,700 | 06 महीने | 19.07.2024 |
| 5 | एडीईएन/सहारनपुर के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/ई/एसआरई के अनुभाग में जोन ए–बी के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वाशिंग और पेंटिंग। | 99,99,992 | 2,00,000 | 12 महीने | 19.07.2024 |
| 6 | एडीईएन/सहारनपुर के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के अनुभाग में जोन सी–डी के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वाशिंग और पेंटिंग। | 99,99,999 | 2,00,000 | 12 महीने | 19.07.2024 |
| 7 | एडीईएन/ट्रैक के अधीन एसएसई/पी.वे./टीडी/अंबाला सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों अर्थात गाजियाबाद, लखनऊ और अन्य स्थानों से अंबाला मंडल में कहीं भी और ट्रैक डिपो अंबाला में पी.वे सामग्री की लीडिंग, लोडिंग, अनलोडिंग और स्टैकिंग। | 3,44,59,924 | 3,22,300 | 18 महीने | 19.07.2024 |
| 8 | एडीईएन/बीटीआई के अधीन एसएसई/पी. वे/बीटीआई के खंड में बीटीआई यार्ड में टीएसआर (पी) एवं टीआरआर (पी)। | 41,03,257 | 82,100 | 04 महीने | 19.07.2024 |
| 9 | ii) यूएमबी–एलडीएच सेक्शन पर खन्ना रेलवे स्टेशनों पर 2 लिफ्टों का प्रावधान (एक सर्कुलेटिंग एरिया में और दूसरी प्लेटफार्म नंबर 1 पर) ii) सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी के अधीन राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 03 लिफ्टों का प्रावधान। | 65,70,374 | 1,31,400 | 04 महीने | 19.07.2024 |
| 10 | सीनियर डीईएन/I/यूएमबी के अनुभाग में (I) टीटीआर (टीएसआर)–46 सेट (1:12–20 सेट और 1:8.5–26 सेट) अंबाला डिवीजन के संबंध में–टीटीआर (टीएसआर) –111 सेट (1:12–60 सेट और 1:8.5–51 सेट) (II) अंबाला कैंट जं. के संबंध में 15 सेटों का टीटीआर (टीडब्ल्यूएस) (1in12=7 and 1in 8½=8) चंडीगढ़–टीटीआर (टीडब्ल्यूएस)–15 सेट (1:8.5–8 सेट और 1:12–7 सेट) और सहारनपुर जंक्शन–अम्बाला कैंट जं.–लुधियाना जं.–टीटीआर (टीडब्ल्यूएस)–10 सेट (1:8.5–5 सेट और 1:12–5 सेट) (पीबी#827/2022–23/एनआर). (III) अंबाला डिवीजन के संबंध में में टीटीआर (टीडब्ल्यूएस)–10 सेट (1:12–7 सेट और 1:8.5–3 सेट)–टीटीआर (टीडब्ल्यूएस)–15 सेट (1:12–10 सेट और 1:8.5–5 सेट)), टीटीआर (टीडब्ल्यूएस +सीएमएससी)–1 सेट (1:8.5) और टीटीआर (सीएमएससी)–4 सेट (1:12–2 सेट और 1:8.5–2 सेट)। और (IV) सहारनपुर–अंबाला के संबंध में–27 सेट (1in 12=16 and 1in 8½=11) का टीटीआर (टीडब्ल्यूएस) टीटीआर (टीडब्ल्यूएस)–56 सेट (1:12) और 43 सेट (1:8.5) (पीबी#783/2020–21/एनआर)। | 1,64,26,333 | 2,32,100 | 12 महीने | 19.07.2024 |

नोट:
1 ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2 अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3 निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें।
4 ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा।
5 जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **1902/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली याचिका

## जमानत पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक को दी थी चुनौती, बुधवार को उन्होंने अपनी याचिका वापस ले ली

**मुश्किलें**

**चूंकि न्यायालय ने 25 जून को पूरा आदेश दिया, इसलिए वह इस मामले में ठोस अपील दायर करना चाहते हैं**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उन्हें तिहाड़ जेल से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, एक दिन पहले शराब घोटाला मामले में दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा था। हाईकोर्ट ने उनकी जमानत पर रोक लगा दिया था, जिसके खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। हालांकि, बुधवार को उन्होंने अपनी याचिका वापस ले ली। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ को केजरीवाल के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया कि चूंकि उच्च न्यायालय ने 25 जून को पूरा आदेश दिया, इसलिए वह इस मामले में ठोस अपील दायर करना चाहते हैं। सिंघवी ने पीठ को यह भी बताया कि मामले में हर दिन नए पहलू सामने आ रहे हैं। अब केजरीवाल को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा, 'हम सभी जानकारी को रिकॉर्ड में लाने के लिए एक महत्वपूर्ण अपील दायर करना चाहते हैं और हाईकोर्ट के 25 जून के आदेश को चुनौती देना चाहते हैं, जिसमें जमानत आदेश पर रोक लगा दी गई है।' पीठ ने दलील दर्ज की और उन्हें अपील दायर करने की छूट दी। इससे पहले बुधवार को दिल्ली की एक अदालत ने सीबीआई को कथित आबकारी घोटाले के सिलसिले में केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार करने की अनुमति दे दी थी।

**यह है मामला:** गौरतलब है, हाईकोर्ट ने मंगलवार को केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत ने 24 जून को इस मामले में केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाते हुए फैसला सुरक्षित रखने के हाईकोर्ट के फैसले को असामान्य करार दिया था। निचली अदालत ने जमानत के आदेश में कहा था कि प्रथम दृष्टया केजरीवाल का दोष साबित नहीं हुआ है और ईडी धनशोधन मामले में सबूत पेश करने में विफल रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा इसके निर्माण और निष्पादन से जुड़ी कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच का आदेश देने के बाद 2022 में आबकारी नीति को खत्म कर दिया गया था।

ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अनुसार, नीति में संशोधन करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को गैर तरीके से लाभ पहुंचाया गया।

## बंदा जेल से बाहर न आ जाए, पूरा सिस्टम इसमें लगा: सुनीता



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि पूरी व्यवस्था यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि उनके पति जेल से बाहर न आएं। उन्होंने कहा कि यह सब तानाशाही और आपातकाल के समान है। आप ने कहा कि जब केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की संभावना थी तो भाजपा घबरा गई और उन्हें फर्जी मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार करवा दिया गया।

**यह तानाशाही है, यह आपातकाल है: सुनीता**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया और भ्रष्टाचार मामले में पांच दिन की हिरासत मांगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सुनीता ने कहा कि उनके पति को 20 जून को उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत मिल गई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से तुरंत रोक लग गई। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अगले ही दिन, सीबीआई ने उन्हें आरोपी बना दिया।

**ये तानाशाही है...**

**केजरीवाल की गिरफ्तारी पर पत्नी सुनीता, सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की थी संभावना, घबराई भाजपा ने सीबीआई का लिया सहारा: सुनीता केजरीवाल**

### नीति में संशोधन करते समय अनियमितताएं की गईं

**सुनीता** केजरीवाल ने कहा कि पूरा सिस्टम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि वह आदमी जेल से बाहर न आए। यह कानून नहीं है। यह तानाशाही है, यह आपातकाल है। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा इसके निर्माण और निष्पादन से जुड़ी कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच का आदेश देने के बाद 2022 में आबकारी नीति को खत्म कर दिया गया था। ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अनुसार, नीति में संशोधन करते समय अनियमितताएं की गईं।

## अस्पताल में भर्ती जलमंत्री आतिशी से मिले अखिलेश यादव



**हाल जाना**

**जलमंत्री आतिशी बहुत बहादुर हैं और लड़ना जानती हैं। वो हमेशा दिल्ली की जनता के लिए लड़ती रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्ली: पानी सत्याग्रह के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती जल मंत्री आतिशी से बुधवार सुबह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और सीपीआई (एम) की वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अस्पताल में भर्ती आतिशी का हालचाल जाना। अखिलेश ने कहा कि जलमंत्री आतिशी बहुत बहादुर हैं और लड़ना जानती हैं। वो हमेशा दिल्ली की जनता के लिए लड़ती रही हैं।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने हमेशा विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों के साथ भेदभाव किया है। खासकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ सबसे ज्यादा अन्याय किया है। अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आने ही वाले थे, लेकिन उनको फिर से फर्जी मामले में फंसा दिया गया है, ताकि बाहर न आ सकें और जनता के बीच न जा सकें।

उधर, वृंदा करात ने कहा कि केंद्र सरकार और एलजी अपना दायित्व निभाने की जगह दिल्लीवालों के पानी के साथ भेदभाव की नीति अपना रहे हैं। आतिशी के अनशन से उनको जरा भी फर्क नहीं पड़ा है, जबकि यह उनकी नहीं, दिल्ली की जनता की लड़ाई है। इस दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह, सपा के सांसद लालजी वर्मा, राजीव राय और आनंद भदौरिया समेत अन्य कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी 21 मार्च से जंगपुरा के भोगल में अनिश्चितकालीन पानी अनशन पर बैठी थीं। वो दिल्ली की जनता को उसके हक का पानी दिलाने के लिए अनिश्चितकालीन अनशन पर थीं।



दिल्ली पुलिस के इतिहास में पहली बार दिव्यांगों की भर्ती हुई है। हेड कांस्टेबल मिनिस्ट्रियल की भर्ती में 15 पुलिसकर्मी शामिल हैं। इनमें पांच महिलाएं शामिल हैं।

## दंगे और हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है जो बिहार के दरभंगा जिले के वाजिदपुर के 2021 के दंगे और हत्या के एक मामले में फरार था। वह बिहार पुलिस की पकड़ से बचने के लिए वह दिल्ली में छिपा हुआ था। वह यहां एक राजनीतिक स्थानीय लीडर के साथ जुड़कर आरोपित कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहा था। क्राइम ब्रांच की तरफ से गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान मोहम्मद आफताब (32) के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक बाइक भी बरामद की गई है। इस बाइक चोरी की शिकायत नबी करीम थाने में दर्ज है। क्राइम ब्रांच के ज्वाइंट सीपी डीसीपी संजय भाटिया के मुताबिक एसआई सुभाष चंद को दरभंगा जिला अंतर्गत मणि गाछी पुलिस थाने में दर्ज दंगे और हत्या के मामले में वांछित आरोपित के दिल्ली में छिपे होने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने आरोपित की गतिविधि पर मिले इनपुट के आधार पर डीसीपी/क्राइम आईपीएस राकेश पावरिया के समग्र पर्यवेक्षण और एसीपी/सेंट्रल रेंज पंकज अरोड़ा की करीबी निगरानी में एसआई सुभाष चंद के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपित की धरपकड़ के लिए अभियान को तेज किया। टीम ने मोती बाग रोड माता मंदिर के पास जाल बिछाया। इस दौरान मुखबिर ने मोती बाग फ्लाईओवर की ओर से आ रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया जो बिना रजिस्ट्रेशन वाली मोटर साइकिल पर सवार था। उसने अपनी मोटरसाइकिल रोकने की बजाय स्पीड को बढ़ा दिया और भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और उसे रोक लिया। पूछताछ करने पर उसने अपनी पहचान मोहम्मद आफताब, दरभंगा (बिहार) के रूप में बताई।

## पासिंग परेड: दिल्ली पुलिस में शामिल हुए 1353 नए पुलिसकर्मी

**भर्ती**

**अपनी ट्रेनिंग पूरी की है। इनमें से 1353 पुलिसकर्मी दिल्ली पुलिस के अलग-अलग पदों पर भर्ती हुए हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के झरोदा कलां स्थित दिल्ली पुलिस अकादमी में आज एक बड़े पासिंग आउट परेड का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 1355 नए पुलिसकर्मी इस परेड में शामिल हुए। उन्होंने दिल्ली पुलिस अकादमी में अपनी अपनी ट्रेनिंग पूरी की है। इनमें से 1353 पुलिसकर्मी दिल्ली पुलिस के अलग-अलग पदों पर भर्ती हुए हैं। जबकि दो पुलिसकर्मी दमन एवं दीव पुलिस के हैं, उनकी ट्रेनिंग भी दिल्ली पुलिस अकादमी में हुई है। आज करीब चार हजार लोगों के बीच इस पासिंग आउट परेड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर दीपेंद्र पाठक ने मार्चिंग दस्ता की सलामी ली। इसमें कई पुलिस अधिकारियों के अलावा ट्रेंड हुए पुलिसकर्मी के परिवार वाले और इस अकादमी में ट्रेनिंग ले रहे पुलिसकर्मी भी शामिल थे। जो पुलिसकर्मी यहां ट्रेंड हुए हैं, उन्हें साइबर सिक्योरिटी, ऑनलाइन क्राइम के अलावा 01 जुलाई से लागू होने जा रहे नए कानून को लेकर भी पूरी जानकारी दी गई है और इसके लिए उन्हें ट्रेंड किया गया है।

## दिल्ली-हावड़ा रूट पर प्रयागराज जंक्शन के पास डिरेल हुई मालगाड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/प्रयागराज।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर बुधवार को अपराह्न 3.07 बजे बड़ा हादसा हुआ। कानपुर से पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की ओर जा रही मालगाड़ी प्रयागराज जंक्शन के यार्ड में निरंजन पुल पर डिरेल हो गई। मालागाड़ी के तीन वैगन (कुल 16 पहिए) पटरी से नीचे उतर गए। डाउन ट्रैक पर हुई इस घटना के बाद खलबली मच गई। कंट्रोल रूम से सूचना प्रसारित होने के बाद जहां तहां ट्रेनों रोक दिया गया। घटना स्थल पर छह लाइनें गुजरती हैं। इसमें दिल्ली-हावड़ा रूट अप-डाउएन पूरी तरह से बाधित रहा। जबकि प्रयागराज-वाराणसी रेल मार्ग, प्रयागराज से वाया प्रयाग लखनऊ व प्रतापगढ़ मार्ग भी ट्रेनों का संचालन ठप हो गया। घटना की सूचना तत्काल तकनीकी टीम व रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे। राहत बचाव का कार्य शुरू हुआ। शाम पौने चार बजे गैस किट से पटरी से उतरे वैगनों को काटकर अलग किया गया।

एक हिस्से को छिवकी की ओर व दूसरे हिस्से को प्रयागराज जंक्शन की ओर बढ़ाया गया। वहीं, शाम लगभग पांच बजे गोरखपुर वंदे भारत को दूसरी लाइन से जंक्शन पर भेजा गया। जबकि घटना स्थल से पहले रुकी ट्रेनों से उतरकर लोग पैदल ही घर जाने लगे।

## आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर काला धब्बा: खंडेलवाल

**उठाएं लाभ**

**अब सीजीएचएस कार्ड को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते के साथ लिंक करने की अनिवार्यता पर रोक लगा दी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के चांदनी चौक लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बुधवार को आपातकाल लागू करने और उसके बाद की गई ज्यादतियों का निंदा प्रस्ताव पेश करने के लिए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला की सराहना की। खंडेलवाल ने कहा कि लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा देश में लागू किए गए आपातकाल के काल खंड को भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की यह पहल हमारे राष्ट्र की लोकतांत्रिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण अध्याय को स्वीकारने और उस पर विचार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा सांसद खंडेलवाल ने कहा कि 1975 से 1977 तक देश में लगाया गया आपातकाल वह समय था, जब हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का निर्ममतापूर्वक गला घोंटा गया था। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि हम इस अवधि को याद रखें और इससे सीख लें, ताकि लोकतांत्रिक अधिकारों और स्वतंत्रता का ऐसा उल्लंघन फिर कभी न हो। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ओम बिरला का प्रस्ताव हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थानों की रक्षा के महत्व की एक शक्तिशाली याद दिलाता है। इस अवधि को स्मरण कर, हम न केवल उन लोगों के साहस और दृढ़ता का सम्मान करते हैं, जिन्होंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई, बल्कि लोकतंत्र, पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है कि हम हर नागरिक के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करेंगे और उन्हें बनाए रखेंगे। ऐसे कदमों के माध्यम से ही हम अपने लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं। इसके साथ यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपातकाल के दौरान किए गए बलिदान कभी भूले नहीं जाएंगे।

## सीजीएचएस के लाभार्थियों को मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के 45 लाभार्थियों को राहत देते हुए केन्द्र सरकार ने अब सीजीएचएस कार्ड को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) के साथ लिंक करने की अनिवार्यता पर रोक लगा दी है। केन्द्र सरकार के अगले आदेश तक यह व्यवस्था जारी रहेगी। दरअसल ज्यादातर सीजीएचएस लाभार्थी अपनी आईडी को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) के साथ लिंक करने को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं थे। इसलिए आभा और सीजीएचएस कार्ड को लिंक करने की प्रक्रिया बहुत धीमी चल रही थी। केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना महानिदेशालय सीजीएचएस ने आदेश जारी किया है कि अब सीजीएचएस कार्ड को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) के साथ लिंक करना अनिवार्य नहीं है।

**उठाएं लाभ**

**अब सीजीएचएस कार्ड को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते के साथ लिंक करने की अनिवार्यता पर रोक लगा दी**

## कांग्रेस की शिकायत पर हुई केजरीवाल की गिरफ्तारी: बीजेपी

**साक्ष्य मौजूद**

**केजरीवाल की गिरफ्तारी दिल्लीवासियों के लिए को कोई आश्चर्य की बात नहीं है: वीरेंद्र सचदेवा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं द्वारा वर्ष 2022 में की गई शिकायत के आधार पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है।

**आबकारी घोटाले में केजरीवाल के खिलाफ सूबूत-सचदेवा**

उनकी गिरफ्तारी दिल्लीवासियों के लिए को कोई आश्चर्य की बात नहीं है। आबकारी घोटाले में उनके विरुद्ध जांच एजेंसियों को पास साक्ष्य है जिसके आधार पर कार्रवाई हो रही है।

**मनीष सिसोदिया को पहले ही सीबीआई ने किया गिरफ्तार**

उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पहले ही सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। केजरीवाल के विरुद्ध भी जांच चल रही है और पहले भी उन्हें पूछताछ के लिए सीबीआई कार्यालय बुलाया गया था। उन्होंने कहा हाईकोर्ट के निर्णय के बाद मंगलवार से ही आम आदमी पार्टी के नेता कटाक्ष पूर्ण टिप्पणी कर रहे हैं। इससे पता चलता है कि उनका लोकतंत्र और न्यायपालिका में विश्वास नहीं है। आप एवं विपक्ष के कुछ अन्य नेता यह भ्रम फैला रहे हैं कि केजरीवाल के विरुद्ध बदले की भावना से कार्रवाई हो रही है।

## अग्निकांड: मौसी बचा लो...कंपकंपाती आवाज में लक्ष्य के आखिरी बोल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मौसी हमें बचा लो, घर में आग लग गई है, कंपकंपाती हुई आवाज में सोमवार देर रात करीब 2.14 बजे लक्ष्य उर्फ कानू ने उत्तम नगर में रहने वाली मौसी मेघा को कॉल की थी। इतना कहकर फोन कट गया। मेघा ने तुरंत मोती नगर में रहने वाले अपने बड़े भाई रजत सूरी को कॉल कर बताया कि लक्ष्य की कॉल आई थी और घर में आग लगने की बात कर रहा था। यह सुनकर रजत घबरा गए। वह करीब 2.30 दूसरे भाई सौरव सूरी को लेकर निकले, लेकिन रास्ते में सुभाष नगर चौक पर उनकी कार पंक्चर हो गई। आधी रात को किसी तरह गाड़ी की स्टपनी बदलवाकर दोनों भाई उत्तम नगर में बहन मेघा के घर पहुंचे। वहां से बहन व जीजा अनिल कुमार को लेकर करीब 3.15 बजे प्रेम नगर पहुंचे। वहां पहुंचने पर देखा तो हीरा सिंह और नीतू के घर से धुआं निकल रहा था। उसी फ्लोर पर मकान के दूसरे हिस्से में रहने वाले हीरा सिंह के भाई गुरमीत और उनका परिवार वहां मौजूद था। रजत के मुताबिक, किसी ने भी परिवार को बचाने की कोशिश नहीं की। उनके सामने ही पीसीआर और दमकल विभाग को कॉल की गई। इस दौरान रजत, सौरव व अनिल ने कूलर हटाया और खिड़की भी उखाड़ी, लेकिन वह अंदर दाखिल नहीं हो पाए। बाद में जब पुलिस व दमकल की गाड़ियां वहां पहुंचीं तो परिजनों की मौजूदगी में लोहे का दरवाजा तोड़ा गया। अंदर घर के बाथरूम में नीतू और उनके दोनों बेटों लक्ष्य और रॉबिन के शव भीगे हुए मिले।



दोनों कमरों के बाहर हीरा सिंह भी अचेत पड़े थे। सभी के शरीर धुएं की वजह से काले पड़े हुए थे। उनको अस्पताल ले जाया गया, जहां चारों को मृत घोषित कर दिया गया। रजत ने आरोप लगाया कि यदि गुरमीत और उनका परिवार समय पर मदद करता तो शायद उनकी बहन व उनका परिवार जिंदा होता।

**दुखद**

**जब पुलिस व दमकल की गाड़ियां वहां पहुंचीं तो परिजनों की मौजूदगी में लोहे का दरवाजा तोड़ा गया**

**यह है पूरा मामला**

दिल्ली के द्वारका जिले के नजफगढ़ स्थित प्रेम नगर के एक मकान में सोमवार देर रात इन्वर्टर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से एक परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में दंपती और उनके दो बेटे शामिल हैं। इनकी शिनाख्त हीरा सिंह कक्कड़ (48), पत्नी नीतू सिंह कक्कड़ (46) और दो बेटे चिराग (22) उर्फ रॉबिन सिंह और लक्ष्य उर्फ कानू (21) के रूप में हुई है।

**रात 2.04 बजे तक लक्ष्य करता रहा मामा से फोन पर चैट:** रात 12 बजे ही लक्ष्य मोती नगर स्थित अपनी नानी रेनू सूरी के घर से आया था। दरअसल लक्ष्य को मामा रजत के दोनों बच्चों से लगाव था। सोमवार को दोनों अपनी बुआ मेघा के घर गए हुए थे, इसलिए लक्ष्य मामा के यहां नहीं रुका। घर आने के बाद भी मंगलवार को काम के सिलसिले में मामा से फोन पर चैट करता रहा। आखिरी बार उसने 2.04 चैट की। बाद में वह सोने जाने की बात कर चला गया। रजत भी सोने की तैयारी में लगे रहे।

# गरीबों के सिर पर छत का सपना साकार कर रही सैनी सरकार

## मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 15,250 लाभार्थियों को वितरित किए गए प्लॉट आवंटन प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर गरीब के सिर पर छत के सपने को पूरा करने के लिए चलाई गई प्रधानमंत्री आवास योजना की तर्ज पर हरियाणा में गरीब परिवारों के अपने घर के सपने को पूरा करते हुए सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना चलाई है। इस योजना के तहत आज 15,250 लाभार्थियों को प्लॉट आवंटन प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं। जिला रोहतक में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और उन्होंने लाभार्थियों को मौके पर प्लॉट आवंटन पत्र वितरित किए हैं। इसके अलावा, चार अन्य स्थानों नामतः यमुनानगर, पलवल, सिरसा और महेंद्रगढ़ में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए नायब सिंह ने कहा कि आज बड़ा खुशी का दिन है जब गरीब लोगों के अपने घर का सपना पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी डबल इंजन सरकार की गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने वाली और उनका सपना पूरा करने वाली एक पहल है। हमारी सरकार का ध्येय गरीब व्यक्ति के जीवन को सरल बनाना और उन्हें मजबूत करना है, ताकि वे अपने परिवार को आगे बढ़ा सकें और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सकें।





### आज संविधान तो सुरक्षित लेकिन कांग्रेस खत्म हो रही हैः सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि कि विपक्षी दलों ने चुनावों के समय झूठ बोला कि अगर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो वे संविधान, आरक्षण को खत्म कर देंगे। जबकि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री ने इस देश को संविधान के अनुरूप ही चलाया है। आज संविधान तो सुरक्षित लेकिन कांग्रेस खत्म हो रही है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने गरीब परिवार, जिनके घर में नौकरी नहीं थी, उन बच्चों को नौकरी के लिए 5 नंबर देने का प्रावधान किया। लेकिन विपक्ष का भर्ती रोको गैंग गरीब को नौकरी नहीं करने देना चाहता। सरकार की इस व्यवस्था के खिलाफ ये भर्ती रोको गैंग सुप्रीम कोर्ट तक गया। हमनें सुप्रीम कोर्ट में इसकी लड़ाई लड़ी, लेकिन अब फिर हम रि-अपील दायर करेंगे। अगर फिर भी कोई रास्ता नहीं निकला तो हम विधानसभा से कानून बनाकर 5 नंबर देंगे और गरीब के घर पर नौकरी देने का काम करेंगे।

**हमारी डबल इंजन की सरकार निरंतर गरीब को सशक्त करने का कर रही है काम:** नायब सिंह ने कहा कि जिन परिवारों के 2 किलोवाट का कनेक्शन है, उन परिवारों द्वारा जितने यूनिट बिजली की खपत होगी, उतना ही बिल उपभोक्ता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद ये कहा था कि उनकी सरकार गरीब को समर्पित रहेगी और आज हमारी डबल इंजन की सरकार निरंतर गरीब को सशक्त करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता के आर्शिवाद से नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है और अब हरियाणा में भी प्रदेश की जनता हमें आशीर्वाद देने का काम करेगी।

**समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है राज्य सरकार: सुभाष**

सुभाष सुधा ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत प्लॉट आवंटन पत्र मिलने वाले लाभार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जिन परिवारों की आय 1.80 लाख रुपये वार्षिक से कम है, उन्होंने आवेदन किया था और आज मुख्यमंत्री ने ऐसे पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया है।

**गत दिनों गरीब लोगों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉटों के कब्जा प्रमाण दिए:** नायब सिंह ने कहा कि पूर्व की सरकार ने गरीब लोगों को प्लॉट तो दिखा दिए थे, लेकिन न उन्हें प्लॉट दिया, न ही कोई कागज दिया। वे लोग चक्कर काटते रहे। परंतु हमारी सरकार ने उन लोगों की पीड़ा को समझा और यह निर्णय लिया कि हमारी सरकार उन्हें प्लॉट देगी। इसलिए गत दिनों सोनीपत में एक कार्यक्रम किया गया था, जिसमें गरीब लोगों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉटों के कब्जा प्रमाण पत्र सौंपे गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी घोषणा की थी कि जिन गांवों में यदि जमीन उपलब्ध नहीं है तो ऐसे शेष लोगों को प्लॉट खरीदने के लिए उनके खातों में 1-1 लाख रुपये की राशि भेजी जाएगी। इसके अलावा, अधिकारियों को यह निर्देश दिए जा चुके हैं कि अगर कोई पात्र लाभार्थी लाभ लेने से वंचित रह गया है या कोई और नागरिक भी इस योजना का लाभ लेना चाहता है तो इसके लिए एक पोर्टल विकसित किया जाए, ताकि लोग लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकें। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही एक लाख से अधिक श्रम विभाग के पात्र लाभार्थियों को भी विभिन्न योजनाओं के तहत 80 करोड़ रुपये का लाभ दिया गया है।

**हैप्पी योजना के तहत 23 लाख परिवारों को मुफ्त रोडवेज यात्रा का लाभ दिया:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) के तहत 1 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों को हैप्पी कार्ड वितरित किए हैं। प्रदेश में ऐसे लगभग 23 लाख परिवार हैं, जिनमें लगभग 84 लाख सदस्य हैं, उन्हें इस योजना के तहत एक साल के अंदर 1000 किलोमीटर मुफ्त बस यात्रा का लाभ मिल रहा है।

**पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिकः** नायब सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना चलाई गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सोलर पैनल लगाने का खर्च 1 लाख 10 हजार रुपये है।

# ओमप्रकाश कादयान व सुमन कादयान की तीन पुस्तकों का विमोचन

**साहित्य सृजन**

**हरियाणा साहित्य अकादमी के सभागार में हुआ विमोचन कार्यक्रम प्रतीक है, साहित्य सृजन में व्यस्त हैं दोनों**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के सभागार में आज प्रसिद्ध साहित्यकार, यायावर डॉ ओमप्रकाश कादयान का नव प्रकाशित कहानी संग्रह 'सर्दी की एक रात ' तथा लेखिका डॉ सुमन कादयान के दो कविता संग्रह 'महकता मधुमास' व 'कतरा कतरा जिंदगी' का विमोचन किया गया। इन तीनों पुस्तकों का विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि , पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, भठिंडा के चांसलर प्रो जगबीर सिंह तथा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के वाइस चेयरमैन डॉ कुलदीप चन्द अग्निहोत्री , संस्कृत प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ सीडीएस कौशल ने किया। इस मौके पर हरचरण सिंह ग्रेवाल, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव डॉ रमणीक सिंह मान, बिजेंद्र कुमार, मनीषा नांदल, प्रोफेसर अरुण शर्मा, डॉ धर्मेंद्र सिंह, धर्मपाल सिंह, बेनीवाल संगीता बेनीवाल, अकादमी के कोर्डिनेटर बिजेंद्र कुमार ने किया। कई विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, शोध लेखक, साहित्यकार, साहित्य प्रेमी मौजूद थे। मुख्य अतिथि व चांसलर प्रो जगबीर सिंह ने डॉ ओमप्रकाश कादयान व डॉ सुमन कादयान को पुस्तक प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं व बधाइयां दी तथा कहा साहित्यकार अपने लेखन के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन करता है। वह जो लिखता है समाज को सही दिशा देने के लिए निस्वार्थ भाव से लिखता है। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के वाइस चेयरमैन डॉ कुलदीप चन्द अग्निहोत्री ने कहा कि अच्छा साहित्य पाठकों को प्रभावित करता है तथा समाज पर सकारात्मक असर डालता है। आज के माहौल में साहित्यकार का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि डॉ ओमप्रकाश कादयान व डॉ सुमन कादयान लम्बे समय साहित्य सृजन में व्यस्त हैं। इन्होंने लोक साहित्य व संस्कृति पर भी महत्वपूर्ण कार्य किया है। डॉ ओमप्रकाश कादयान एक घुमक्कड़ प्रवृत्ति के लेखक हैं। इन्होंने देशभर में सौ से अधिक यात्राएं की हैं। डॉ कुलदीप अग्निहोत्री ने दोनों लेखकों को शुभकामनाएं दी।

## मुख्यमंत्री करेंगे 20 परिवादों की सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह कल 27 जून को जिला गुरूग्राम के दौरे पर रहेंगे। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री 27 जून को गुरुग्राम में सुबह 9 बजे सिविल लाइंस स्थित जिला परिषद के स्वतंत्रता सेनानी सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करेंगे और 20 परिवादों की सुनवाई करेंगे।

## सीएम की अध्यक्षता में हुई एचपीपीसी और डीएचपीपीसी की बैठक

**लिए गए निर्णय**

**पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने हेतु पाइप की खरीद के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपए की दी गई मंजूरी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में गत दिवस में हुई हाई पावर परचेज कमेटी (एचपीपीसी) की बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए। प्रदेश में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने हेतु पाइप की खरीद के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। इसके अलावा, स्कूलों में विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने के दृष्टिगत साइंस स्ट्रीम के 729 क्लस्टर स्कूलों में जल्द ही बायोलॉजी और केमिस्ट्री लैब में नए उपकरण लगाए जाएंगे, इसके लिए लगभग 30 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही, जनरल साइंस लैब के लिए भी लगभग 10 करोड़ रुपए के उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, कॉलेजों के लिए भी 3836 कंप्यूटर की खरीद हेतु भी लगभग 24 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्क शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और विज्ञान, गणित विषयों पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

**बैठक में कुल लगभग 1500 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट और वस्तुओं की खरीद को दी गई मंजूरी**

उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) और विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) की बैठक में कुल मिलाकर 1500 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 72 करोड़ रुपये की बचत की गई है। बैठक में कैबिनेट मंत्री कंवर पाल, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह, जे पी दलाल, डॉ बनवारी लाल, राज्य मंत्री सीमा त्रिखा, महिपाल ढांडा और असीम गोयल नन्यौला भी उपस्थित रहे। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, उच्चतर शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, विकास एवं पंचायत, परिवहन विभाग और पुलिस के कुल 31 एजेंडे रखे गए थे। इनमें से 27 एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई.बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अंचल में किए जा रहे प्रकल्पों जैसे योग एवं व्यायामशालाएं, लाइब्रेरी बनाना व वेलनेस सेंटर इत्यादि बनाए जा रहे हैं।

## हमारी सरकार का उद्देश्य हर सिर को मिले छतः कृषि मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़ः हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जगाधरी, करनाल व पिंजौर के 4203 लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर वितरित किए और कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य है कि हर सिर को छत मिले और प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। वे बुधवार को जगाधरी की अनाज मंडी में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर वितरित करने के बाद सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कंवर पाल ने जगाधरी के 3139, करनाल के 521 और पिंजौर के 543 लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर वितरित करने की शुरूआत की। कृषि मंत्री ने इस मौके पर कहा कि केंद्र व राज्य सरकार गरीब परिवारों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास कर रही है। जिस व्यक्ति के पास अपना मकान नहीं है उसके सपने को साकार करने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में प्लॉट अलॉटमेंट लेटर वितरित किए जा रहे है। कुछ ही समय पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करीब 9000 ग्रामीण लोगों को उनके मालिकाना हक के पत्र दिए थे।

## भाजपा सरकार गरीबों का हक नहीं मरने देगी: सीएम

**गरीब हित में कार्य**

**चाहे सुप्रीम कोर्ट में दोबारा जाना पड़े या नया कानून लेकर आना पड़े : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकारी नौकरियों की भर्ती में सामाजिक आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर पांच अंक के प्रावधान को कायम रखने की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक हारने के लिए कांग्रेस को ही जिम्मेदार बताया है ।सैनी ने बुधवार को कहा कि वे रोहतक की जमीं से हुड्डा को कहना चाहते हैं कि कांग्रेस की भर्ती रोके गैंग ने गरीबों के पांच अंक कटवाए हैं, लेकिन भाजपा सरकार गरीबों का हक नहीं मरने देगी। चाहे सुप्रीम कोर्ट में दोबारा जाना पड़े या नया कानून लेकर आना पड़े। मुख्यमंत्री बुधवार को एमडीयू के टैगोर सभागार में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत एक लाख 80 हजार से कम आय वर्ग के परिवारों को 30-30 गज के प्लाट देते समय लोगों को संबोधित कर रहे थे। नायब सैनी ने कहा कि सरकार ने गरीब व्यक्ति को घर बनाने के लिए 30-30 गज के प्लाट देने की योजना तैयार की थी।



क्योंकि अपना घर तो अपना ही होता है। इसके लिए पहले गांवों में 100-100 गज के प्लाट दिए, इसके बाद शहर में लोगों को 30-30 गज के प्लाट दिए हैं। उन्होंने कहा कि वैसे तो प्रदेश में हर जगह जाकर कहते हैं कि कांग्रेस की भर्ती रोको गैंग ने ही गरीबों के पांच अंक कटवाए हैं, लेकिन आज रोहतक की जमीं पर खड़े होकर कहता हूं कि कांग्रेस कुछ भी कर ले, गरीबों का हक नहीं मरने दूंगा।

चाहे सुप्रीम कोर्ट में दोबारा जाना पड़े या नया कानून लेकर आना पड़े। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यह अफवाह फैला रहे हैं कि भाजपा की तो केवल दो माह की सरकार रह गई है, लेकिन याद रखें भाजपा तीसरी बार गरीबों के सहयोग से सरकार बनाएगी।

## सर्विस चार्टर ना लगा होने के कारण बंद किए दो सीएससी सेंटर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** सीएससी प्रबंधन की ओर से पटौदी शहर के वार्ड-7 व वार्ड-11 में बने सीएससी सेंटर पर सरकारी सेवाओं की सूची और सीएससी सेंटर के नाम का बोर्ड नहीं लगाने पर उन्हें कैंसिल कर दिया गया है। इन दोनों सेंटर पर अब सरकारी योजनाओं के लिए कोई आवेदन नहीं किया जा सकेगा। हरियाणा सरकार की ओर से ये निर्देश दिए गए हैं कि सभी सीएससी सेंटर्स पर सर्विस चार्टर और सीएससी का बोर्ड लगा हुआ होना चाहिए। पटौदी शहर में दो सेंटर पर किसी प्रकार का सीएससी से संबधित बोर्ड लगा हुआ नहीं था।

## रेवाड़ी में बड़ा हादसा, जिंदा जलकर चार लोगों की मौत

**हादसा**

**घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फैक्ट्री में पचास से ज्यादा श्रमिक काम कर रहे थे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**भिवाड़ी: खुशखेड़ा औद्योगिक** क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में लगी आग से चार श्रमिकों की जलकर मौत हो गई, जबकि 12 श्रमिक घायल हुए हैं। इस हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिक यूपी व जम्मू कश्मीर के रहने वाले हैं। घायलों को भिवाड़ी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने के दौरान फैक्ट्री में पचास से ज्यादा श्रमिक काम कर रहे थे।

**आग लगने से फैली दहशत:** वहीं आग लगने से फैक्ट्री में चारों तरफ मलबा दिखाई दे रहा है और सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना के बाद से मौके पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी नजर बनाए हुए हैं।



**12 मजदूर हुए घायल:** जानकारी के अनुसार खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित वर्तिका केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में शार्ट सर्किट से आग लगने से चार लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई थी,जबकि 12 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा कई घायल मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

**मरने वालों की हुई पहचान:** हादसे में मरने वालों की पहचान जम्मू कश्मीर के रहने वाले राजकुमार, उतरप्रदेश के मिजार्पुर जिला निवासी अजय कुमार के अलावा विकास कुमार, विशाल शामिल हैं। चारों शवों को टपूकड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया गया है। कंपनी के मालिक कमल नयन त्रिपाठी अभी तक मौके पर नहीं पहुंचे हैं।

**तीन मरीज आईसीयू में भर्ती:** बताया जा रहा है कि तबीयत खराब होने के कारण दिल्ली में किसी अस्पताल में भर्ती हैं। खुशखेड़ा स्थित बीएसएस अस्पताल के संचालक डाक्टर नरेंद्र शेखावत ने बताया कि उनके अस्पताल में कंपनी में जलने से घायल आठ मरीजों को भर्ती करवाया गया, जिनमें से तीन मरीज आईसीयू व दो मरीज इमरजेंसी वार्ड में है।

**ये सभी हुए घायल:** वहीं घायलों के सज्जन (40) निवासी विकास नगर धारूहेड़ा, नवीन कुमार (38) निवासी कोटकासिम, शैलेश कुमार (30) निवासी मैनपुरी यूपी को आईसीयू में भर्ती किया गया है। अवनेश कुमार (21) निवासी उत्तर प्रदेश के संभल और रंजीत (23) निवासी मिजापुर को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया है।

## फोटोयुक्त मतदाता सूची का संक्षिप्त संशोधन कार्यक्रम जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती हेमा शर्मा ने कहा कि त्रुटि रहित व स्टीक फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करवाना मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय का लक्ष्य है, क्योंकि वही व्यक्ति चुनाव में अपने वोट का प्रयोग कर सकता है, जिसका नाम मतदाता सूची में हैं। श्रीमती हेमा शर्मा आज आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर चुनावी तैयारियों को लेकर बुलाई गई राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि ज्यों ही 25 जुलाई को समेकित ड्रफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित होती है, वे मतदाता सूची का अध्ययन करें और यदि किसी प्रकार की कोई विसंगति पाई जाती है, जैसेकि पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में न होना, मृतक का नाम मतदाता सूची में होना या स्थान छोड़कर जा चुके किसी व्यक्ति का नाम होना इत्यादि, तो वे अपने बूथ लेबल एजेंट या किसी अन्य पदाधिकारी से निर्धारित फार्म 6, 7 व 8 भरकर बीएलओ को दें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम जारी किया है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने अंत्योदय परिवारों को सौंपे प्लॉट के प्रमाण पत्र

**आवास योजना**

**घर का सपना साकार होने की दिशा में कारगर है मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना : डा. कमल गुप्ता**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में "मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना" के अंतर्गत आज सिरसा में भी इस जिला के अनुसूचित जाति से संबंधित, विधवा महिलाओं व घुमंतू जाति से संबंधित गरीब परिवारों के लाभार्थियों को 30-30 वर्ग गज के प्लॉट के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह में हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस अवसर पर रोहतक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। ये प्रमाण पत्र जिला सिरसा के 853 व फतेहाबाद जिला के 195 लाभार्थियों को दिए गए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के स्वप्न की ओर महत्वपूर्ण कदम है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अंत्योदय की भावना से कार्य करते हुए गरीब परिवारों को हर संभव सहायता मुहैया करवाई जा रही है। सभी को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा, बिना भेदभाव के विकास कार्य, हर पात्र व्यक्ति को योजना का सीधा लाभ, पेयजल, बिजली आदि की दिशा में सरकार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा हाउसिंग फॉर ऑल विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में रहने वाले अंत्योदय परिवारों के लोगों के लिए मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले अंत्योदय परिवारों को शहरी क्षेत्र में 30-30 वर्ग गज के प्लॉट दिए जा रहे है।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई स्टीयरिंग कमेटी की बैठक

**मंजूरी**

**कमेटी ने 2024-25 हेतु वार्षिक संचालन योजना के लिए 115.39 करोड़ रुपये के बजट को दी मंजूरी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद की अध्यक्षता में आज यहां ग्रीन इंडिया मिशन के तहत राष्ट्रीय वनरोपण कार्यक्रम (एन.ए.पी.) की राज्य वन विकास एजेंसी (एस.एफ.डी.ए.) की स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ग्रीन इंडिया मिशन (जी.आई.एम.) के लिए वार्षिक संचालन योजना (ए.पी.ओ.) को मंजूरी दी गई।

हरियाणा में, शिवालिक और मैदानी क्षेत्रों के लिए इस योजना को मंजूरी दी गई है। शिवालिक क्षेत्र में तीन जिले-पंचकूला, यमुनानगर और अंबाला शामिल जबकि मैदानी क्षेत्र में 11 जिले-कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर, रोहतक, जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा और कैथल शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य वन क्षेत्र को बढ़ाना, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं में सुधार करना और विभिन्न क्षेत्रों में कृषि वानिकी तथा सामाजिक वानिकी को बढ़ावा देना है। कमेटी द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु ए.पी.ओ. के लिए 115.39 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई, जिसमें मैदानी क्षेत्रों (प्लेन लैंडस्केप) के लिए 85.34 करोड़ रुपये और शिवालिक क्षेत्रों के लिए 30.05 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। बैठक के दौरान बताया गया कि ग्रीन इंडिया मिशन ने हरियाणा में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो अपनी परिदृश्य-आधारित योजना और कार्यान्वयन रणनीति के हिस्से के रूप में शिवालिक और मैदानी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।



पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा इन क्षेत्रों के लिए परिप्रेक्ष्य योजना को मंजूरी दे दी गई है तथा आवश्यक धनराशि भी मुहैया करा दिया है। शिवालिक क्षेत्र में, वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 1,706 हेक्टेयर क्षेत्र को लक्षित किया गया, जिसे सफलतापूर्वक हासिल भी किया गया। इसमें 800 हेक्टेयर में अग्रिम कार्य और 906 हेक्टेयर में सृजन गतिविधियां शामिल हैं। इसी तरह, मैदानी क्षेत्र में, कुल लक्षित क्षेत्र 1,204 हेक्टेयर था, जिसमें से 978.5 हेक्टेयर का लक्ष्य हासिल किया गया। इसमें 540 हेक्टेयर में अग्रिम कार्य और 427 हेक्टेयर में सृजन गतिविधियां शामिल हैं। ये उपलब्धियाँ सतत वन प्रबंधन और पारिस्थितिकी तंत्र बहाली के लिए हरियाणा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। शिवालिक क्षेत्र में, यमुनानगर, अंबाला और मोरनी-पिंजौर जैसे विशिष्ट मंडलों ने अपने लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से हासिल किया है। यमुनानगर मंडल ने 178 हेक्टेयर अग्रिम कार्य और 381 हेक्टेयर सृजन का लक्ष्य हासिल किया है। अंबाला और मोरनी-पिंजौर मंडलों में भी इसी तरह की सफलता मिली है।

## न्यूज फ्लैश

### जनसंवाद में आई मांगों व शिकायतों पर अभियंता दें त्वज्जो : अभिषेक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बुधवार को नगर निगम के सभागार में आयोजित हुई अभियांत्रिकी शाखा की एक समीक्षा बैठक में निगम अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने वार्ड से सम्बंधित जन संवाद पोर्टल पर आई मांगों व शिकायतों पर त्वज्जो लेकर कार्य करें। उन्होंने इन कार्यों की रूटिन के कार्यों से अलग सूची बनाने और इन्हें प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने को कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत ऑवर ड्यू नहीं होनी चाहिएं। उन्होंने अभियंताओं से कहा कि जन संवाद पोर्टल पर आई मांगों पर निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनकी एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं को भी निर्देश दिए कि वह स्वयं भी इन कार्यों की निगरानी रखें और कनिष्ठ अभियंताओं के साथ साप्ताहिक बैठक करें। समीक्षा बैठक में उन्होंने शहर में चल रहे विकास कार्यों को भी तय समय सीमा में पूरा करवाने के निर्देश सम्बंधित कार्यकारी अभियंताओं को दिए। उन्होंने कहा कि कनिष्ठ अभियंता ज्यादा समय फील्ड में लगाएं। जो विकास कार्य 70 से 80 प्रतिशत तक हो गए हैं, उन्हें जल्द से जल्द मुकम्मल करवाया जाए, ताकि नागरिकों को उनका लाभ मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यकारी अभियंता सम्बंधित वार्डों के बागवानी कार्यों को भी देखेंगे। मानसून नजदीक, तैयारी रखें पूरी- निगमायुक्त ने बैठक में सभी अभियंताओं को निर्देश दिए कि मानसून नजदीक है, सभी अभियंता पूरी तैयारी करके रखें। उन्होंने कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने वार्ड में सभी छोटे-बड़े नालों की एक बार पुनः जांच कर लें, कोई भी नाला बिना साफ-सफाई के नहीं रहना चाहिए। कहीं पर भी ब्लोकेज की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि बारिश के समय शहर में जल भराव नहीं होना चाहिए। विकास कार्यों की निगरानी में न मिले खामी- निगमायुक्त ने सभी अभियंताओं को स्पष्टद्द किया कि संयुक्त आयुक्त द्वारा विकास कार्यों की की जा रही निगरानी में निर्माण सामग्री व गुणवत्ता को लेकर कोई खामी नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे में खामी सामने आती है तो सम्बंधित कनिष्ठद्द अभियंता की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### 10 किलोमीटर साइकिल चलाकर दिया नशे से दूर रहने का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के कुशल नेतृत्व में चलाए गए नशा मुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतिम दिन आज अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जिला पुलिस द्वारा साईकलोथोन रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में पुलिस अधीक्षक ने 400 से ज्यादा साइकलिस्टों के साथ मिलकर करीब 10 किलोमीटर साईकिल चलाकर शहरवासियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर लोगों को नशे के विरूद्ध जागरूक करने के लिए इस साईकलोथोन रैली का आयोजन किया गया है।

# प्रीतमपुरा में बनेगा आई.पी.एस. : नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा

### राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक में मशीनरी खरीदने का लिया गया निर्णय



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** अमरूत प्रोजेक्ट के कार्यों को जल्द पूरा करने के लिए बुधवार को नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में स्टेट लेवल टेक्नीकल कमेटी (एस.एल.टी.सी.) की सब कमेटी की एक बैठक नगर निगम कार्यालय के सभागार में की गई। बैठक में निगम के अधीक्षण अभियंता अरविंद रोबिला, कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा तथा सम्बंधित इंजीनियर, निर्माण एजेंसी और थर्ड पार्टी एजेंसी वेबकॉस के प्रतिनिधि शामिल हुए।

यह हुआ निर्णय- राज्य स्तरीय तकनीकी समिति-उप समिति की मीटिंग में निर्णय लिया गया कि प्रीतमपुरा क्षेत्र के सीवरेज पानी के निर्वहन के लिए यहां एक इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए सिंचाई विभाग से एन.ओ.सी. ले ली गई है। बैठक में आई.पी.एस. के लिए पम्प, डी.जी. सेट तथा पैनल इत्यादि मशीनरी खरीदने के लिए नगर निगम आयुक्त द्वारा अनुमोदित किया गया। इसमें अलग-अलग अश्व शक्ति की मोटरें लगाई जाएंगी। इसके निर्माण के बाद आई.पी.एस. को फूसगढ़ स्थित 20 एम.एल.डी. सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को जाने वाली लाईन के मेन होल से जोड़ दिया जाएगा। इससे प्रीतमपुरा क्षेत्र में सीवरेज पानी की पर्याप्त निकासी हो सकेगी। स्टोरम वाटर के 2 आई.पी.एस. चालू- बैठक के माध्यम से निगमायुक्त ने बताया कि अमरूत स्कीम के हैरीटेज व मीरा घाटी स्थित स्टोरम वाटर के इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन चालू हैं। उन्होंने शेष दो, हकीकत नगर व सैदपुरा आई.पी.एस. को आगामी 15 दिनों में कार्य पूरा की एजेंसी को अंतिम तारिख दी। शिव कॉलोनी 8 एमएलडी एस.टी.पी. जल्द करें पूरा- बैठक में उन्होंने शिव कॉलोनी स्थित 8 एम.एल.डी. सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य कर रही एजेंसी को निर्देश दिए कि इसे आगामी 31 अगस्त तक पूरा कर कार्यात्मक करके दें। उन्होंने बताया कि इसका 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष मकेनिकल वर्क यानि यांत्रिक कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

## नशीली दवाओं के प्रयोग पर रोकथाम के लिए निकाली रैली




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रधान उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। रेडक्रॉस के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि उक्त दिवस के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन करनाल और रेड क्रॉस द्वारा कर्ण पार्क में आए लोगों को नशीली दवाओं के प्रयोग के कारण उनका दुष्प्रभाव हमारे परिवार और समाज पर आर्थिक व शारीरिक रूप से प्रभाव डालता है। इसी कड़ी में आज इन नशीली दवाओं के प्रयोग पर रोकथाम लगाने के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर नशीली दवाओं तथा अवैध तस्करी पर रोकथाम लगाने को लेकर भी एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मानव जीवन को भविष्य में भी कैसे बचाया जा सके।

## समाधान शिविरों में हुआ 20 शिकायतों का निपटारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ऐसे ही शिविर नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। इन शिविरों में 20 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। अधिकारियों ने सुबह 9 से 11 बजे तक लोगों की शिकायतें सुन उनका उचित समाधान किया। करनाल में आयोजित शिविर में छह मामले निपटाये गए। सार्थक ग्रोवर ने जुमार्ना अदा करने पर भी संबंधित अथॉरिटी द्वारा ड्राइविंग लाईसेंस न लौटाने की शिकायत की थी। उनकी शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अल्फासिटी निवासी रींपी की नई प्रॉपर्टी आईडी में नाम व पता दर्ज करने, घरौंडा के देवव्रत और करनाल के पवन कुमार की आय संशोधन संबंधी शिकायत का भी निपटारा किया गया।

## नशे के कारण सेहत पर पड़ता है बुरा असरः डा. मनन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार के निदेर्शानुसार एवं उप सिविल सर्जन डा. सिम्मी कपूर के मार्गदर्शन में बुधवार को गांधी फामेर्सी कॉलेज में जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में एक कैम्प का आयोजन किया गया। जिला नागरिक अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. मनन द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई शराब, तम्बाकु, गुटखा, सिगरेट की लत एवं नशीले मादक द्रव्यों, पदार्थों के दुष्परिणामों से समाज को अवगत कराना है। ताकि मादक द्रव्य एवं मादक पदार्थों से समाज में बढ़ती हुई मद्यपान, तम्बाकू, गुटखा, सिगरेट की लत एवं नशीले मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए उचित वातावरण एवं चेतना का निर्माण हो सके। उन्होंने बताया कि लत यानि एडिक्शन एक मानसिक बीमारी है। जो एक ही पदार्थ के ज्यादा प्रयोग करने से होती है। व्यक्ति जानता है कि इसका स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। फिर भी वह इसका प्रयोग करता है। नशे से संबंधित सही जानकारी शेयर कर जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ड्रग लेने से न केवल धन की हानि होती है, बल्कि कई बीमारियां घर कर जाती है। इससे मानसिक और शारीरिक सेहत पर बुरा असर पड़ता है और साथ ही यह भी बताया कि नशा छुड़वाने के लिए जिला नागरिक अस्पताल में इलाज करवाएं। उन्होंने बताया कि कैंप में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आए बच्चों को पुरूस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त एक रैली का भी आयोजन किया गया। इस कैंप में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों को आईसी, स्टेशनरी व अल्पाहार वितरित किए गए।

## समाधान शिविर में अब तक 1104 शिकायतें पहुंची, 324 का मौके पर ही समाधान



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए उनका निराकरण किया जा रहा है ताकि लोगो को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बुधवार को लघु सचिवालय में आयोजित हुए समाधान शिविर में 78 नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे जिनकी सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने 21 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया और बाकी 57 शिकायतों समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को बुलाकर उनका समाधान करने के लिए दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में 10 जून से अब तक कुल 1104 शिकायतें आई हैं, जिनमें से 324 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा चुका है और 780 शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को अधिकारी पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं और साथ में समस्या की वर्तमान स्थिति भी पोर्टल पर अपडेट की जा रही है। समाधान शिविर में अब तक रखी गई ज्यादातर शिकायतों का समाधान किया जा चुका है व जो लंबित हैं उनका भी समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाएगा। बुधवार को समाधान शिविर में आई अधिकतर शिकायतें परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन व अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित थी। उन्होंने बताया कि लोगों को अपनी शिकायतों का निवारण करवाने के लिए समाधान शिविर के रूप में बेहतर मंच मिला हैं जहां सभी अधिकारी एक छत के निचे बैठकर लोगों की शिकायतों का निवारण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान किया जाए। इन समाधान शिविरों के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हर नागरिक को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुंच प्राप्त हो और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। उन्होंने बताया कि सभी एसडीएम भी अपने कार्यालय में सुबह 09 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाकर लोगों की शिकायतें सुनते हैं। समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे गांव राठधना निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उसके वोट कार्ड में जन्म तिथि गलत हो गई थी, जिसको लेकर आज उन्होंने उपायुक्त के समक्ष जन्म तिथि सही करवाने के लिए अपनी शिकायत रखी, जिसपर उपायुक्त ने मौके पर ही समाधान करवाया।

### अब नैशनल हाइवे पर 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी दो एम्बुलेंस: राजेश सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** अब राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (एनएचएआई) पर दो एम्बुलेंस की 24 घंटे सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इन सुविधाओं का फायदा उठाने के लिए टोल फ्री नम्बर 1033 पर डायल करना होगा। इन दोनों एम्बुलेंस की सेवाएं घरौंडा के गांव कोहण्ड से लेकर मधुबन पुलिस अकादमी के बीच होने वाली सडक दुर्घटनाओं के घायलों को मिल पाएगी। अहम पहलू है कि एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी के प्रयासों से एनएचएआई पर एम्बुलेंस की सेवाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। हुआ यूं कि दो दिन पहले एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी करनाल उपायुक्त कार्यालय से वापिस घरौंडा जा रहे थे।

## कुंभकरण नींद में सोया निगम प्रशासनः सुरेंद्र पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि नगर निगम प्रशासन कुंभकरणी नींद सोया हुआ है, शहर में चारों तरफ हाहाकार मची हुई हैं। बीते दो दिन पहले आधे घंटे की बारिश ने नगर निगम के दावों की कलई खोल कर रख दी है। जहां प्रशासन पानी निकासी के पुख्ता दावे कर रहा था लेकिन आधे घंटे की बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया। प्रशासन व सरकार के झूठे वादों से आम जनता इतनी परेशान हो चुकी है कि वह सड़क पर उतरने को मजबूर है। शहर के सभी वार्डों के लंबित कार्यों को सिरे नहीं चढ़ाया गया व पानी निकासी की व्यवस्था को पुख्ता नहीं किया गया तो सभी पार्षदों व शहरवासियो के साथ सख्त कदम उठाने में पीछे नहीं हटेंगे। विधायक सुरेंद्र पवार कांग्रेस भवन सोनीपत में सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर व पार्षदों के साथ पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे।




विधायक सुरेंद्र पंवार ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि नगर निगम आज हर समस्या के समाधान में विफल साबित हो रहा है, चाहे सीवरेज व्यवस्था की बात हो, पेयजल व्यवस्था की बात हो, सड़कों की हालत हो, गलियों की दशा हो, हर जगह शहर वासी परेशान परेशानी झेल रहे हैं। जब अधिकारियों को समस्याओं के बारे में बताया जाता है तो वह एक दूजे पर काम डाल देते हैं, कई बड़े प्रोजेक्ट भी अधर में लटके हुए हैं। विधायक सुरेंद्र पवार ने हाउस की मीटिंग पर बोलते हुए कहा कि करीब चार साल में सिर्फ चार मीटिंग मुश्किल से हुई है, मीटिंग की तिथि फिक्स कर दी जाती है लेकिन मौके पर उसको कैंसिल कर दिया जाता है। यदि सदन की बैठक नहीं होगी तो किस तरह शहर के विकास कार्यों पर चर्चा होगी व उन्हें पूरा करवाया जाएगा। अभी तक हाउस की जितनी भी मीटिंग हुई है उनमें जो प्रस्ताव पास हुए हैं वह भी अधिकांश आधार में लटके हुए हैं। लेकिन उसमें भी किसी अधिकारी की कोई जवाबदेही तय नहीं है। मगर निगम पूर्ण रूप से फेल होता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि लाइन पार एरिया में पेयजल व्यवस्था को सुधारने के लिए ककरोई नहर से पेयजल लाइन बिछाई जा रही है वह भी कार्य आज तक पूरा नहीं हुआ, जिसकी वजह से शहरवासी परेशानी झेल रहे हैं। नगर निगम को बने 10 साल हो चुके हैं लेकिन अभी तक सरकार ने बजट का कोई प्रावधान नहीं किया हैं। नगर निगम में शामिल 13 गाँवों को टेक्स्ट फ्री कहकर शामिल किया गया था, लेकिन आज उन गांव में भी टैक्स के नोटिस भेजे जा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में जो पैसे थे उस पैसे का भी कोई पता नहीं हैं। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि उन्होंने बार-बार विधानसभा में नगर निगम में शहर के विकास कार्यों के लिए एक विशेष पैकेज देने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने एक रुपया भी नगर निगम को अपने खाते से नहीं दिया।

## एसडीएम ने 21 लोगों की सुनी समस्याएं, मौके पर ही किया निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम संजीव कुमार ने आज समाधान शिविर में 21 लोगों की शिकायतें सुनी इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया व बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज कर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए।



सरकार के निदेर्शानुसार चल रहे समाधान शिविर में अब हर रोज सुबह 9 से 11 बजे तक उप मंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। अब प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो सकेगी।

**उत्तर रेलवे**

आजादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

उप. मुख्य विद्युत अभियता/गति शक्ति इकाई/दिल्ली, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली-110055 ने अधोविख्यातकाम के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है अतः दिनांक 27.06.2024 को इसे आईआरईपीएस की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य और स्थान का नाम | तुगलकाबाद और शकूरबस्ती में माल ढुलाई परीक्षा केंद्रों पर विद्युत बुनियादी ढांचे में वृद्धि और सुधार |
| 2 | निविदा सूचना संख्या | 18-DyCEE-GSU-DLI-24-25 |
| 3 | बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए) | रु. 2,41,400.00/- |
| 4 | लगभग काम की लागत | रु. 1,90,81,337.00/- |
| 5 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय अब | दिनांक 27.06.2024 को आईआरईपीएस वेब साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर निविदाएं अपलोड की हैं। निविदादाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 18.07.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज पहले | विस्तृत ई-निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेब साइट यानी www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेब साइट यानी www.ireps.gov.in पर 03.07.2024 से 18.07.2024 तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। |

No. 18-Dy.CEE-GSU-DLI-24-25 Dated: 26.06.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1916/24

**!! रस्म तेरहंवी !!**



**स्व. कृष्णा देवी**

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माता जी
श्रीमती कृष्णा देवी धर्मपत्नी श्री रामनारायण कौशिक
का स्वर्गवास दिनांक 19 जून 2024 को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रृद्धांजलि सभा एवं रस्म तेरहंवी का आयोजन निम्न कार्यक्रमानुसार है।

दिनांक : 28 जून, 2024 दिन शुक्रवार
ब्रह्मभोज : दोपहर 11:00 बजे
स्थान : पटेलनगर गली न. 4/12 (चुंगी वाली गली) सोनीपत

**शोकाकुल :**
संजय 9813479103 (सुपुत्र)
सीतराम 9671506381 (सुपुत्र)
तरूण कौशिक, मनीष (सुपौत्र)
नितिश कौशिक (सुपौत्र)
गीतांश (सुपौत्र)

M : 9813479103, 9671506381, 9817721758

# संपादकीय

## भाग्य को जिजीविषा से सफल बनायें

**मनुष्य** को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानव अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा 'इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी' कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है' जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है।

# आप माननीय हैं ! संसद की गरिमा का ख्याल रखें

प्रभुनाथ शुक्ल

"भारत माता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में लिया और शपथ ग्रहण के बाद जय संविधान का नारा लगाया"

**आप** माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया वह हमारी वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूश कर रहों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लाँघता दिखा। 18 वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ लिया, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं बरिष्ठ माननीयों को छोड़ । शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा।

माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के गरूर में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूसूरती हासिए पर रहीं जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदु है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं यह अपने आप में विचरणीय बिंदु है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोटबैंक और सत्ता की लालच में वैचारिक विभाजन के जरिए सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है। जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी



ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार-तार किया वह अपने आप में काबिले गौर है। भारत माता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में लिया और शपथ ग्रहण के बाद जय संविधान का नारा लगाया। यह उनकी बचकानी हरकतें हैं। वह पुराने सदस्य हैं उन्हें राजनीतिक स्टंट से दूर रहना चाहिए। अपने गंभीर व्यक्तित्व का परिचय देना चाहिए, उस स्थिति में जब वे विपक्ष के नेता चुने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से पहली बार विजई हुए चंद्रशेखर आजाद रावण ने एक साथ कई नारे बुलंद की जिसमें नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, जय जवान, जय किसान, भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद, भारत की महान जनता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस भी सत्ता और विपक्ष के सांसदों के बीच निकझोंक हुई। रावण बसपा यानी मायावती को कमजोर होता देख दलितों को खुद का मसीहा दिखाने के लिए तेवरदार राजनीति का नैरेटिव गढ़ रहे हैं। उनकी राजनीति वोटबैंक के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन समाज और ब्यवस्था के लिए बिल्कुल नहीं।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भाजपा सांसदों ने जमकर धार्मिक नारों का उपयोग किया। बरेली सीट से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने जहां जय हिंदू राष्ट्र का नारा दिया। वहीं मेरठ से टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल जय श्रीराम का जयघोष किया। विपक्ष ने दोनों सांसदों के नारे का प्रचुर विरोध किया। अरुण गोविल के जय श्री राम नारे के विरोध में समाजवादी पार्टी के सांसदों ने जय अवधेश नारा बुलंद किया। क्योंकि अयोध्या की फैजाबाद सीट से अवधेश कुमार निर्वाचित हुए हैं। इस सीट पर बीजेपी की हार को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है और अयोध्या के लोगों पर सोशलमीडिया पर टिप्पणियां की जा रही है। जबकि मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शपथ ग्रहण के बाद राधे-राधे कर लोगों का अभिवादन किया। क्योंकि वह मथुरा से चुनकर आती हैं और मथुरा भगवान कृष्ण से जड़ा है। शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए। जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए। पूर्वांचल की भदोही लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद डॉ विनोद बिंद ने जय बिंद, समाज, जय निषाद जैसे जातिवादी नारों का प्रयोग किया। देवरिया से संसद पहुंचें शशांक मणि ने अपने अंतिम उद्बोधन में जय देवरिया का नारा लगाया। सांसदों ने जय श्रीराम, राधे-राधे, जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना जय महाराष्ट्र, जय शिवाजी जैसे अनगिनत नारे भी बुलंद किए। देश के विभिन्न हिस्सों से चुनकर आए माननीय सांसदों का व्यवहार संसद के प्रति कितना उत्तरदायि था यह कहना बड़ा मुश्किल है। पुराने और कई बरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाय तो अधिकांश माननीयों ने शपथ के दौरान संसद और लोकतंत्र की के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश की मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। अब वक्त आ गया है जब शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए। जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता। शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। अगर जिंदाबाद करना है तो सिर्फ भारत माता और संविधान की करिए। सत्ता हो या विपक्ष सभी को इस मयार्दा का ख्याल रखना चाहिए। सरकार को आगे आकर मानसून सत्र में इस पर गंभीर चर्चा करानी चाहिए। विपक्ष को इस पर सहयोग करना चाहिए। क्योंकि यह सवाल सिर्फ सत्ता -विपक्ष का नहीं बल्कि देश, संसद और लोकतंत्र का है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक विशेष नियम और कानून की व्यवस्था होनी चाहिए। जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का इजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मयार्दा के खिलाफ है।

# कविता

## आओ इन शब्दों से आज नया पैगाम दूं।

आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ ,
उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।

पैगाम है मेरे तेरे नाम न जाने कितने ,
प्यार में तेरे उन्हें रंगीन अंजाम दूँ,।

हकीकत बड़ी कठोर,बेदिल,बेरहम है,
मौशिकी का तुझे,एक खनकता जाम दूँ,।

आज मिले हैं, कल शायद जुदा भी होंगे,
गमगीनी में तुझे,विदाई खुले-आम दूँ.।

मोहब्बत की कई दास्ताने अमर हुई है,
आओ इन शब्दों से आज नया पैगाम दूं।

इश्क तेरे नाम से शुरू, वही से खत्म ।
तू ही बता संजीव इसे क्या नाम दूं।

संजीव
---------

## कल्पनाओं को साकार करती कृत्रिम बुद्धिमत्ता

डॉ. सत्यवान सौरभ

**एआई** के अनुप्रयोग का दायरा बढ़ता जा रहा है और ये अधिक विशाल होता जा रहा है, ये ऊर्जा की खपत को अनुकूलित करने से लेकर परिवहन के ऐसे रूपों में भी योगदान दे रहे हैं, जिससे समाज का भला हो।स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में, एआई ने मेडिकल इमेजिंग को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वित्तीय उद्योग में, एआई वित्तीय धोखाधड़ी का पता लगाने और जोखिम प्रबंधन में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल कर रहा है। उदाहरण के लिए, बैंक और वित्तीय संस्थान वास्तविक समय में विशाल लेनदेन डेटा का विश्लेषण करने, धोखाधड़ी से जुड़ी गतिविधियों का पता लगाने और वित्तीय नुकसान को रोकने के लिए फीडजई जैसे एआई एल्गोरिदम का उपयोग कर रहे हैं। एआई-संचालित रोबो-सलाहकार, जैसे वेल्थफ्रंट और बेटरमेंट, ग्राहकों की जोखिम सहनशीलता के आधार पर व्यक्तिगत निवेश, वित्तीय लक्ष्यों और बाजार की स्थितियों के आधार पर वित्तीय रणनीतियों में मदद करते हैं, जिससे धन प्रबंधन अधिक सुलभ और कुशल हो जाता है। शिक्षा क्षेत्र में, डुओलिंगो जैसे एआई-संचालित प्लेटफार्मों ने व्यक्तिगत ट्यूशन, अनुकूली शिक्षण पथ और रियल टाइम प्रतिक्रिया के माध्यम से भाषा सीखने में क्रांति ला दी है। कॉग्नि जैसे एआई-आधारित प्लेटफार्मों का उपयोग करने वाले छात्र स्वचालित ग्रेडिंग सिस्टम से लाभान्वित होते हैं साथ ही ये अपने निबंधों का मूल्यांकन करते हैं और रचनात्मक प्रतिक्रिया प्रदान करते हैं।

इसके अतिरिक्त ये सीखने के अनुभव को बढ़ाते हैं और शिक्षकों पर बोझ को कम करते हैं। इसके अलावा, स्मार्टी पिन और खान अकादमी जैसे एआई-सक्षम शैक्षिक उपकरण जटिल अवधारणाओं की गहरी समझ को बढ़ावा देते हुए, गेमिफिकेशन और इंटरैक्टिव सामग्री के माध्यम से छात्रों को संलग्न करते हैं। हालाँकि, एआई का नकारात्मक प्रभाव मुंबई की घटना जैसे उदाहरणों में भी स्पष्ट है, जहां एआई वॉयस मॉड्यूलेशन का दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए शोषण किया गया था, जिससे एक नकली अपहरण परिदृश्य तैयार हुआ। ऐसी घटनाएं एआई के दुरुपयोग को रोकने और व्यक्तियों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए सख्त नियमों की आवश्यकता पर जोर देती हैं। इस प्रकार, एआई का महत्व जटिल चुनौतियों का समाधान करने और नए अवसर पैदा करने की क्षमता में निहित है, ऐसे में देखा जाए तो हम प्रौद्योगिकी के साथ कैसे तालमेल बिठाते हैं और अपने व्यवसाय को कैसे संचालित करते हैं, इसे भी परिभाषित करने की आवश्यकता है। एआई की परिवर्तनकारी शक्ति उद्योगों तक फैली हुई है, जिससे हमारा जीवन अधिक कुशल, सुविधाजनक और जानकारीपूर्ण हो गया है। हालाँकि, अक का नकारात्मक उपयोग भी स्पष्ट है, जैसा कि मुंबई की घटना में देखा गया जहाँ नकली अपहरण परिदृश्य बनाने के लिए वॉयस मॉड्यूलेशन का फायदा उठाया गया था।

# विचार

## क्या कोई दूसरा सैम मानेकशॉ होगा?

आर.के. सिन्हा

फील्ड मार्शल सैम होर्मसजी फ्रामजी जमशेदजी मानेकशॉ अपने जीवनकाल में ही एक किवदंती बन गए थे। जब भी सैम मानेकशॉ का नाम आता है, तो 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध याद आता है। उस युद्ध में वह भारतीय सेना का नेतृत्व कर रहे थे। सैम मानकशॉ 1969 में भारत के सेनाध्यक्ष बने और उनके शानदार करियर का चरम 1971 में पाकिस्तान के साथ जंग में शानदार जीत था। उस युद्ध के बाद ही पूर्वी पाकिस्तान बना बांग्लादेश। सैम मानेकशॉ ने 1971 में भारत की सैन्य जीत की जमीन तैयार की। कहते हैं, वह भारत की हजारों सालों में पहली किसी युद्ध में जीत थी। उसने दुनिया के नक्शे की तस्वीर बदल दी। भारत के सामने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया। सैम मानेकशॉ ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के युद्धबंदियों के साथ जेनेवा कन्वेंशन के तहत शालीन व्यवहार किया जाये। उन पाकिस्तानी युद्धबंदियों को भारत में ईद मनाने की भी छूट मिली। उन्हें कुरआन की एक प्रति दी गई जब वे वापस अपने देश में गए। अब एहसान फरामोश पाकिस्तान की करतूत जान लें। कैप्टन सौरभ कालिया करगिल जंग के पहले शहीद थे। जिनके बलिदान से करगिल युद्ध की शुरूआती इबारत लिखी गई। महज 22 साल की उम्र में 22 दिनों तक दुश्मन उन्हें बेहिसाब दर्द देता रहा। पाकिस्तानियों ने सौरभ कालिया के साथ अमानवीयता की सारी हदें पार करते हुए उनकी आंखें तक निकाल ली और उन्हें गोली मार दी थीं। दिसंबर 1998 में आईएमए से ट्रेनिंग के बाद फरवरी 1999 में उनकी पहली पोस्टिंग करगिल में 4 जाट रेजीमेंट में हुई थी। जब मौत की खबर आई तो बमुश्किल चार महीने ही तो हुए थे सेना ज्वाइन किए। 14 मई को कैप्टन सौरभ कालिया अपने पांच जवानों के साथ बजरंग चोटी पर पहुंचे थे। उसके बाद पाकिस्तान ने उन्हें बंदी बना लिया और 22 दिन बाद उनका शव सौंपा। सौरभ कालिया के साथ जो हुआ उससे सैम मानेकशॉ का भी खून तो खौला होगा। बहरहाल,1971 के युद्ध के बाद, टाइम पत्रिका ने लिखा था कि हिंदू भारत के सैन्य अभियान का नेतृत्व एक पारसी ( सैम मानेकशॉ) ने किया । बांग्लादेश को मुक्त करने वाली सेना की पूर्वी कमान का प्रमुख एक सिख (लेफ्टिनेंट जनरल जे.एस. अरोड़ा) थे, और अभियान की योजना एक यहूदी चीफ ऑफ स्टाफ ( जे.एफ. जैकब) ने बनाई थी। सैम मानेकशॉ समर नीति के गहरे जानकार थे। पर उनकी जुबान भी फिसलती रहती थी,जिसका उन्हें कई बार बहुत नुकसान भी उठाना पड़ा था। वे 1971 की पाकिस्तान के साथ हुई जंग में विजय का क्रेडिट जाने-अनजाने खुद लेने की फिराक में लगे रहते थे। उन्होंने एक बार तो एक इंटरव्यू में यहां तक दावा कर दिया था कि अगर वे पाकिस्तान सेना के प्रमुख होते तो 1971 की जंग में पाकिस्तान विजयी हो गया होता। उनके इस दावे पर तब भी बहुत बवाल कटा था। जंग सेना के साथ-साथ रा देश ही लड़ता है। इसलिए विजय भी सम्पूर्ण देश की ही होती है। हां, ?णभूमि के वीरों का अपना विशेष महत्व तो होता ही है।1971 के युद्ध में जे.एफ. जैकब की रणनीति के तहत भारतीय सेना को अभूतपूर्व कामयाबी मिली थी। वे भारत में जन्मे यहूदी थे और समर नीति बनाने में महारत रखते थे। पाकिस्तान सेना के रणभूमि में परास्त करने के बाद जनरल जैकब ने पाकिस्तान के लेफ्टिनेंट नियाजी से अपनी फौज को आत्मसमर्पण का आदेश देने को कहा था। हां, मानेकशॉ कभी-कभी सोच-समझकर नहीं बोलते थे। इससे उन्हें नुकसान भी हुआ। 1971 की जंग के बाद एक महिला पत्रकार ने उनसे पूछाः सर, अगर आप पाकिस्तानी सेना का नेतृत्व कर रहे होते, तो कौन युद्ध जीता होता? मानेकशॉ का जवाब थाः पाकिस्तान युद्ध जीत गया होता!। उनके इस कथन के बाद काफी बवाल भी हुआ था। हालांकि यह बात मजाक में कही गई थी, पर वे अपने जवाब पर अड़े रहे। कहते हैं, उनकी इस टिप्पणी से देश की तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी काफी नाराज हो गईं थीं। स्वतंत्रता के बाद, सैम मानेकशॉ सभी प्रमुख सैन्य अभियानों में शामिल थे। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू और गृह मंत्री सरदार पटेल के निदेर्शों को मानते हुए कश्मीर ऑपरेशन (1947-49) की योजना बनाई। उन्होंने चीन के साथ 1962 के युद्ध में पराजय के बाद पंडित नेहरू से खुलकर कहा था कि हम खराब नेतृत्व के कारण हारे। हमारे जवान तो खूब बहादुरी से लड़े।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कब जीवन का हिस्सा बन जाएगा?

विजय गर्ग

**दुनिया हर** दिन नई तकनीक और जीवनशैली में सुधार के साथ आगे बढ़ रही है। जैसे-जैसे हम लंबे समय तक जीवित रहते हैं और प्रौद्योगिकी तेजी से विकास कर रही है, हम निकट भविष्य में कल्पना कर सकते हैं जब मशीनें हमारी मानवीय क्षमताओं को बढ़ाएंगी, हमें बेहतर जीवन विकल्प चुनने में मदद करेंगी और जीवनशैली का हिस्सा बन जाएंगी। हमारा संवाद और डिजिटल ब्रेडक्रंब हमारे जीवन लक्ष्यों और आकांक्षाओं, दायित्वों और सीमाओं को समझेंगे, और सर्वोत्तम उपलब्ध संसाधनों के अनुसार जीवनशैली का सुझाव देंगे या बनाएंगे। एआई निर्बाध रूप से और स्वचालित रूप से हमें जीवन की विभिन्न घटनाओं के लिए बजट बनाने और बचत करने में मदद करेगा, ताकि हम जीवन के क्षणों का अधिक जीवंत आनंद ले सकें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की स्थिति पर एक प्रमुख नई रिपोर्ट से पता चला है कि दिन-प्रतिदिन की कम से कम 10% गतिविधियों में एआई पहले से ही जीवन का हिस्सा बन रहा है। भाषा निर्माण और आणविक चिकित्सा से लेकर दुष्प्रचार और एल्गोरिथम पूर्वाग्रह तक, एआई ने हमारे जीवन के हर पहलू में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट का तर्क है कि हम एक ऐसे मोड़ पर हैं जहां शोधकताओं और सरकारों को एआई द्वारा प्रस्तुत जोखिमों को नियंत्रित करने और इसके लाभों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए सावधानीपूर्वक सोचना और कार्य करना चाहिए। जब अक वास्तविक हो रहा है ! पिछले पांच वर्षों में एआई में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। एआई प्रयोगशाला छोड़ रहा है और हमारे जीवन में प्रवेश कर चुका है, जिसका "लोगों, संस्थानों और संस्कृति पर वास्तविक दुनिया पर प्रभाव" पड़ रहा है। किसी भी दिन समाचार पढ़ें और आपको एआई में प्रौद्योगिकी में कुछ नई प्रगति या एआई के कुछ नए उपयोग के बारे में कई कहानियां मिलने की संभावना है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले दशक में एआई हर जगह लोगों के जीवन में तेजी से प्रमुख भूमिका निभाएगा।

## मप्र मोहन संहिता का अनुकरणीय पाठ

राकेश

**सत्ता** प्रतिष्ठान के खिलाफ लिखने का दायित्व मिला है इसलिए सत्ता प्रतिष्ठान के फैसलों की तारीफ करने के अवसर कम ही मिलते हैं । खासतौर पर जब कि किसी प्रदेश की सत्ता में डबल इंजिन लगे हों। मप्र में आजकल डबल इंजिन की ही सरकार है। और इस सरकार को चला रहे हैं डॉ मोहन यादव, जो पहली बार मुख्यमंत्री बने हैं । उनके सामने 18 साल से ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान द्वारा खींची गयी लोकप्रियता की लम्बी लकीर से आगे जाने की चुनौती भी है ।

लोकसभा चुनाव से फारिग होते ही मप्र की मोहन सरकार ने एक फैसला किया है कि अब प्रदेश सरकार के मंत्रियों के आयकर की राशि नहीं भरेगी, बल्कि मंत्रियों को खुद भरना पड़ेगी। आर्थिक बोझ के कारण दोहरे हो रहे मध्यप्रदेश में ये एक साहसिक कदम है ,हालाँकि इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था की सेहत पर कोई खास फर्क नहीं पडेगा। लेकिन पहल तो पहल होती है और ये पहल अनुकरणीय कही जा सकती है। क्योंकि अभी तक देश की विधानसभाएं हों या संसद सभी के सदस्य सरकार पर बोझ बढ़ाते ही हैं,कम नहीं करते।

जब से मप्र का गठन हुआ है तब से यानी कोई 52 साल से अपने मंत्रियों के आयकर की राशि प्रदेश की सरकार ही भरती आ रही थी । आज से पहले चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो या भाजपा की या किसी गठबंधन की सरकार ,किसी ने इस व्यवस्था से छेड़छाड़ करने की जरूरत नहीं समझी । लेकिन किसी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को ये जरूरत समझा दी। मोहन यादव ने इस फैसले से मिलने वाली वाह-वाही का अंदाजा लगते ही 52 साल बाद ये फैसला कर दिखाया । अब आप इसे ऐतिहासिक फैसला कह सकते है। अभी मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री और मंत्रियों का इनकम टैक्स सरकार भरती थी। इस पर करोड़ों रुपए का खर्च आता था।

मध्यप्रदश के मुख्यमंत्री हालाँकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोत्र के नहीं हैं। प्रधानमंत्री का गोत्र गरीबो का गोत्र है। उनके पास बहुत ज्यादा सम्पत्ति भी नहीं है। वे चाय बेचते हुए सियासत में शीर्ष तक पहुंचे हैं , किन्तु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आमीर आदमी हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री नायब सिंह समाजसेवी राजेश गोयल के निवास पर एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे



**पानीपत/कमाल हुसैन**
मुख्यमंत्री नायब सिंह बुधवार को स्थानीय सैक्टर-24 में समाजसेवी राजेश गोयल के निवास पर एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे, जहां पर पत्रकारों से बातचीत करने पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सदैव गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए काम किया है। यही नहीं युवाओं में एक बहुत बड़ा विश्वास जताने का भी काम प्रदेश सरकार ने किया है।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जितने भी निर्णय अब तक लिए हैं या वर्तमान में जो निर्णय ले रही है वे सभी देश को मजबूती प्रदान करने वाले और देश को आगे बढ़ाने वाले निर्णय है। आज के समय में विपक्ष के पास कोई मुद्द्दा नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सिंह का पानीपत में पहुंचने पर एनएफएल में स्थित हैलीपेड पर प्रदेश के विकास, पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा, शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट्ट, भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, भाजपा राष्ट्दीय सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख गजेन्द्र सलुजा ने बुके देकर स्वागत किया। भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना ने मुख्यमंत्री नायब सिंह को उनका चित्र भेंट किया। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मुख्यमंत्री नायब सिंह का बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर एडीसी डॉ. पंकज यादव, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत इत्यादि उपस्थित रहे।

### वी मुवीज एंड टीवी ऐप ने जी5 के साथ अपनी एंटरटेनमेन्ट पेशकश को बनाया सशक्त

**गुरुग्राम।** किफायती दामों पर ज्यादा एंटरटेनमेन्ट की बढ़ती मांग को पूरा करने के प्रयास में जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने कंटेंट एग्रीगेटर ऐप वी मुवीज एण्ड टीवी को इस साल नए अवतार में लॉन्च किया था। मौजूदा टॉप प्लेयर्स जैसे डिजनी प्लस हॉटस्टार के अलावा वी ने आज एक और अग्रणी ओटीटी प्लेयर-जी 5 के साथ नई साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप अब मात्र 248 प्रति माह की कीमत पर एक ही सब्सक्रिप्शन में 17 ओटीटी ऐप्स का एक्सेस देता है। वी के यूजर वी मुवीज एण्ड टीवी के लिए सिंगल सब्सक्रिप्शन के साथ अपने मोबाइल एवं टीवी पर टॉप ओटीटी ऐप्स जैसे डिजनी प्लस हॉटस्टार, सोनी लिव, जी5 पर अपने पसंदीदा कंटेंट का लुत्फ उठा सकते हैं। वी के यूजर मुवीज, शोज और लोकप्रिय टाइटल्स की व्यापक रेंज का आनंद उठा सकते हैं जैसे डिजनी प्लस हॉटस्टार पर विद्या बालन की दो और दो प्यार, वर्तमान में चल रहे आईसीसी मैन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024, रीजनल ब्लॉकबस्टर्स जैसे मंजुम्मेल ब्वॉयज, अरनमनाई 4 आदि; सोनी लिव पर यूईएफए यूरो कप, गुल्लक सीजन 4, इंडिया टूर ऑफ श्री लंका स्कैम 2003, रॉकेट ब्वॉयज आदि तथा जी5 पर शोज जैसे सनफ्लावर, ब्रोकन न्यूज, ताज और मुवीज जैसे सिर्फ एक बंदा काफी है, कड़क सिंह, वीर सावरकर, सैम बहादुर, हनुमान।




इस अवसर पर अवनीश खोसला, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया ने कहा, वी में हम इस बात को समझते हैं कि भारत में लोग कुछ भी खरीदने से पहले सुविधा और मूल्य को ध्यान में रखते हैं। इसी के मद्देनजर हम ऐसे समाधान लेकर आते हैं जो उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा कर सकें। हमारा कंटेंट एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप एक ही प्लान के साथ 17 ओटीटी ऐप्स का एक्सेस देता है। इससे न सिर्फ एंटरटेनमेन्ट की लागत कम हो जाती है बल्कि अलग-अलग ओटीटी ऐप्स का सब्सक्रिप्शन लेने के झंझट से भी छुटकारा मिल जाता है।

# जिले के 51 गांवों व 6 कॉलोनियों को किया नशा मुक्त घोषित

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के मौके पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवा दिया नशा मुक्त हरियाणा का संदेश, नशा न करने की दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के मौके पर जिला पुलिस द्वारा पट्टीकल्याणा, अटावला, ददलाना व राणा माजरा गांव में खेल प्रतियोगिता करवा नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों, स्कूल व एकेडमी की वॉलीवाल व कबड्डी की टीमों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया।
इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संदीप कुमार, उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र कादियान, उप पुलिस अधीक्षक शहर श्री सतीश गौतम व उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने संबोधित करते हुए युवाओं व समाज के लागों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जीवन में कभी नशा न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विभिन्न गांवों के सरपंच व काफी संख्या में मौजिज व्यक्ति मौजूद रहें। समालखा खंड के नशा मुक्त 18 गावों के सरपंचों को सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि समाज से नशा जैसी बुराई को खत्म करने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 जून से 26 जून तक ह्लनशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ाह्व चलाया गया। अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने का प्रयास किया गया। इसमें आमजन का भरपूर सहयोग मिला। लोगों ने अपने क्षेत्र व गांव में नशे जैसा काम ना होने देना व नशे की सूचना पुलिस को देने का भी आश्वासन दिया। पानीपत पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान समय-समय पर चलाए जाते रहे हैं और आगे भी इसी तरह के प्रयास जारी रहेंगे ताकि नशे जैसी बुराई को समाज से जल्द से जल्द जड़ से खत्म किया जा सके। जिला पुलिस जागरूकता अभियान के साथ साथ नशा तस्करों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही




सुनिश्चित कर रही है।
*पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि पुलिस ने सरपंचों व मौजिज लोगों को साथ लेकर नशा तस्करी व नशे के सेवन पर अंकुश लगा जिला के 51 गांवों व 6 कॉलोनियों को नशा मुक्त घोषित किया है।*
उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ड्रग्स के कारोबार की रोकथाम व इसमें संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिये पुलिस का सहयोग करें। कोई भी व्यक्ति जिसके पास ड्रग्स के कारोबार या इसमें संलिप्त लोगों के बारे में विश्वसनीय सूचना है तो वह व्यक्ति पानीपत एंटी नारकोटिक्स सेल इचार्ज के मोबाइल नंबर 7419600124 या संबधित थाना प्रभारी, सीआईए प्रभारी, चौकी इंचार्ज या डायल 112 पर दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत के मोबाइल नंबर 7056000100 पर वॉटसअप मैसेज कर सूचना दे सकते है। सूचना का सत्यापन कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जायेगी।

**युवाओं के लिए संदेश**
पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत ने अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर युवाओं को संदेश दिया युवा देश की धरोहर है इसलिए वे नशे जैसी बुराई से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व अन्य सामाजिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपना व अपने देश प्रदेश का नाम रोशन करें।

**ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम**
**पट्टीकल्याणा गांव में आयोजित खेल प्रतियोगिता**
कबड्डी के फाइनल मैच में गोला खेड़ा गांव की टीम ने अपोलो इंटरनेशनल स्कूल की टीम को 39-30 से हराया। पहले स्थान पर गांव गोला खेड़ा, दूसरे पर अपोला इंटरनेशनल स्कूल व तीसरे स्थाना पर 16 राजपूताना आर्मी की टीम रही। वॉलीवाल में पहले स्थाना पर पट्टीकल्याणा एकेडमी, दूसरे पर पटटीकलयाणा स्कूल व तीसरे स्थान पर छाजपुर गांव की टीम रही। इसी प्रकार अटावला व ददलाना गांव में कबड्डी व राणा माजरा गांव में वॉलीवाल खेल की प्रतियोगिता करवाई। पहला, दूसरा व तीसरा स्थाना प्राप्त करने वाली टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

### योग को हर व्यक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए : दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के सफल आयोजन पर जिला प्रशासन एवम आयुष विभाग द्वारा एक विशेष योग सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमे मेरा मिशन स्वस्थ भारत के प्रमुख दिनेश गुलाटी और उनकी टीम को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया। सेमिनार में मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने योग के बारे में अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि योग को हर व्यक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग के बिना किसी व्यक्ति के सुंदर एवम स्वस्थ जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

## एसडीईएम से स्वच्छ पेयजल सप्लाई की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भले ही प्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर तक लगा दिए हो लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण अधिकारी लोगों की पेयजल समस्या को भी गंभीरता से नही लेते। ऐसे में पेयजल से परेशान लोगों ने एसडीएम निर्मल नागर को शिकायत देकर स्वच्छ पेयजल सप्लाई की मांग की है। शिकायतकर्ता सचिन, बिजेन्द्र कुमार, कृष्ण, राजेश व अन्य ने बताया कि वे समस्या के समाधान के लिए गन्नौर जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में जाकर शिकायत करने के साथ विभाग की आनलाईन शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नही किया। इसके बाद एसडीएम को



शिकायत दी है। एसडीएम को दी शिकायत में शिकायतकर्ता सचिन व अन्य ने बताया कि पाईप लाईन लीकेज होने के चलते पटेल नगर के 33 फुटा रोड गली नम्बर 5 में झाग नुमा व गंदा पानी आ रहा है। वे जनस्वास्थय विभाग के कार्यालय में जाकर अधिकारियों को गंदा पानी दिखाने के साथ दुषित पेयजल के सैम्पल की रिपोर्ट की भी मांग कर चुके है लेकिन न तो दुषित पेयजल सप्लाई का समाधान हुआ और न ही

**मांग**

⏩ लोगों को नही हो रहा विश्वास की उन्हें जल्दी ही मिल जाएगा साफ व स्वच्छ पेयजल

अब तक पानी के सैम्पल चैक करवाएं गए।
शिकायत में बताया कि खुद शहर के जेई बसंत ने स्वीकार किया था कि गन्नौर पुलिस स्टेशन परिसर में बने बुस्टर से हो रही पेयजल सप्लाई में दिक्कत है। गली के लोगों की मांग पर दुषित पानी की गली में आकर सप्लाई को देखकर जा चुके है। लेकिन समाधान कुछ नही होता।

### महावटी में मैडिकल की छात्रा ने खाया जहर

**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**पिता** की बेवफाई से दुखी एक युवति ने कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गन्नोर के जैन कालेज से मैडिकल की पढ़ाई कर रही युवति शशि अपने पिता राकेश के खिलाफ एक सुसाइड नोट भी छोड़ कर गई है। युवति की मां ने पुलिस को सुसाइड नोट व लिखित शिकायत देकर अपने पति राकेश के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
मामला समालखा थाना के गांव महावटी का है। पुलिस को दी शिकायत में महिला मीना देवी ने बताया कि करीब 19 साल पहले उसकी शादी खरक (जाटान) निवासी राकेश के साथ हुई थी। उन्होंने बताया कि पति से अनबन होने के कारण वह पिछले करीब 12 साल से अपने दोनों बच्चों बेटी शशि व बेटे ईशान्त को लेकर अपने मायके गांव महावटी में माता पिता के साथ रह कर अपने बच्चों का भरण पोषण कर रही है जबकि मेरे पति राकेश ने हमारी कभी कोई सुद्ध नहीं ली और नहीं कभी खर्चा पहुंचाया। जबकि पढ़ाई कि खर्च भी मेरे मायके वाले ही उठा रहे थे तथा वह गन्नोर के जैन कालेज से मैडिकल साइंस में बीएससी कर रही थी। बेटी शशि परिवार की आपसी कलह व पिता की बेरूखी से दुखी रहती थी। मंगलवार 25 जून को जब वह अपनी ड्यूटी गन्नोर से गांव महावटी भाई टिन्कू के साथ जा रही थी तो भाई के मोबाइल पर घर से मेरी मां का फोन आया कि शशि की तबियत खराब है। हम दोनों भाई बहन घर पहुंचे तो उसकी हालत बिगड़ी हुई थी जिसे एंबुलेंस से पीजीआई खानपुर में भर्ती कराया जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## नियम तोड़कर चलने वाले प्राईवेट बस संचालकों के खिलाफ होगी कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
जिला सडक सुरक्षा एवं स्कूल पॉलिसी को लेकर बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सडकसुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हमें उन बिंदुओं पर कार्य करने की जरूरत है जहां किसी भी प्रकार की होने वाली क्षति से आम जन को बचाया जा सके। उपायुक्त ने वाहन चालकों के लिए हाई टेस्ट व ड्राइविंग टेस्ट के भी




निर्देश दिए।
उपायुक्त ने बैठक में सुरक्षा बिंदुओं को देखते हुए शहर के मुख्य मार्गों के अवैध काटों का संज्ञान लिया व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडकसुरक्षा को लेकर के उन्हें तत्काल बंद किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देकर एंबुलेंस रिस्पांस टाइम डाटा बारे विस्तृत ब्यौरा प्रदान करने के लिए कहा। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने डाटा को एनालाइज करने के लिए डेटा की मांग की। उपायुक्त ने सडक दुर्घटनाओं की कमी को लेकर स्कूल बसों की चेकिंग करने के निर्देश दिए व कहा की कमी पाए जाने पर बसों को इंपाउंड करें ताकि सडक दुर्घटनाओं पर शिकंजा कसा जा सके। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि तत्काल स्कूल बसों के संचालकों का डाटा जीएम रोडवेज को उपलब्ध कराये ताकि आगामी कार्यवाही की जा सके। एलएनटी के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए ड्रेनेज व्यवस्था की कमियों को दूर करने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर इस कार्य में देरी होती है तो उसको लेकर उन्हें ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता है। ट्रैफिक पॉलिसी को लेकर उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग और एलएनटी को समन्वय स्थापित कर कार्य में और दक्षता लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल, सीएमओ डॉ. जयंत आहुजा, जीएम रोड़वेज कुलदीप जांगड़ा, डीडीपीओ विशाल परासर के अलावा कई अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाबा आदेश नाथ की तपस्या पूर्ण होने पर शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई:** आषाढ़ माह की पंचमी व बाबा आदेश नाथ की तपस्या पूर्ण होने पर बुधवार को औंरगाबाद (बाहमणवास) गांव के शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आंतिल बाराह खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जगह से आए हुए साधु-संतों को सम्मानित किया और उनके संघर्ष व त्याग की महिमा का गुणगान किया। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि साधु संतों ने अपने तप,



तपस्या और सामर्थ्य से मानव का कल्याण किया है। भारत की संस्कृति और संत परम्परा को साधु संतों ने विश्व में पहुंचाने का काम किया है। दूर-दूर से आए साधु संतों को सम्मानित करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हुए जयभगवान आंतिल ने कहा कि संतों ने सभी चुनौतियों, कठिनाइयों से लडने का आध्यत्मिक ज्ञान दिया है। संत भारत की संस्कृति के वाहन के रूप में कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पंडित नरेश, आनंद कौशिक, राजेश ठेकेदार व धर्मसिंह आदि मौजूद रहे।

### बिजली शिकायतों के निपटारे के लिए बैठक 28 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए अध्यक्ष, उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम रोहतक, विद्युत सदन, सर्कल कार्यालय, सैक्टर-12 करनाल के कॉन्फ्रेंस हॉल में 28 जून को प्रातः 11 बजे बैठक का आयोजन करेंगे।
इसमें बिजली संबंधी वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, को फोरम के समक्ष रखा जा सकता है।

## पेयजल के लिए खा रहे हैं दर- दर की ठोकरें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्र गढ़** सतनाली मंडी।बस स्टैंड स्थित बूस्टर से सतनाली के कोटड़ी चौक व आसपासके सैकड़ो घरों में पेयजल की सप्लाई नही हो रही है।पिछले 2 माह से सैकड़ो घरों के लोग पेयजल के लिए दर-दर की ठोकरे खाने पर मजबूर है। जिम्मेदार अधिकारी लोगों की पेयजल की समस्या पर कोई ध्यान नही दे रहे है। जिस लोगों में रोष पनपता जा रहा है। सतनाली कोटड़ी चौक व आसपड़ोस के घरों के गौतम सिंह,कुलदीप सिंह, शैतान सिंह,रविंदर सिंह,कमलेश देवी, मंजू देवी, विधा देवी,गीता, शकुंतला, विमल समेत अनेकों ने बताया कि
सतनाली के कोटड़ी चौक सहित आसपास के सैकडों घरों को पेयजल



सप्लाई करने के लिए बोरवेल नंबर 14 का निर्माण करवाया था। भूजल स्तर गिर जाने के कारण बोरवेल नंबर 14 पिछले 7 माह से बोरवेल फैल हो गया।जिसके बाद सैकड़ो घरों की पेयजल सप्लाई बाधित हो गई।जनस्वाथ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों की पेयजल समस्या को ध्यान में रखते हुए। बस स्टैंड स्थित बुस्टर से नहरी पानी सप्लाई देने के लिए कोटड़ी चौक तक पेयजल सप्लाई के लिए पाइप लाइन डाली गई थी। लोगों ने बताया कि बस स्टैंड से कोटड़ी चौक की दूरी करीब एक से डेढ़ किलोमीटर पड़ती है। बूस्टर से बिछाई गई पेजयल सप्लाई लाइन अनेकों गली-मोहल्लों से गुजरती हुई कोटड़ी चौक तक पहुँचती है। इन गली मोहल्लों के लोगों के घरों में पहले से ही नल लगे हुए थे,बावजूद इसके इन लोगों ने बूस्टर से कोटड़ी चौक में आने वाली पेजयल सप्लाई लाइन में विभाग की बिना परमिशन के अवैध नल कनेक्शन लगा लिए है।जिस वजह से इन लोगों के घरों में तो दो दो नल कनेक्शन हो गए है।बुस्टर से जब कोटड़ी चौक तक पेयजल सप्लाई नही हो पा रही है। कारण अवैध नल कनेक्शन धारी लोग मोटरें लगा लेते है और कोटड़ी चौक तक पेयजल की आपूर्ति नही होने दे रहे है। पिछले दो माह से कोटड़ी चौक व इसके आसपास सैकड़ो घरो के लोग पेयजल के लिए दर दर की ठोकरे खाने पर मजबूर है।

## नशे को खत्म करना व्यक्तिगत नही बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी : सविता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर बुधवार को नारी तू नारायणी उत्थान समिति ने बाबरपुर मंडी में जाकर हरियाणा पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान को मजबूती देते हुए नशे के खिलाफ इस लड़ाई में अपनी आहुति दी।
समिति की अध्यक्ष सविता आर्या ने बताया कि पानीपत पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान से जुड़कर पानीपत में लेबर कॉलोनियों और फैक्टरी में कार्य करने वाले लोगो को नशा न करने की शपथ दिलाई ।और बच्चों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। लोगो को बताया कि नशा समाज मे एक कीड़े की तरह है




जो समाज की जड़ो को खोखला कर रहा है।
पानीपत पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा लोगो को जागरूक करें।हमारी समिति भी पिछले 9वर्षो से समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है इस लड़ाई में सभी सहयोग करें। हमारी समिति समय समय पर जागरूकता अभियान चला कर लोगो को जागरूक करती आई है ।इससे पहले भी हमारी समिति ने नशे के खिलाफ मिशन एक लाख हस्ताक्षर अभियान चला कर समाज को जागरूक किया था। जिसमे 1लाख लोगों से नशा मुक्ति के खिलाफ हस्ताक्षर करवाए थे।
आम तौर पर लोग नशे का अभिप्राय शराब के नशे को मानते हैं जबकि अफीम चरश, बीड़ी सिगरेट का सेवन भी नशे की श्रेणी में आता है किसी भी देश की, उन्नति में उसकी युवा पीढ़ी का योगदान रहता हैं परंतु आज की युवा पीढी विशेष कर उतरी भारत मे 60%युवा नशे का सेवन करके अपनी जिंदगी खराब कर रहे हैं। हमारी संस्कृति एवं नैतिकता पर भी इसका कुप्रभाव पड़ रहा है। नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित हैं। इसलिये अगर नशे को जड़ से खत्म करना है तो सबको इस अभियान में सहयोग के लिए आगे आना होगा ।नशे के खिलाफ हर वर्ग व समाज के लोगो को एक जुट होकर लड़ना होगा।नशे को खत्म करना व्यक्तिगत नही बल्कि सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है ।इसलिए हर व्यक्ति संकल्प ले कि हमे अपने शहर अपने जिले व अपने राज्य से नशे को खत्म करने के लिए काम करना है।,ताकि हरियाणा स्वस्थ, समृद्ध व खुशहाल बनें।और एक स्वच्छ व स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकें।
कला अध्यापक सुरेंद्र राठी ने कहा कि आज कई युवाओ ने नशे की दलदल में फँसकर न केवल स्वयं को बल्कि अपने परिवार को भी बर्बाद कर दिया है ।कई युवा तो नशे के कारण अपनी जान भी गवा चुके हैं ।नशा व्यक्ति ही नही बल्कि उसके परिवार के साथ साथ पूरे समाज को भी प्रभावित करता है नशे के प्रभाव का अंदाजा इस बात से सहज रूप से लगाया जा सकता है कि सरकार द्वारा समय समय पर नशे के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं।

## पर्यावरण संरक्षण की पहलः हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बनेगा मियावाकी वन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने अपने परिसर में जिला वन द्वारा मियावाकी वन विकसित करने के उद्देश्य से एक महत्वाकांक्षी पर्यावरण हितैषी परियोजना के शुभारंभ की घोषणा की है। जापानी वनस्पतिशास्त्री अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित मियावाकी पद्धति में कम समय में घने, देशी वनों का निर्माण किया जाता है। यह तकनीक विभिन्न देशी प्रजातियों को एक साथ सघन रूप से रोपकर तेजी से विकास और उच्च जैव विविधता को बढ़ावा देती है। इसका परिणाम एक आत्मनिर्भर, कम



रखरखाव वाला वन है जो पारंपरिक जंगलों की तुलना में 10 गुना तेजी से बढ़ सकता है और 30 गुना अधिक घना हो सकता है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने परियोजना के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि मियावाकी वन लगाने की पहल सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के हमारे दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। हम अपने परिसर को हरित और पारिस्थितिक बहाली के लिए एक मॉडल बनते देखकर उत्साहित हैं। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का चयन करने के लिए जिला वन विभाग के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

## न्यूज फ्लैश

### जयराम कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सीनियर वुमन रग्बी कोचिंग कैंप का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र,** : देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं की उच्च शिक्षा प्रदान करने उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय के परिसर में राष्ट्रीय सीनियर वुमन रग्बी कोचिंग कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप 30 जून तक चलेगा। जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस कैंप में विभिन्न जिलों से 27 छात्रा खिलाड़ी भाग ले रही हैं। जिन्हें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज डागर प्रशिक्षण दे रहे हैं। श्री जयराम शिक्षण संस्थान के निदेशक एस.एन. गुप्ता व कालेज की प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने इस कैंप का आयोजन करवाने में नरेंद्र मोर प्रधान रग्बी एसोसिएशन, भगवानदास सचिव तथा सतबीर कौशिक के मुख्य योगदान की सराहना की। परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने भी सभी छात्राओं को साधुवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शंभु बॉर्डर बन्द होने से व्यपारियों का काम काज ठप्प

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** पिछले लगभग 3 महीने से शंभू टोल के नजदीक किसान अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। जिसके चलते पंजाब जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं दूसरी ओर किसानों का कहना है कि हम तो सड़क किनारे प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि सड़कों पर बैरीगेट तो सरकार द्वारा लगाए गए है। किसान नेताओं का कहना है कि किसान एमएसपी की मांग तथा जेलों में बंद साथियों की रिहाई को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन अभी तक उनकी मांगों पर प्रशासन द्वारा कोई ठोस कारवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में खेती करना बेहद मैंहगा हो रहा है। किसानों को फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे जबकि खर्च बेहद अधिक आ रहा है। ऐसे में किसानों के सामने खेती छोड़ना ही विकल्प रह गया है। गौरतलब है कि रविवार को भी भारी संख्या में किसान सीमा पर डटे हुए थे। उनका स्टेज से संबोधन भी चल रहा था। इसी बीच अंबाला सिटी के कुछ कारोबारी व स्थानीय गांव के लोग शंभू सीमा बंद होने के कारण प्रभावित हो रहे कारोबार से हताश होने के बाद समाधान की उम्मीद लिए किसान नेताओं से बात करने पहुंचे थे। अभी महज कारोबारियों ने अपनी बातों को रखा ही था कि बहस हो गई। कारोबारियों का जमकर विरोध हुआ। इसके बाद किसानों की ओर से पत्रकारवार्ता की गई और कहा गया कि रविवार दोपहर करीब एक बजे करीब 60 लोग शंभू सीमा पर बने हमारे मंच पर आ पहुंचे और जबरन स्टेज पर चढ़ने का प्रयास करने लगे।

इस दौरान वहां पर महिलाएं भी मौजूद थी। किसानों ने आरोप लगाया कि अंबाला शहर से आए लोगों ने हाथापाई करने का भी प्रयास किया। इसी दौरान वरिष्ठ किसान नेताओं व महिलाओं ने मिलकर शांतिपूर्वक ढंग से उन्हें स्टेज से नीचे उतारा।

# पुस्तकालयाध्यक्ष पदों के लिए यूजीसी मानकों के अनुसार सुधार की मांग की

## पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता है: पुस्तकालय संघ

**विसंगति**

▸▸ शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें पिछले चार दशकों से चली आ रही इस विसंगति को उजागर किया गया



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा पुस्तकालय संघ (एचएलए) ने राज्य के सरकारी कॉलेजों और जिला पुस्तकालयों में पुस्तकालयाध्यक्ष/वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष पदों की योग्यता में संशोधन की लंबे समय से लंबित मांग को लेकर एक बार फिर आवाज उठाई है। संघ ने हाल ही में शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें पिछले चार दशकों से चली आ रही इस विसंगति को उजागर किया गया है। एचएलए के अध्यक्ष डॉ. रूपेश गौड़ के अनुसार, हरियाणा शिक्षा कॉलेज ग्रेड सेवा नियम 1986 में वर्तमान योग्यताएं काफी पुरानी हो चुकी हैं। इन नियमों के तहत केवल पुस्तकालय विज्ञान में द्वितीय श्रेणी के साथ स्नातक डिग्री या पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता है। यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मानकों के विपरीत है, जो पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में न्यूनतम 55% अंकों के साथ मास्टर डिग्री, और नेट योग्यता या पीएचडी की मांग करते हैं।

डॉ. गौड़ ने बताया, "यह विसंगति उच्च योग्य उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी बाधा बन गई है और हमारे शैक्षणिक और सार्वजनिक संस्थानों में योग्य पेशेवरों की कमी का कारण बनी है।" उन्होंने यह भी बताया कि जहां सरकारी सहायता प्राप्त निजी कॉलेजों ने यूजीसी मानकों को अपना लिया है, वहीं राज्य संचालित संस्थान अभी भी पिछड़े हुए हैं।

एचएलए के वरिष्ठ सदस्य डॉ. सुभाष शर्मा ने डिजिटल युग में पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "आधुनिक पुस्तकालयों को पारंपरिक से डिजिटल प्रणालियों में संक्रमण के लिए कुशल पेशेवरों की आवश्यकता है। योग्य नेतृत्व के बिना, हमारे शैक्षणिक संस्थान गंभीर नुकसान में हैं।" संघ के एक अन्य प्रतिनिधि श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि यह समस्या केवल कॉलेजों तक ही सीमित नहीं है। हरियाणा के सरकारी स्कूलों में भी इसी तरह की स्थिति है। "कई स्कूलों में पुस्तकालय हैं, लेकिन उनमें योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष नहीं हैं। यह छात्रों में महत्वपूर्ण पठन आदतों के विकास को बाधित करता है," कुमार ने कहा।

एचएलए ने राज्य सरकार से निम्नलिखित मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है:

1. 1986 के सेवा नियमों को नवीनतम यूजीसी मानकों के अनुरूप संशोधित करना।
2. यूजीसी मानकों और संशोधित सेवा नियमों के अनुसार सरकारी कॉलेजों और जिला पुस्तकालयों में योग्य पुस्तकालयाध्यक्षों की भर्ती अभियान शुरू करना।
3. सीबीएसई मानकों के अनुरूप सरकारी स्कूलों में पेशेवर योग्य पुस्तकालयाध्यक्षों के पद स्थापित करना।

एचएलए सदस्य और एक बेरोजगार यूजीसी-नेट योग्य उम्मीदवार श्री विकास कुमार ने स्थिति की तात्कालिकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "इन पदों के लिए पिछली सीधी भर्ती हुए चार दशक हो गए हैं। इस दौरान शैक्षिक परिदृश्य में बदलाव आया है और राज्य सरकार यूजीसी मानकों का पूरी तरह से पालन करने के लिए बाध्य है। हालांकि, स्थिति विरोधाभासी है।

### सर्व शक्तियों की चैतन्य मूर्ति थी मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती: सरोज



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** ब्रह्माकुमारीज : विश्व शांति धाम सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 59वां पुण्य स्मृति दिवस आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। ब्रह्मा कुमार, कुमारियों ने दिव्य गुणों को धारण करने का संकल्प लेकर मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित कर दी। राजयोगिनी सरोज बहन ने मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के चित्र पर पुष्पमाला पहना कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि देवियों की सारी दुनिया में पूजा करते हैं, पर जानते नहीं। आज दुनिया में अंधश्रद्धा बढ़ती जा रही है। परमपिता परमात्मा कैसे ऊंची हस्तियों से हमें मिला रहे हैं। चारों ओर माया का साम्राज्य होने के कारण अनेक फालतू विकल्प मन को तंग करते हैं। हमें खुद सावधान रह कर दूसरों को भी सावधान करना है। परमात्मा के ज्ञान की मंजिल बहुत ऊंची है। तन,

**संकल्प**

▸▸ अत: हम सब भी पुण्य स्मृति दिवस पर दिव्य गुणों को धारण करने का संकल्प लेते हैं

मन, धन? सब उस प्रभु को अर्पण कर दो, तो श्रेष्ठ कर्मों से ही भाग्य बनेगा। उन्होंने कहा कि जब-जब संसार में दिव्यता की कमी, धर्म की ग्लानि, समाज में अन्याय, अत्याचार, चरित्र में गिरावट, अशांति के बीज पनपने लगते हैं, तब तब इन समस्त बुराइयों को समाप्त करने के लिए किसी महान विभूति का जन्म होता है। अतः हम सब भी पुण्य स्मृति दिवस पर दिव्य गुणों को धारण करने का संकल्प लेते हैं। इसके साथ बीके सरोज बहन, बीके मधु बहन, बीके पुष्पा बहन ने भोग लगाया तथा बीके प्रियंका बहन, बीके नेहा बहन, बीके आरती बहन ने मम्मा की स्मृति में गीत गाकर सभी को उनकी स्मृति दिलाई।

### युवा नशे को छोड़कर देशहित में लगाएं अपनी ऊर्जा: सुरेंद्र जांगड़ा

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** नशा मनुष्य की सोचने-समझने की क्षमता को खत्म करते हुए बर्बाद कर देता है। इसलिए नशे को छोडकर अपनी ऊर्जा को देशहित में लगाना चाहिए। यह आह्वान समाजसेवी व सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र जांगड़ा भगाणा ने अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर किया। उन्होंने युवाओं को नशे की लत के खिलाफ आंदोलन चलाने का भी आह्वान किया। जांगड़ा ने कहा कि आज के दौर में नशे की सामग्री की तस्करी व उसका उपयोग बहुत बड़ा व्यापार बन गया है। असामाजिक तत्व युवाओं को इसका निशाना बनाते हैं। वे किसी ने किसी माध्यम से युवाओं को नशे की लत लगाकर फिर उन्हें अपने इशारों पर नचाते हैं। समाजसेवी सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि कई युवा एक-दूसरे की देखादेखी भी नशा करने लगते हैं। इसके अलावा शो-ऑफ व तनाव दूर करने के लिए भी बहुत से युवा नशे को अपना लेते हैं लेकिन युवा पीढ़ी को यह सोचना चाहिए कि यदि एक बार नशे की लत पड़ गई तो इसे छोड़ना कितना मुश्किल है।

### जिले भर में लगातार समाधान शिविर जारी

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किए गए समाधान शिविर अम्बाला जिला में निरंतर जारी है। प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिलास्तरीय शिविर और मंडल स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में बड़ी संख्या में आमजन अपनी शिकायतों को लेकर पहुंच रहे हैं, जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। डीसी कोर्ट रूम में जिलास्तरीय समाधान शिविर डीसी डॉ. शालीन की अगुवाई में आयोजित किया गया। उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना और उनका तत्काल समाधान किया। पूरे अंबाला जिला मे कुल 87 शिकायतें समाधान शिविर में आई जिनमें से 69 शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया। वहीं जिलास्तर शिविर में 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 12 का तत्काल समाधान किया गया और बाकी 7 शिकायतों को सम्बंधित विभागों को तवरित समाधान के लिए भेज दिया गया। अंबाला गांव ढुलियानी से समाधान शिविर में आई आरती ने बताया कि वह समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र की समस्या को लेकर आई थी। डीसी डॉ. शालीन ने मेरी समस्या को बहुत अच्छे से सुना और वहीं पास में बैठे क्रीड विभाग के कर्मचारियों के पास भेजा। उन्होंने मेरी पीपीपी से जुड़ी समस्या के दस्तावेज लिए और तत्काल अपडेट करके समाधान कर दिया। इस बेहतरीन पहल के लिए माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह का बहुत बहुत धन्यवाद।

अंबाला की दशमेश कॉलोनी से आए अमरजीत सिंह ने बताया कि वह समाधान शिविर में बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए पहुंचा था। इससे जुड़ी समस्या डीसी डॉ. शालीन के समक्ष रखी। उन्होंने डीएसडब्लूओ के पास भेजा। उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस समस्या का समाधन किया और पेंशन बनाने के लिए डेटा पुश कर दिया है। जल्द ही पेंशन मिलने लगेगी।





### महादेव गौशाला में चल रही संस्कारशाला में बच्चों का मार्गदर्शन किया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : बच्चों में आध्यात्मिक धार्मिक और सामाजिक नैतिकता जैसे मूल्यों को आत्मसात करने के लिए श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं महादेव गौशाला के संयुक्त तत्वाधान में चलने वाली बाल संस्कारशाला के तीसरे दिन अक्षरधाम मंदिर की तरफ से एक चलचित्र के माध्यम से स्वामी नारायण संस्था के बारे में बताया गया इस अवसर पर अक्षरधाम के स्वामी ज्ञान मंगल दास व साधु आनंन प्रकाश दास ने बच्चों को अपने प्रवचन के माध्यम से जागृत किया तत्पश्चात महादेव गौशाला के संरक्षक अशोक रोशा ने बताया कि जब दुनिया बेईमानी में डूबी जा रही है बच्चे मोबाइल नेटवर्किंग का शिकार हो रहे हैं ऐसे नाजुक समय में बच्चों में संस्कारों का पोषण अति आवश्यक है महादेव गौशाला के प्रधान श्री सुरेंद्र गोयल जी ने बच्चों को खेल-खेल में अनुशासन का पाठ पढ़ाया प्रतिदिन ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के आगे दीप जलाकर सरस्वती वंदना के पश्चात देशभक्ति के गीत सुन कर देश प्रेम का भाव जागृत किया जाता है इस अवसर पर कैलाश गोयल की संयोजक बाल संस्कारशाला, महादेव गोशाला के उपप्रधान गुरबख्श सिंह , जसविंदर कौशिक, बहन दीपा जी विद्यालय के आचार्य वीरेंद्र, नरेंद्र एवं जयदीप, नीरज व जीवन मौदगिल उपस्थित रहे।



**बच्चों में संस्कार**

▸▸ अक्षरधाम मंदिर की तरफ से एक चलचित्र के माध्यम से स्वामी नारायण संस्था के बारे में बताया गया

### गुरुद्वारा मंजीसाहिब में हॉल कारसेवा के लिए हजारों संगते जुटी

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अंबाला शहर के मंजी साहिब गुरूद्वारा में कार सेवा शुरू हुई। इस कार सेवा में हजारों की संख्या में संगतों ने भाग लिया। मंजी साहिब गुरूद्वारा में एक हॉल बनाया जा रहा है। इसी को लेकर यह कार सेवा शुरू की गई। जानकारी देते हुए मंजी साहिब गुरूद्वारा के हेड ग्रंथी सतनाम सिंह ने बताया कि यह कार सेवा बाबा महिन्द्र सिंह पेहवा वाले, बाबा बचन सिंह दिल्ली वाले के सहयोग से की जा रही है। यहां का प्रबंध हरियाणा सिख गुरूद्वारा मनेजमेंट कमेटी द्वारा किया जा रहा है। उन्होने बताया कि यहां पर जो भी कार्यक्रम होते थे टेंट लगाकर किए जाते थे। कई बार बरसात के कारण परेशानी भी होती है लेकिन अब यहां पर मल्टी परपस हॉल, जोड़ा घर, रसोई, प्रबंधकीय ब्लॉक बनकर तैयार हो रहा है। यहां पर लेंटर की सेवा चल रही है। हजारों की गिनती में संगते कार सेवा के लिए आ रही हैं। दो दिन से निरंतर सेवा जारी है। उन्होंने कहा कि यह सेवा बड़े भागों से प्राप्त होती हैं। उन्होंने बताया कि बेस के लेंटर में चार हजार बैग सीमेंट लगा है तथा संगतों के सहयोग से बेहतरीन कार्य हो रहा है।



### उद्योगों से जुड़े सभी विभागों के साथ की मीटिंग की

**सोनीपत।** डीसी डा. मनोज कुमार ने कहा कि पिछले दिनों जिला के उद्योगों में हुई घटनाएं काफी दुखद हैं और जिला प्रशासन इन्हें आपदा घोषित करने के लिए एफसीआर को पत्र लिखेगा। इसके साथ ही सभी उद्योगों की सुरक्षा आडिट भी करवाई जा रही है और अगर कहीं भी कोई लापरवाही मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी डा. मनोज कुमार बुधवार को पिछल दिनों विभिन्न उद्योगों में हुई आगजनी की घटनाओं को लेकर उद्योगों से जुड़े सभी विभागों के साथ समीक्षा बैठक में निर्देश दे रहे थे। मीटिंग के दौरान उन्होंने कहा कि जिन लोगों की मृत्यु हुई है और वह श्रमिक फैक्ट्री एक्ट के तहत रजिस्टर्ड हैं तो उन्हें मुआवजा दिया या नहीं यह सुनिश्चिय किया जाए।

### 100 बेड के नए नागरिक अस्पताल में मिलेंगी चिकित्सा सुविधाए: सुधा

**कुरुक्षेत्र** : शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा के विशेष प्रयासों से लोगों को ओर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने वाली है। एलएनजेपी अस्पताल में 100 बैड का नया अस्पताल फेस 2 के तहत यह सुविधा मिलेंगी और इस कार्य के तहत 8 मंजिला भवन बनकर तैयार होगा। इस कार्य के तहत 88.52 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति है। कार्य के अनुरूप 36 करोड़ रुपए के सिविल वर्क के टेंडर हो चुके है। जल्द ही यहां पर कार्य शुरू हो जाएगा।

शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे है। लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलें, इसके लिए सभी चिकित्सा सुविधाएं आमजन को उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा है। लोकनायक जयप्रकाश सिविल अस्पताल में प्रथम चरण के तहत 100 बैड के अस्पताल की सुविधा लोगों को मिल रही है। अब लोगों को दूसरे चरण के तहत 100 बैड के नए अस्पताल की सुविधा मिलेंगी। निसंदेह इस सुविधा के मिलने से लोगों को काफी फायदा होगा और उन्हें अपने इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि आज हरियाणा के प्रत्येक नागरिक अस्पताल में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। कुरुक्षेत्र जिले के लोगों को भी बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलें, इसके लिए वह प्रयासरत है। पहले चरण में उन्होंने यहीं पर 100 बैड की चिकित्सा सुविधा लोगों को उपलब्ध करवाने का काम किया और अब दूसरे चरण के तहत 100 बैड के नए अस्पताल की सौगात लोगों को मिलेंगी। उन्होंने 100 बैड के नए अस्पताल की सौगात देने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह का आभार व्यक्त किया है।

कार्यकारी अभियंता राजकुमार ने बताया कि राज्यमंत्री के विशेष प्रयासों से यह सौगात लोगों को मिलने जा रही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल के प्रांगण में जो पुरानी बिल्डिंग है, उसे तोडकर यहां पर 100 बैड का नया अस्पताल बनाया जाएगा। इसी के तहत 36 करोड़ रुपए के सिविल वर्क के टेंडर हो चुके है और बाकी कार्य के भी टेंडर औपचारिकताएं पूरी होते ही हो जाएंगे।



**स्वास्थ्य पर जोर**

▸▸ फेस-2 के तहत आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार होगा 8 मंजिला नया अस्पताल: सुधा

### एडीसी ने ग्राम पंचायतो के सरपंचों को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एडीसी अपराजिता ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी मुक्त ग्राम पंचायतो को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला की कुल 43 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। एडीसी अपराजिता के द्वारा ग्राम पंचायतों के सरपंचों को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। एडीसी अपराजिता ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत अंबाला जिले में 43 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का चुनाव किया गया था। इन ग्राम पंचायतों में टीबी का एक भी मरीज न होने पर इन्हें टीबी मुक्त घोषित किया गया है। ग्राम पंचायतों की टीबी मुक्त की घोषणा से पूर्व कई मानकों की जांच की गई। इस क्रम में प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रति हजार आबादी पर 30 संभावित मरीजों की जांच, प्रति हजार की आबादी पर एक टीबी मरीज का पंजीकरण होने पर, कम से कम 80 से अधिक ठीक हुए टीबी मरीजों की ड्रग सेंसिटिव (डी.एस.) की जांच करने के उपरांत टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का चयन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाकर लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने सम्मानित होने वाली ग्राम पंचायतो से आह्वान किया कि वे इस टीबी मुक्त गाँव का दर्ज बरकरार रखें और वर्ष 2025 तक देश से टीबी को खत्म करने में शत-प्रतिशत योगदान दें। नोडल अधिकारी डॉ. सीमा ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत एक नई पहल है। जिसका उद्देश्य जिला के सभी गांवों को टीबी से जुड़ी समस्याओं को दूर करने व टीबी मुक्त गांव बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इससे पंचायतों द्वारा गांव के लोगों को टीबी बारे जागरूक कर उन गांवों को टीबी मुक्त बनाना हैं। साहिबपुरा, बेगौमाजरा, बाहपुर नकटपुर, मोटामाजरा, खन्ना माजरा, खासपुर, कुर्बानपुर, मेतलान, चूंगना, सकराहो, उदयपुर रसूलपुर, महमूदपुर, मुन्नरहेडी, ब्राहाण माजरा, छन्नी, टूंडली, शेरपुर, सुलखनी, बिकमपुर, हेमा माजरा, मुकन्द माजरा, कम्बासी, कसेरला खुर्द, मन्नु माजरा, रूकरी, सज्जन माजरी, रामपुर, आजमपुर, मुन्नामाजरा, पंजोड़ी, ओखल, टपरिया रूलदूकी, मेहताबगढ़, अल्लापुर, डूबली, घसीटपुर, पंजैल, थारवा, खुर्द, चट्टा, कलाल माजरी, खैरकी, जंगू माजरा।





**स्मृति चिन्ह**

▸▸ कुल 43 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। एडीसी अपराजिता के द्वारा ग्राम पंचायतों के सरपंचों को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए

### स्वर्गीय कृष्ण कुमार गौड़ की 19वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : कीर्तिनगर स्थित स्वयंसेवी संगठन श्री प्रेम भिक्षुक शिक्षा समिति में संस्था के पूर्व सचिव,समाजसेवी एवं साहित्यकार स्वर्गीय कृष्ण कुमार गौड़ (मोहन) की 19वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को उनके मित्रों, अनुयायियों और प्रशसंकों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस उपलक्ष्य में संस्थान में हवन आयोजित किया गया, जिसमें पंडित रविश गौतम ने गायत्री और श्रीमद्भगवद गीता के श्लोक पढ़कर हवन में आहुतियां डलवाई। कार्यक्रम में गौ पूजन, कन्या पूजन और ब्राह्मण पूजन किया गया। इस मौके पर मां शाकंभरी देवी सेवक मंडल कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष अशोक शर्मा बाली ने कहा कि स्वर्गीय गौड़ का जीवन काफी संघर्षमय रहा। उन्होंने अपने जीवन में गऊ सेवा, विद्या और अन्नदान को सर्वोपरी माना। समाजसेवा के साथ-साथ स्वर्गीय गौड़ ने साहित्य की भी सेवा की। उनके द्वारा संपादित प्रेम भिक्षुक पत्रिका में कई मर्मस्पर्शी रचनाओं को पढ? का मुझे अवसर मिला। स्वर्गीय गौड़ के पद्चिन्हों पर चलकर उनके तीनों पुत्रों ने संस्था व उनके नाम को रोशन किया है। कार्यक्रम में सचिव चंद्रमौलि गौड़, अनुज गौड़, अरुण गौड़, सुनील अंगीरस,राकेश कंसल,ललित चावला,श्याम जुनेजा,सुरेंद्र काठपाल,मनोज गुप्ता और राज अरोड़ा सहित संत,ब्राह्मण समाज एवं संस्था के सदस्य मौजूद रहे।



# मांगों को लेकर लिपिक वर्ग 7 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का करेगा घेराव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा का लिपिक वर्ग पिछले कई दशकों से अपनी एक मात्र मांग मूल वेतन 35400 को लेकर संघर्ष कर रहा है। पिछले साल क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी के आह्वान पर सरकार द्वारा लिपिक वर्ग की एक मात्र मांग मूल वेतन 35400 ना मानने के कारण हरियाणा सरकार के अधीन सभी विभागों, निगमों, बोर्ड और विश्वविद्यालयो में कार्यरत लिपिक वर्ग ने सरकार के विरोध में 5 जुलाई से लेकर 15 अगस्त तक 42 दिनों की सभी जिला मुख्यालयों पर हड़ताल की थी।15 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री



आवास पर तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और संगठन के पदाधिकारियों के बीच समझौता हुआ था कि 42 दिन की हड़ताल में से 35 दिन को ड्यूटी समय और 7 दिन का अर्जित अवकाश मान लिया जाएगा। मुख्यमंत्री और संगठन के पदाधिकारियों के बीच ये समझौता भी हुआ था कि कमेटी का गठन करके लिपिक वर्ग के कामों की समीक्षा की जाएगी और उनका वेतन निर्धारित किया जाएगा, लेकिन लगभग एक साल बीत जाने के बाद भी समझौता लागू नहीं हुआ। सरकार द्वारा कमेटी गठन के बाद भी लिपिक वर्ग को 21700 का लोलीपॉप दिया गया, जिससे हरियाणा का लिपिक वर्ग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है।

**प्रदर्शन की तैयारी**

**लिपिक वर्ग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। किसी भी लिपिक को एक रुपए का फायदा नहीं पहुंचा**

21700 से किसी भी लिपिक को एक रुपए का फायदा नहीं पहुंचा। इसी के विरोध में हरियाणा का लिपिक वर्ग ने क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर 7 जुलाई को करनाल में मुख्यमंत्री आवास घिराव का कार्यक्रम निर्धारित किया है। इसी कड़ी में क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर एसोसिएशन के राज्य प्रधान बलजीत जून और राज्य महासचिव सतीश ढाका कुरुक्षेत्र पहुंचे। अज यहां पहुंच कर उन्होंने 7 जुलाई के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लिपिक वर्ग से अपील की और ज्यादा से ज्यादा लिपिकों को करनाल पहुंचने का आह्वान किया। आज जिला कुरुक्षेत्र कार्यकारिणी ने प्रधान मंजू रानी के नेतृत्व में विभिन्न विभागों जैसे उपायुक्त कार्यालय, शिक्षा विभाग, सेल टैक्स, आबकारी विभाग, मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खजाना कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, समाज कल्याण के अलावा कई विभागों का दौरा किया और 7 जुलाई का न्यौता दिया।

# सरकार ने गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए काम किया: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

मुख्यमंत्री नायब सिंह बुधवार को स्थानीय सैक्टर-24 में समाजसेवी राजेश गोयल के निवास पर एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे, जहां पर पत्रकारों से बातचीत करने पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सदैव गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए काम किया है। यही नहीं युवाओं में एक बहुत बड़ा विश्वास जताने का भी काम प्रदेश सरकार ने किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जितने भी निर्णय अब तक लिए हैं या वर्तमान में जो निर्णय ले रही है वे सभी देश को मजबूती प्रदान करने वाले और देश को आगे बढ़ाने वाले निर्णय है। आज के समय में विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।



मुख्यमंत्री नायब सिंह का पानीपत में पहुंचने पर एनएफएल में स्थित हैलीपेड पर प्रदेश के विकास, पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा, शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट्हट, भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख गजेन्द्र सलुजा ने बुके देकर स्वागत किया। भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना ने मुख्यमंत्री नायब सिंह को उनका चित्र भेंट किया।

जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मुख्यमंत्री नायब सिंह का बुके देकर स्वागत किया।

## न्यूज फ्लैश

### अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर विचार गोष्ठी एवं जागरूकता रैली का किया आयोजन

**महेंद्रगढ़ टीम एक्शन इंडिया**

**दिनेश नौताना** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर बीएमडी फाउंडेशन एवं नेहरू युवा केंद्र नारनौल के सयुंक्त तत्वाधान में कनीना स्थित कार्यालय में विचार गोष्ठी एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता लक्कीराव सीगड़ा ने कीं मुख्य वक्त के रूप में काउंसलर पिन्की यादव उपस्थित थीं कार्यक्रम सयोंजक की भूमिका रचना शर्मा ने निभाई अध्यक्षता कर रहे लक्कीराव सीगड़ा ने कहा की व्यक्ति या तो नशे में अपराध करता है या फिर नशे के लिए अपराध करता है। नशे की हालत में व्यक्ति अपने पराए को भूल जाता है। आज हो रहे अपराधों के पीछे कहीं कहीं नशा जरूर छिपा है। वर्तमान समय में बहुत बड़ी संख्या में बुजुर्ग और बच्चे नशा करते हैं।

### मेडटेक में भारत की ऊंची छलांग: मीसो- मेरिल का बेहतरीन नी रिप्लेसमेंट रोबॉट

**पानीपत।** मेरिल ने, नी रिप्लेसमेंट रोबॉट मीसो को लॉन्च करके भारत के मेडिकल टेक्नोलॉजी सेक्टर में एक ऐतिहासिक कामयाबी हासिल की है। यह रोबॉट मेड इन इंडिया है ये तकनीक रोबोटिक सर्जरी में एक बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि है और मेडिकल टेक्नोलॉजी सेक्टर में भारत की ताकत को दर्शाती है। मीसो रोबॉट को अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके बनाया गया है और काम करने की क्षमता के हिसाब से डिजाइन का भी ध्यान रखा गया है, जिसके कारण ये अपने काम में बिल्कुल सटीक और कंसिस्ट है। एडवांस्ड टेक्नोलॉजी की वजह से यह रोबॉट ऑपरेशन की प्रक्रिया को आसान बनाता है जिससे रोगी को रिकवरी में कम समय लगता है। मेरिल के हेड ऑफ मार्केटिंग, इंडिया एंड ग्लोबल मनीष देशमुख ने कहा, ह्यमेरिल को मिसो की लॉन्चिंग करते हुए खुशी हो रही है। इसमें भारत में रोबोटिक तरीके से घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाने की क्षमता है। पिछले 20-25 साल में ऑस्टियोआर्थराइटिस के प्रति संवेदनशील लोगों की संख्या करीब 2.3 करोड़ से बढ़कर 6.2 करोड़ पर पहुंच गई है। घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की वास्तविक आवश्यकता और घुटना प्रत्यारोपण के लिए होने वाली कुल सर्जरी के बीच के अंतर को पाटने में रोबोटिक सर्जरी से मदद मिल सकती है। यहां के अस्पताल दूसरे देशों से रोबोटिक सिस्टम खरीदने के लिए निवेश करने में भी झिझकते हैं, क्योंकि इसके लिए सर्जन और ओटी स्टाफ का प्रशिक्षण भी जरूरी हो जाता है और इस पूरी प्रक्रिया में बड़ा समय लगता है। मिसो के माध्यम से हमारा लक्ष्य स्वदेशी प्लेटफॉर्म प्रदान करते हुए इस चुनौती का प्रभावी समाधान पेश करना है। इस टेक्नोलॉजी के साथ पूरा प्रशिक्षण एवं सपोर्ट भी प्रदान किया जाएगा। इससे रोबोटिक सर्जरी को केवल मेट्रो शहरों ही नहीं बल्कि टियर 2 एवं टियर 3 शहरों में भी उपलब्ध कराना संभव होगा। उन्होंने आगे कहा, ह्यइस लॉन्चिंग से जॉइंट रिप्लसमेंट सर्जरी और रोबोटिक्स के मामले में भारत में हमारी अग्रणी स्थिति को मजबूती मिलेगी। हम इस एडवांस्ड रोबोटिक सिस्टम के निर्यात की संभावना पर भी काम कर रहे हैं, जिससे भारत दुनियाभर में रोबोटिक सर्जरी की उपलब्धता बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाने में सक्षम हो रही है।




### अमेजन ब्यूटी ने लॉन्च किया डर्मा स्टोर और 'स्किनकेयर एडवाइजर'

**गुरुग्राम/नोएडा** अमेजन ब्यूटी अपनने ग्राहकों द्वारा सौंदर्य उत्पादों की खोज और खरीदारी के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। आज, अमेजन ने तीन प्रमुख पहलों के लॉन्च की घोषणा की है, इनमें अमेजन डर्मा स्टोर, अपग्रेडेड ग्लोबल ब्यूटी स्टोर 2.0, और इनोवेटिव स्किनकेयर एडवाइजर टूल शामिल है। इस गर्मी में, अमेजन ब्यूटी ग्राहकों को अमेजन की तेज डिलीवरी और भरोसेमंद खरीदारी अनुभव की सुविधा के साथ शीर्ष ब्रांडों, ट्रेंडिंग स्किनकेयर सामग्री, नए उत्पादो का लॉन्च और अद्वितीय खोजों का एक क्यूरेटेड चयन प्रदान करके ऑनलाइन सौंदर्य खरीदारी के अनुभव को बढ़ा रहा है। सौंदर्य प्रेमियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करते हुए, अमेजन ब्यूटी ने स्किनकेयर एडवाइजर भी पेश किया है, ये एक अभिनव उपकरण है, जो व्यक्तिगत त्वचा संबंधी चिंताओं और प्राथमिकताओं के आधार पर त्वचा की देखभाल के लिए समाधान प्रदान करता है। खोज में निर्बाध रूप से एकीकृत, ग्राहक अपनी त्वचा के प्रकार और लक्ष्यों के बारे में एक संक्षिप्त सर्वेक्षण करते हैं। इसके बाद टूल पूरी दिनचर्या को शामिल करते हुए उत्पाद रेकमेंडेशन का एक पर्सनलाइज्ड सेट पेश करता है, इसमें क्लींजर से लेकर उपचार, मॉइस्चराइजर, सनस्क्रीन और आंखों की देखभाल तक शामिल है। यह ग्राहकों को अमेजन के सहज निर्देशित अनुभव के माध्यम से उनकी अनूठी त्वचा की देखभाल की आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से उपयुक्त प्रोडक्ट्स को आसानी से खोजने में मदद करता है।

# कार्यकारिणी परिषद में 9 शिक्षकों को मिली पदोन्नति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद की 281वीं बैठक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यकारिणी परिषद ने 14 महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वहीं बैठक में 31 मई को हुई कार्यकारिणी परिषद की बैठक के मिनट्स की पुष्टि की गई व उन निर्णयों पर क्या कार्रवाई हुई, उस बारे में चर्चा की गई।

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कार्यकारिणी परिषद में बैठक में एसएफएस शिक्षकों व सीएएस के



तहत कुल 9 शिक्षकों को पदोन्नति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर साईंस एंड एप्लीकेशन के डॉ. प्रदीप कुमार मित्तल व डॉ. चन्द्रकांत को सीएएस के तहत प्रोफेसर बनाने की मंजूरी प्रदान की गई। वहीं यूआईईटी(सीएसई) से डॉ. पूनम रानी, डॉ. करमबीर व नरेश कुमार को एसएफएस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर(सीएएस) पद पर पदोन्नत करने की मंजूरी प्रदान की गई। वहीं इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के डॉ. नीरज बातिश व डॉ. जय किशन को एसएफएस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर(सीएएस) पद पर पदोन्नति प्रदान करने की मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि यूआईईटी(बायोटेक) से डॉ. अनिता पूनिया व डॉ. दीपक कुमार मलिक को एसएफएस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर(सीएएस) पद पर पदोन्नति प्रदान करने की मंजूरी प्रदान की गई। डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि बैठक में कैम्पस के मकानों की रेनोवेशन पॉलिसी को भी मंजूरी प्रदान की गई। वहीं आईएमसीटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अशोक शर्मा की ईओएल अवधि को एक वर्ष बढ़ाने की मंजूरी प्रदान की गई। इसके साथ ही डॉ. रमेश कुमार मेहता, ऑनरेरी प्रोफेसर आईपीआर एंड टैक्नॉलाजी ट्रांसफर की केयू पेटेंट सेवाओं को दो वर्ष के विस्तार की अनुमति प्रदान की गई। बैठक में अर्थशास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. वीएन अत्री को इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंडो पैसिफिक स्टडीज के निदेशक पद की अवधि को आगामी छह माह के लिए बढ़ाने की अनुशंसा की गई।

# पिस्तौल के बल पर सुपरवाइजर से बाइक लूटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** सनपेड़ा स्थित कंसल पेब फैक्ट्री से बाइक पर घर लौट रहे फैक्टरी सुपरवाइजर व उसके दो साथियों के साथ सनपेड़ा मोड़ पर बदमाशों ने मारपीट कर दी। मारपीट के बाद बदमाश पिस्तौल के बल पर सुपरवाइजर की बाइक लूट कर फरार हो गए। सुपरवाइजर ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। जानकारी अनुसार अमखेड़ा, पीलीभीत, उत्तरप्रदेश हाल जीवन विहार, मुरथल रोड पर किराये पर रहने वाला इजहार सनपेड़ा स्थित कंसल पेब फैक्ट्री में सूपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। मंगलवार की रात को इजहार अपने साथी, शाबीर व नोशाद के साथ

**लूटपाट**

**फैक्टरी सुपरवाइजर व उसके दो साथियों के साथ सनपेड़ा मोड़ पर बदमाशों ने मारपीट कर दी**

बाइक पर कमरे पर लौट रहे थे। जब वह सनपेड़ा मोड़ पर जीटी रोड के पास पहुंचे तो तीन बदमाशों ने आवाज देकर उन्हें रुकवा लिया और उनके साथ मारपीट कर दी। इसके बाद बदमाश पिस्तौल दिखाते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी और उनकी बाइक छीन कर फरार हो गए।

# प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में कार्यरत रजिस्ट्रार को दी विदाई



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को रजिस्ट्रार डा. मनोज की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रजिस्ट्रार डा. मनोज ने स्कूल में 23 मार्च 2020 से अब तक स्कूल के उत्थान के लिए कई कार्य किए। अब उन्होंने जीटी रोड स्थित जैन गर्ल्ज कालेज में प्राचार्य का पद संभाल लिया है। इस दौरान स्कूल निदेशक डा. संजय जैन व अमित बत्रा ने स्कूल के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की एवं उनका उत्साह वर्धन किया। निदेशिका डा. सुनीरा जैन, रुचिका बत्रा, प्राचार्य सुरेंद्र छाबड़ा व उप प्राचार्या दीपमाला व्यास ने उन्हें उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। विदाई समारोह के अवसर पर कुछ अध्यापकों ने विदाई गीत तथा सुंदर कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की।

# निर्माणाधीन अंडर पास के निर्माण में आएगी तेजी, विज ने की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत** शहर मे विधायक प्रमोद कुमार विज द्वारा बनवाए जा रहे 5 अंडर पास के निर्माण की समीक्षा के लिए विधायक विज ने अपने दफ्तर में रेल्वे एवं निगम अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक की, विधायक ने अधिकारियों को अंडर पास के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के आदेश दिए।

अधिकारियो ने विधायक को निर्माण कार्यों की रिपोर्ट में असंध रोड अंडर पास के पूर्ण होने की रिपोर्ट सौंपते हुए कहा कि बाकी के 4



अंडर पास का निर्माण कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है, शीघ्र ही जनता की सेवा हेतु समर्पित होंगे क अंडर पास से जलनिकासी एवं लाइट लगाने की व्यवस्था नगर निगम के द्वारा की जाएगी, जलनिकासी हेतु अंडर पास के बगल में नालियां बनाई जाएंगी एवं रात के समय जगमग करने के लिए लाइटें भी लगाई जायेंगी।

# स्वीटी रंगा ने कांग्रेस की नीतियों का प्रचार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद:** हल्का शाहबाद के गांव नगला में कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी का गांव वासियों द्वारा कार्यक्रम में फूलमाला पहनाकर स्वागत कर आशीर्वाद दिया स्वीटी रंगा ने। कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। स्वीटी रंगा नलवी लगातार हल्का शाहाबाद के गांव और शहर में जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार कर रही है। स्वीटी रंगा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हर वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है। आज युवा बेरोजगार घूम रहे हैं, महंगाई की मार पड़ रही है। स्वीटी रंगा ने कहा कि जो भी युवाओं की परीक्षाएं हैं सरकार द्वारा उनका संचालन सही प्रकार से किया जाए।

# हर्बल-ऑक्सीजन पार्क किया गया स्थापित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**प्रोफेसर द**लजीत कुमार की हर्बल - गार्डन की मुहीम के अंतर्गत पॉलिमर टर्मिनल रिफाइनरी पानीपत में 200 से अधिक पौधे रोपित करके हर्बल-ऑक्सीजन पार्क किया गया स्थापित। पॉलिमर टर्मिनल रिफाइनरी पानीपत स्वास्थ, सुरक्षा एवं पर्यावरण आधिकारी सचिन रायकवार ने बताया कि सुरेश कुमार उपमहाप्रबंधक पॉलिमर टर्मिनल पानीपत के नेतृत्व में ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार के सहयोग व मार्गदर्शन आज पॉलिनर टर्मिनल रिफाइनरी पानीपत में हर्बल-ऑक्सीजन पार्क स्थापित किया गया। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इतिहास



विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने बताया कि आज गूलर, महुआ,सहजन, गुड़हल, कॉलियस, हरसिंगार,मिनी मधुकामिनी, अल्मांडा,ट्रंपट वाइन, गिलोय, लेजसटोनिया इंडिका, बॉगनविला, 5 प्रकार की तुलसी, लेमन ग्रास, वज्रदंती, ब्राह्मी,मधुमालती, आंवला, नागदोन, इलाइची छोटी व बड़ी,कढ़ी पत्ता, सदाबहार, पत्थरचट्, कचनार, बहेड़ा, अपराजिता, पपीता, इंसुलिन दो प्रकार, यूफोरबिया, अमलतास, हींग, मल्टी स्पाइसिज, स्पाइडर लिली,बांस, अंजीर, चंपा, धृतकुमारी, रेन लिली, मैक्सिकन मिंट (अजवाइन),हरड़, दालचीनी,,सतावर, पर्पलहर्ट, निम्बू आदि के 200 से अधिक आयुर्वेदिक और ऑक्सीजन से भरपूर पौधे रोपित करके हर्बल-ऑक्सीजन पार्क का निर्माण उप-महाप्रबंधक सुरेश कुमार और सचिन रायकवार के बुलावे पर स्थापित किया गया। उप-महाप्रबंधक सुरेश कुमार ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की हर-घर हर्बल और हर्बल - गार्डन मुहीम से जुड़कर हर्बल-ऑक्सीजन पार्क स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि दिनों दिन बढ़ रहे तापमान और प्रदूषण को देखते हुए हर एक व्यक्ति को साल में कम से कम दो पौधे जरूर रोपित करने चाहिए।

# निशुल्क रोजगारपरक प्रशिक्षण दे रही ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान



**टीम एक्शन इंडिया**

**नारनौल।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर के निदेशक एचआर सभरवाल ने आज स्वरोजगारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ये संस्थान सभी प्रतिभागियों को निशुल्क रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इससे इलाके के लोगों खासकर महिलाओं को रोजगार सृजन के नए-नए अवसर मिलते हैं।उन्होंने सभी प्रतिभागियों के साथ अपने बैंकिंग अनुभव सांझा कर उनको साइबर फ्राड के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कभी भी किसी को फोन पर अपनी निजी जानकारी सांझा ना करें। गौरतलब है कि एचआर सभरवाल 24 मई को नए निदेशक के तौर पर पदभार ग्रहण किया।

# घर के बाहर झाड़ू लगा रही महिला को आवारा गोवंश ने मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** शहर के प्रजापत चौक पर अपने घर के बाद झाड़ू लगा रही महिला को आवारा गोवंश ने टक्कर मार दी। महिला के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बावजूद इसके प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। प्रजापति चौक के पास रहने वाली पूजा बुधवार की सुबह अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। इस दौरान आवारा गोवंश आपस में भिड़ गए। जिसके बाद एक गोवंश ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पूजा हवा में उछल कर सीधे नीचे गिरी। इसके बाद गोवंश ने महिला को एक



और टक्कर मारी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद पूजा को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इस हादसे में पूजा के सिर फट गया और उसे पांच टांके आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में आवारा पशुओं का आतंक है। कुछ महीने पहले भी वार्ड 9 गन्नौर-बड़ी रोड स्थित कालोनी व बादशाही रोड स्थित राम मंदिर के सामने रहने वाली महिला को भी आवारा गोवंश ने टक्कर मार कर घायल कर दिया था।

# बदलेंगे हरियाणा का हाल, अब लाएंगे केजरीवाल: चुघ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष राकेश चुघ की अध्यक्षता में बदलाव जनसंवाद को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने "बदलेंगे हरियाणा का हाल, अब लाएंगे केजरीवाल" अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को जरूरी दिशानिर्देश दिए। जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने इस अभियान को लेकर कहा कि हरियाणा की जनता ने एक बार सभी पार्टियों को मौका दिया। लेकिन उन्होंने हरियाणा के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। इस बार जनता को हरियाणा के लिए वोट करना है। यदि हरियाणा में बड़ा बदलाव चाहिए तो अरविंद केजरीवाल और



आम आदमी पार्टी को लाना पड़ेगा। इस बार गाड़ी के टायर को नहीं बल्कि पूरी गाड़ी बदलनी है। तभी हरियाणा के लोगों का भला हो सकेगा। राकेश चुघ ने कहा कि बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल को इसलिए जेल में डाला, क्योंकि उनको डर था कहीं हरियाणा का लाल अरविंद केजरीवाल दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा से भी इनका सफाया न कर दे। क्योंकि हरियाणा तो अरविंद केजरीवाल की जन्मभूमि है। हरियाणा की जनता ने इन पार्टियों को बहुत मौके दिए, लेकिन इन्होंने बार बार धोखा दिया। किसानों, महिलाओं और युवाओं के साथ गद्दारी की। आज हरियाणा का हर वर्ग धरने पर है।

**चुनाव की तैयारी**

**हरियाणा की जनता ने सभी पार्टियों को मौका दिया। लेकिन उन्होंने हरियाणा के लोगों के लिए कुछ नहीं किया**

बेरोजगारी इतनी बढ़ गई है कि हर घर में पढ़ा लिखा युवा बेरोजगार बैठा है। इन्होंने युवाओं की इतनी दुर्दशा कर दी है कि वो या तो बेरोजगार बैठा है या अवैध तरीके से विदेश जा रहा है या नशे में चला गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई चरम सीमा पर है। एक भी सरकारी स्कूल पढ़ने लायक नहीं है। अमीर के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर बनेंगे और गरीब किसान व छोटे व्यापारी के बच्चों की जिम्मेदारी कौन लेगा। सरकारी अस्पताल में न दवाई, न डॉक्टर और न कोई सुविधा है। बिजली के लंबे लंबे कटों से जनता परेशान है। यदि ये सब कुछ बदलना है तो पूरी गाड़ी बदलनी पड़ेगी। इस बार बड़ा बदलाव लाना है। सुखबीर मलिक ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने कभी किसी के बेटे तो कभी किसी के पिता के नाम पर वोट दिया।

इस बार अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट करना है। बीजेपी सरकार ने किसानों पर डंडे बरसाए और हमारी बहनों को दिल्ली में सड़कों पर घसीटा। हम अपनी मां बहनों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नहीं करेंगे।

# करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी की हुई कार्यकारिणी बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने करावल नगर जिला कांग्रेस के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक ली। इस बैठक में उत्तर-पूर्वी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉ. कन्हैया कुमार, पूर्व विधायक हसन अहमद, जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज की उपिस्थिति में मंत्रोचारण उपरांत दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ कर कार्यकारिणी के तीन प्रस्ताव पास करते हुए देवेंद्र यादव ने कहा कि अब से प्रत्येक माह की 5 तारीख को जिला स्तर पर और 2 तारीख को ब्लॉक स्तर पर मासिक बैठक की जायेगी। ताकि आपसी संवाद और समन्वय स्थापित कर पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान की जा सके। सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाना अनिवार्य







रहेगा और अपने-अपने क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, आरडब्ल्यूए और एनजीओ से संवाद कर पुनः अपने साथ जोड़ा जाए क्योंकि जैसे-जैसे कांग्रेस सत्ता से दूर होती गई। इस तरह की संस्थाएं हमारे से दूर होती चली गई। क्योंकि नकारात्मक राजनीति करने वाली भाजपा और झूठी राजनीति करने वाली आम आदमी पार्टी ने पिछले 10 वर्षो से दिल्ली के विकास को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के अलावा कोई काम नहीं किया। चाहे बात शिक्षा की हो, जलापूर्ति की हो, बिजली की हो या फिर दिल्ली की साफ सफाई और रख-रखाव की बात हो।

कन्हैया कुमार ने भी अपने संबोधन में युवाओं के भविष्य को अंधकारमय कर देने का आरोप लगाते हुए भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह लगातार पेपर लीक हो रहे हैं उससे छात्रों और उनके माता पिता के मन में बहुत आक्रोश है।

जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने दिल्ली सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि दिल्ली बूंद-बूंद पानी को तरस रही है लेकिन जलापूर्ति मंत्री एक स्क्रिप्टेड अनशन का नाटक कर दिल्ली के लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही हैं। दिल्ली पानी के अभाव में प्यासी तो थी ही कि अब बिजली के लंबे लंबे कट लगने शुरू हो गए हैं।

मानसून सिर पर आ गया है लेकिन अभी तक नालों की गाद निकालने का काम भी नहीं हो पाया है, जिस समस्या को मैने खुद कई बार मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर उपराजपाल को पत्रकार द्वारा संज्ञान में लाने का प्रयास किया लेकिन नतीजा अभी तक जीरो रहा है। क्योंकि भाजपाई सांसदों और आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने कभी जनता के हितों को सर्वोपरि नहीं समझा नतीजा दिल्ली आज बेबसी के आंसू रोने को मजबूर है।

इस बैठक में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एस पी सिंह, अरविन्द सिंह, जितिंदर भगेल, पूर्व सचिव एआईसीसी अली मैहदी, प्रमोद त्यागी, पूर्व चेयरमैन ईश्वर बाँगड़ी, अशोक भसींन, खुसनूद पार्षद, जावेद चौधरी पार्षद, मंगेश त्यागी, जगनंदन त्यागी, अनिल शर्मा पूर्व निगम पार्षद, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी, रविंद्र त्यागी, उमा शर्मा, राजीव राणा, सुनहरी अनुराग, ननवा प्रधान, ओंकार डींगिया, श्याम सिंह सिसोदिया, ललित गौड़, आर पी झा, तपन झा, सुरेंद्र कोच, परवीन भड़ाना, चंदन चौबे, सुरेश दाहिया, वीना भट, राम निवास यादव, शेज्द खान कालीचरण पवार चेयरमैन, सुखबीर, जगदीश सोदा सचिव, कुलदीप जोशी, रामबिलास शर्मा, राकेश ठाकुर, इऊ शर्मा, नरेश पाल पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी, मुनेश पाल, अब्दुल कय्यूम, डॉक्टर वी आर चौधरी, नेत्रपाल ,आरिया, फकीर चंद, तारा भाई, अशोक भगेल, मेवाराम भारद्वाज, बॉबी, एम एल निगम, मदन लाल शर्मा, रोशन लाल, प्रदीप शर्मा, पीएस रावत, बलजीत शर्मा, मुकेश पाल, वीर सिंह, जितेंद्र भगेल, मुकेश पाल, अमित डेढा, सुरेन्द्र चौधरी, नफे सिंह, राजीव राणा, नारायण दत्त, रवि शंकर, महाराज सिंह, राजकुमार शर्मा विद्यार्थी, देवेंद्र मिश्रा, सुबास चक्रवर्ती, विजय नार्यन तिवारी, हरि पंडित के साथ-साथ कार्यकारिणी के अन्य सभी लोग भी उपस्थित रहे।

# पेड़ों की कटाई पर कोर्ट सख्त, सरकार को दिया ग्रीन एरिया बढ़ाने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है कि वो दिल्ली में ग्रीन एरिया को बढ़ाने के लिए उपाय करें और इसे लेकर दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के साथ बैठक करें। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने कहा कि दिल्ली में पेड़ों की कटाई की वजह से दिल्ली के लोग गर्मी से परेशान हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम वन विभाग और ट्री अथॉरिटी से उम्मीद करते हैं कि वे दिल्ली में पेड़ों की गैरकानूनी कटाई पर नजर बनाये रखें और कार्रवाई करें। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में पेड़ों की कटाई को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। कोर्ट ने डीडीए के उपाध्यक्ष को निर्देश दिया कि वे 01 जुलाई को ये स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या रिज इलाके में दिल्ली के उप-राज्यपाल की अनुमति से पेड़ काटे गए, जबकि कोर्ट ने



इसकी अनुमति नहीं दी थी। उल्लेखनीय है कि 24 जून को कोर्ट ने दिल्ली में भीषण गर्मी की स्थिति पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को स्वतः निर्देश देने का प्रस्ताव दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए से पूछा था कि कैसे पेड़ सरंक्षण अधिनियम को लागू किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए से कहा था कि अगर जरूरत पड़ी तो दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को भी इसमें शामिल किया जाए। कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण चलाने का अभियान चलाया जाए। दरअसल सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के दक्षिणी रिज इलाके में बड़े पैमाने पर पेड़ों को काटने के मामले में डीडीए के उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रहा है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने 16 मई को पांडा को गुमराह करने वाले हलफनामा पर नाराजगी जताते हुए अवमानना नोटिस जारी किया था। डीडीए के उपाध्यक्ष ने अपने हलफनामा में कहा था कि उनकी जानकारी के बिना 642 पेड़ काटे गए। इसी हलफनामा पर गौर करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब डीडीए पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। जस्टिस ओका ने कहा था कि मैं बीस वर्षों से ज्यादा समय तक संवैधानिक कोर्ट में जज रहा हूं लेकिन ऐसा गुमराह करने वाला हलफनामा अभी तक नहीं देखा। कोर्ट ने कहा कि ये पता होते हुए कि बिना कोर्ट की अनुमति के एक भी पेड़ काटे नहीं जाएंगे, दस दिनों तक पेड़ों की कटाई होती रही। सुप्रीम कोर्ट में दायर अवमानना याचिका में कहा गया है कि दिल्ली में रिज इलाका ही ऐसा इलाका है जहां दिल्ली में वन बचे हुए हैं। रिज इलाके में डीडीए ने काफी पेड़ों को गिराया है और करीब साढ़े दस किलोमीटर से लंबे रोड का निर्माण कराया है। ये रोड मेन छतरपुर रोड से सार्क यूनिवर्सिटी तक बनी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने 04 मार्च को डीडीए को 1051 पेड़ों को गिराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डीडीए सरकार का अंग है और उसे पेड़ों को बचाने के लिए आगे आना चाहिए।



**अयोध्या से दिल्ली के रोहिणी आगमन पर आए आचार्य रामभद्राचार्य जी का आशीर्वाद लेते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल व अन्य।**

# नजफगढ़ जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस को जमीनी स्तर पर संगठनात्मक मजबूती देने के लिए नजफगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक द्वारका सेक्टर 19बी के लार्ड अपार्टमेंट में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में हुई। बैठक की कार्यवाही से पहले वंदेमातरम गायन हुआ और प्रदेश अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित किया। बैठक की अध्यक्षता और जिला अध्यक्ष सतबीर शर्मा ने की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, सुमेश शौकीन मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि जन नायक हमारे प्रिय नेता



राहुल गांधी के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने पर हम बधाई और शुभकामनाऐं देते है। इसके बाद राहुल संसद में तानाशाह भाजपा सरकार की लोकतांत्रिक मयार्दाओं से हटकर काम करने की कार्यशैली पर लगाम लगाने और देश के गरीब, पिछड़े मजबूर, मध्यम वर्ग, निम्न वर्ग तथा भाजपा सरकार से हताश बेरोजगार, युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों, किसानों को न्याय दिलाने के लिए परिपक्वता के साथ लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश राहुल गांधी की ओर देख रहा है, हमें अपने प्रयासों से संगठन को मजबूत बनाकर अगले 5 वर्षों देशवासियों के हितों, अधिकारों और उनके कल्याण के लिए काम करना है ताकि अगली बार कांग्रेस बहुमत के साथ केन्द्र में अपनी सरकार बनाऐंगे। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि संगठन को बूथ लेवल से लेकर जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता कर्मठता और अनुशासन के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाऐगा।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता, नेता और पदाधिकारियों के विचारों और सुझावों को शामिल करके संगठन को सुदृढ़ बनाया जाऐगा।

उन्होंने कहा कि सभी ब्लाक अध्यक्ष हर महीने 2 तारीख और जिला अध्यक्ष अपने जिले की बैठक 5 तारीख को करेंगे।

# वजीरपुर वार्ड में सफाई व्यवस्था में हो रहा है सुधार





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही है, जहां एक ओर वह क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन उनकी समस्या का उचित समाधान कर रही है।

वहीं क्षेत्र में जो विकास कार्य हो रहे है, उनका भी निरीक्षण कर रही है, ताकि विकास कार्यों में लेट-लतीफी न हो सके।

बुधवार को भी निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने क्षेत्र का दौरा किया और क्षेत्र में मौके पर मौजूद रहकर सफाई करवाई।

इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने आगे बताया कि मैंने सफाई कर्मचारियों को भी सख्त निर्देश दे रखे है कि वह सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जल सत्यग्रह कर जिम्मेवारियों से भाग नहीं सकती जलमंत्री अतिशी: कुमारी कुसुम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जहां एक तो ओर दिल्ली में पानी को लेकर त्राहीमाम-त्राहीमाम मची हुई है और लोग पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे है। वहीं दूसरी ओर दिल्ली की जलमंत्री अतिशी जल सत्यग्रह धरने पर बैठकर सत्यग्रह का अपमान करने के साथ-साथ अपनी जिम्मेदारियों से भागने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। ऐसा कहना है जीटीबी नगर से भाजपा की पूर्व निगम पार्षद कुमारी कुसुम का। उन्होंने कहा कि धरने-प्रदर्शन करने या फिर जल सत्यग्रह करने से दिल्ली के लोगों की प्यास नहीं बुझने वाली है। वहीं कुसुम ने कहा कि वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जहां से आसपास के क्षेत्रों में



पानी की सप्लाई की जाती है, जहां पर दिल्ली सरकार की जलमंत्री अतिशी ने कभी दौरा भी किया है क्या वहीं पर कितनी गंदगी है व लोगों को गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है, क्या इसका जवाब है उनके पास।

**जलबोर्ड के नलों से निकलता बदबूदार पानी:** कुसुम ने अतिशी को सवालों के कटघरे में खडी करते हुए कहा कि दिल्ली में दिल्ली जल बोर्ड और गंदे पानी की सीवर पाइप लाइन भूमिगत एक साथ डाली गई है, जिसके चलते दिल्ली में कई जगहों पर पीने के नल से सीवर का गंदा व बदबूदार पानी आता है, जिसे पीना तो दूर की बात उससे नहाना भी नामुमकिन है।

**झूठे स्वांग रचाना बंद करें अतिशी:** कुसुम ने जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पानी का निजीकरण करने दिल्ली में जगह-जगह बोरिंग करवाकर पानी के प्लांट बना लिए गए थे।

# सरकार जल संकट का हल निकालने के लिए कांग्रेस की कार्यशैली से सीख ले'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की निष्क्रियता, लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण दिल्ली की जनता जल संकट से त्रस्त है और पिछले 10 वर्षों के शासन में केजरीवाल सरकार ने लगतार बढ़ती दिल्ली की जनसंख्या के अनुसार पानी उत्पादन की क्षमता में एक एमजीडी पानी की बढ़ोत्तरी नहीं की है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली अपने पीने के पानी की 90 प्रतिशत जरुरत के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है उसके बावजूद दिल्ली जल बोर्ड ग्रीष्म काल से पूर्व दिल्ली के लिए पानी की पर्याप्त जरुरत के लिए कोई योजना तैयार नहीं कर रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड दिल्ली के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट उतना ही जल उत्पादन कर रहे है जितना 10 वर्ष पहले कांग्रेस की सरकार के समय हो रहा था। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की दिल्ली की जनता के प्रति अनदेखी और असंवेदनशीलता के चलते दिल्ली की 3 करोड़ जनता पानी के लिए तरस रही है। दिल्ली के कई क्षेत्रों में 2-3 सप्ताह से बिल्कुल पानी नही मिल रहा है।

# नांगलोई : भाजपा ने मनिंदर गहलोत को दिखाया बाहर का रास्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बडा और प्रसिद्ध राजनैतिक दल माना जाता है। भाजपा अनुशासन और नियमों को लेकर हमेशा सजग और सतर्क रहती है।

पार्टी का कोई अधिकारी, पदाधिकारी और कार्यकर्ता यदि अनुशासन को भंग करता है तो पार्टी कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटती। इसी के चलते नांगलोई क्षेत्र में रहने वाले व किसान मोर्चा दिल्ली प्रदेश में मंत्री पद पर कार्यरत मनिंदर गहलोत को उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते भाजपा प्रदेश की ओर से पार्टी ने उन्हे निष्कासित करते हुए बाहर का रास्ता दिखा दिया। मामले में मिली जानकारी के अनुसार पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा गहलोत को बहुत बार चैताया भी गया था की वह पार्टी विरोधी गतिविधियों को करना बंद कर दें अन्यथा पार्टी उनके खिलाफ कठोर कदम उठाने को विवश होगी, लेकिन मनिंदर गहलोत लगातार पार्टी की अवमानना करते रहे जिसके बाद पार्टी की ओर से कठोर कदम उठात हुए मनिंदर गहलोत को निष्कासित किया गया है।

**मनिंदर गहलोत को किया निष्कासित:** उल्लेखनीय है कि गत 24 तारीख को भाजपा दिल्ली प्रदेश ने अधिकारिक सूचना जारी करते हुऐ किसान मोर्चा दिल्ली प्रदेश में मंत्री मनिंदर गहलोत को पद से निष्कासित कर दिया है। नांगलोई निवासी मनिंदर गहलोत की पार्टी विरोधी और समाज विरोधी गतिविधियों को देखते हुऐ ऐसा निर्णय लिया है।

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें पहले भी कई बार चेतावनी दी जा चुकी थी। बडे पदाधिकारियों द्वारा उन्हें समय-समय पर समझाया भी गया। परंतु उनकी अनुशासनहीनता लगातार जारी रहीं जिसके कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से पद मुक्त कर दिया गया है।

# केजरीवाल ने शराब घोटाला ही नहीं जल घोटाला भी करके प्यास से तड़पाया है दिल्ली को: कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आप नेताओं को समझना चाहिए कि दिल्ली के लोग अब इस बात पर विश्वास करते हैं कि केजरीवाल सरकार ने न केवल शराब घोटाला किया है बल्कि दिल्ली जल बोर्ड, यमुना सफाई से लेकर पैनिक बटन तक में भी घोटाले किए हैं और यही कारण है कि उन्होंने लोकसभा चुनावों में आप को करारी शिकस्त दी। इसके साथ ही दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं जैसे सौरभ भारद्वाज या जैस्मिन शाह को जांच एजेंसियों पर संदेह करना खेदजनक है। आप नेताओं की



समस्या यह है कि शिकायत प्राधिकरणों और जांच एजेंसियों की तो छोड़िए, वे चाहते हैं कि अदालतें भी उनके पार्टी नेताओं के खिलाफ शिकायतों का संज्ञान न लें। कपूर ने कहा कि आप नेताओं की समस्या आज यह है कि वे चाहते हैं कि सी.बी.आई. और ई.डी. उनके खिलाफ मामला न चलाएं और वे एजेंसी पर झूठे आरोप लगाकर सीबीआई की छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। सौरभ भारद्वाज से लेकर जैस्मिन शाह तक सभी जानते हैं कि शराब घोटाले में सीबीआई का मामला 2022 से चल रहा है और इसमें अप्रैल 2023 में केजरीवाल को तलब किया गया था, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से भारद्वाज और जैस्मीन शाह ऐसा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं जैसे केजरीवाल को पीड़ित किया जा रहा है। आप नेताओं को समझना चाहिए कि दिल्ली के लोग अब इस बात पर विश्वास करते हैं कि केजरीवाल सरकार ने न केवल शराब घोटाला किया है।

# नांगलोई : कार्यकर्ता ही है पार्टी की रीढ़ की हड्डी: योगेंद्र चंदोलिया

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**
**नई दिल्ली:** दिल्ली लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सातो लोकसभा सीटों से भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद उतरी पश्चिमी लोकसभा सीट से सांसद बनने के बाद उत्तर पश्चिमी लोकसभा के नांगलोई विधानसभा क्षेत्र में नवनिर्वाचित सांसद योगेंद्र चंदोलिया की अध्यक्षता में भाजपा बाहरी दिल्ली जिला द्वारा कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधानसभा के प्रत्येक मंडल से बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, बीएलए 2 को सम्मानित किया गया इसके साथ ही सभी कार्यकर्ताओं का नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही





चंदोलिया ने कहा कि सभी बुजुर्गो, भाजपा पदाधिकारियों, शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों का धन्यवाद करता हूं कि जिन्होंने अपना प्यार और सहयोग देकर मुझे सेवा के लिए चुना है और मैं उन सभी लोगों का तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूं। **कार्यकर्ता ही है पार्टी की रीढ़ की हड्डी:** उन्होंने मंच से जनता को संबोधित करते हुऐ कहा कि कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं। इसलिए वे सदैव सम्मान के पात्र होते हैं। खासकर वैसे कार्यकर्ता जिन्होंने पार्टी को अपने परिश्रम के बल पर सींच कर इतना बड़ा रूप दिया है। सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन और स्वागत करता हूं, जिन्होंने जबरदस्त गर्मी के बाद भी चुनाव जी जान से मेहनत की और चुनाव जिताकर तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने में सभी ने सहयोग किया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने की जान से मेहनत की है और केंद्र सरकार की योजनाओं को भी उन्होंने जनता के बीच पहुंचाने का कार्य किया है कार्यकर्ता सम्मान समारोह में सभी का स्वागत और अभिनंदन है।

# हरियाणा में लगातार व्यापारी व उद्योगपतियों से फिरौती मांगी जा रही है- बजरंग गर्ग

**आरोप**

**हरियाणा सरकार अपराध को रोकने में पूरी तरह से विफल सिद्ध हुई है- बजरंग गर्ग**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
अपराधियों द्वारा भीम ऑटो मोबाइल ऑटो मार्केट दुकान नंबर 20-21 पर टेलीफोन पर 2 करोड रुपए की फिरौती मांगने से व्यापारियों में भय का माहौल है। पीड़ित व्यापारी ने हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग से उनके निवास स्थान पर मिले और सारी घटनाक्रम की जानकारी दी। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने ऑटो मार्केट में पहुंचकर व्यापारियों की मीटिंग दी और श्री गर्ग ने कहा कि हिसार ही नहीं पूरे हरियाणा में लगातार व्यापारी व उद्योगपतियों से फिरौती मांगी जा रही है जबकि हिसार में महिंद्रा शोरूम पर फायरिंग करके 5 करोड रुपए व एक व्यापारी से 50 लाख रुपए। इसी प्रकार करनाल, रोहतक, गोहाना, पानीपत, सिरसा, जींद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, भिवानी, कैथल आदि जगहों पर फिरौती मांगी गई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में ऐसा कोई दिन खाली नहीं जाता जिस दिन व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता साथ लूटपाट, अपहरण, हत्या व फिरौतियों की वारदात नहीं होती है। हरियाणा सरकार अपराध को रोकने में पूरी तरह से विफल सिद्ध हुई है। आज प्रदेश का व्यापारी, उद्योगपति व हर नागरिक भय के साए में जी रहा है। आज क्राईम के मामले में हरियाणा नंबर वन पर है। आज हरियाणा में व्यापारी, उद्योगपति तो क्या बहन-बेटियां तक सुरक्षित नहीं है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार पूरी तरह से सुस्त है और हरियाणा में अपराधी चुस्त है। अपराधी खुले आम अपराध कर रहे हैं और सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में ऐसे ही अपराध बढ़ता रहा तो प्रदेश का व्यापारी व उद्योगपति प्रदेश से पलायन कर जाएगा। पहले भी भय के कारण काफी व्यापारी हरियाणा से पलायन कर चुके हैं। सरकार को व्यापारी व आम जनता की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए और अपराधियों का पक्का इलाज करना चाहिए ताकि कोई भी अपराधी हरियाणा में अपराध करने की हिम्मत ना कर सके। अपराध को रोकने के लिए व्यापार मंडल पूरी तरह से सरकार के साथ है।28 जून को ऑटो मार्केट, फेस 1, 2 व 3 पूर्ण रूप से बंद रहेगी जिसमें लगभग 30000 मिस्त्री व व्यापारी हर रोज अपना व्यापार करते हैं।

# हरियाणा राज्य प्री सुब्रतो कप में भूना क्लब ने पाया प्रथम स्थान



**टीम एक्शन इंडिया/भूना**
खेल विभाग हरियाणा के सौजन्य से अंबाला में हरियाणा राज्य प्री सुब्रतो कप के हत फुटबॉल की अंडर-17 (लडकों) टूनार्मेंट आयोजित हुई, जिसमें भूना क्लब की ओर खेलते हुए लॉर्ड कृष्णा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भूना ने प्रथम स्थान हासिल किया। टूनार्मेंट के दौरान फतेहाबाद टीम ने पहले मैच में पानीपत को 3-0 और दूसरे मैच में जींद की टीम को 3-0 से हराया।
इसी प्रकार से सेमीफाइनल में फतेहाबाद टीम ने सोनीपत को 3-0 और फाइनल में अंबाला को 3-0 से हराया। टूनार्मेंट में प्रथम स्थान हासि करने पर स्कूल के प्रिंसीपल रमेश कंबोज, डायरेक्टर दीपक कंबोज, फुटबॉल प्रशिक्षक जसमेर, डीपी राजेश आदि ने विजेता खिलाडि ?ों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।
**फोटोः**
हरियाणा राज्य प्री सुब्रतो कप के भूना क्लब के विजेता खिलाड़ी।

# पिछड़ा वर्ग के वोट के लिए भाजपा कर रही लोकलुभावन घोषणाएं : खोवाल

**चुनावी स्टंट**

**- हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले पिछड़ा वर्ग को बरगलाने की कोशिश कर रही भाजपा : खोवाल**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पिछड़ा वर्ग के लिए की गई घोषणाओं को हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने चुनावी स्टंट बताया है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि पिछले दस वर्षों से केंद्र व हरियाणा में भाजपा की सरकार है लेकिन भाजपा ने कभी पिछड़ा वर्ग की सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि दोनों बार बड़े-बड़े वादे करके और पिछड़ा वर्ग को बरगलाकर भाजपा ने वोट बटोरे हैं। अब अक्टूबर में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा एक बार फिर वही स्टंट रच रही है। अब बैकवर्ड समाज को भ्रमित करने के लिए लोकलुभावन घोषणाएं की जा रही हैं। खोवाल ने कहा कि अब भाजपा का पदार्फाश हो चुका है और जनता उसके बहकावे में नहीं आने वाली है।
एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कुमारी सैलजा ने पिछड़ा वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए जातीय जनगणना करवाने, पचास प्रतिशत की कैप को खत्म करने, जनसंख्या के मुताबिक आरक्षण का प्रावधान करने सहित सभी मांगों को पूरा करने का आह्वान किया है, इसलिए भाजपा बौखलाई हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा यदि पिछड़ा वर्ग की सच्ची हितैषी है तो तुरंत प्रभाव से जातीय जनगणना करवाकर उस जनगणना के अनुसार पिछड़ा वर्ग को सुविधाएं प्रदान करने की हिम्मत दिखाए।
उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और झूठे वादों के चलते आने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाकर सत्ता से बाहर कर देगी। इस संभावित हार से बौखलाकर भाजपा झूठी घोषणाएं कर रही है।
खोवाल ने कहा कि यह कटु सत्य है कि हरियाणा में पिछड़ा वर्ग की जीवन रेखा से जुड़ी हुई न्यायसंगत व संवैधानिक मांगों को भाजपा द्वारा लगातार अनदेखी व अवहेलना की गई है। इस पक्षपात व अन्याय के कारण पिछड़ा वर्ग में गहरा आक्रोश व असंतोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा हरियाणा में हारी गई पांच संसदीय सीट पर मत प्रतिशत से जनता की नाराजगी का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।
एडवोकेट खोवाल ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा सरकार द्वारा जारी की गई क्रीमीलेयर की गैरकानूनी व असंवैधानिक अधिसूचना क्रमांक 491 संख्या (1) 2021 दिनांक 17 नवंबर 2021 को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए एवं जो अधिसूचना हरियाणा में सन 1995 से 2016 तक लागू चली आ रही थी वही अधिसूचना क्रमांक संख्या 1170 एसडब्ल्यू 195 चंडीगढ़ दिनांक 7.6 .1995 को ही पुनः बहाल किया जाए जो कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के इंदिरा साहनी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के नौ जजों के संवैधानिक बेंच के फैसले व केंद्र सरकार की अधिसूचना दिनांक 8 सितंबर 1993 के अनुसार पूरे भारतवर्ष के राज्यों में व केंद्र में लागू है। उन्होंने कहा कि वही अधिसूचना सन 1995 से 2016 तक हरियाणा राज्य में भी लागू चली आ रही थी तथा इसमें कर्मचारियों का वेतन व कृषि आमदनी को भी शामिल नहीं किया गया था इसके इलावा क्रीमीलेयर के संदर्भ में माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 24. 8. 2021 को पिछड़ा वर्ग के हक में निर्णय दे रखा है फिर भी हरियाणा सरकार द्वारा जारी की गई उपरोक्त अधिसूचना क्रमांक 491(1)2021 दिनांक 17 नवंबर 2021 जो कि सीधे तौर पर माननीय उच्चतम न्यायालय के फैसले की उल्लंघना है।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
शहर के निकट के गांव बीघड़ में पानी का मोटर चलाते समय करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सदर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंचकर परिजनों के बयान दर्ज किए हैं।
गांव बीघड़ निवासी महेन्द्र ने बताया कि गांव बीघड़ में इन दिनों नई पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है जिस कारण पानी सप्लाई बंद थी। बुधवार सुबह पानी सप्लाई शुरू हुई। गांव बीघड़ निवासी 45 वर्षीय कृष्ण सुबह करीब साढ़े 6 बजे पानी का मोटर चलाने के लिए गया था। उसने जैसे ही मोटर का बटन दबाया तो उसे बिजली का जोरदार करंट लगा।

# सीएम की रोहतक में की घोषणाओं को ढांडा ने बताया जुमला

**जुमला**

***केंद्रीय मंत्री खट्टर के रबड़ स्टंप बनकर प्रदेश में काम करने में लगे सीएम नायब: अनुराग ढांडा***



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
मुख्यमंत्री नायब सिंह के रोहतक दौरे के दौरान घोषणाओं को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने जुमला बताया। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी पिछले 10 सालों के दौरान कभी गरीबों की याद नहीं आई। अब लोकसभा चुनावों की हार और विधानसभा चुनाव में करारी हार के डर सीएम आनन-फानन में घोषणाएं कर रहे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार करने और नजरबंद करने पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कड़ी प्रति क्रिया दी। उन्होंने कहा कि हर बार बिना किसी कारण के आम आदमी पार्टी से जुड़े छात्र नेताओं को गिरफ्तार कर लिया जाता है। वहीं एमडीयू को सीएम की सुरक्षा के लिए छावनी में तब्दील कर रखा था। जबकि प्रदेश में आम जनता डर के साए में जीने को मजबूर है।
वहीं उन्होंने सोशियो इकोनॉमी के 5 नम्बर के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि बीजेपी और सीएम नायब सिंह युवाओं के भविष्य के साथ खेल रहे हैं। प्रदेश में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। जबकि अभी हाल ही में भर्ती युवाओं की नौकरी पर बीजेपी की असंवैधानिक नीतियों के कारण प्रश्न चिह्न लग गया है। बीजेपी और सीएम मिलकर युवाओं के भविष्य के साथ खेल रहे हैं, जबकि प्रदेश के युवा पलायन करने को मजबूर हैं।
उन्होंने कहा कि लोकसभा की हार के बाद सीएम को हरियाणा की जनता और युवाओं की याद आई है। जबकि बीजेपी सरकार में बैठे नेता ही असली भर्ती रोको गैंग है। प्रदेश के युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर मजाक करने वाली सरकार की विधानसभा चुनावों में लोकसभा से बुरी हालत होगी। युवा वोट की चोट से बदला लेने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह केंद्रीय मंत्री खट्टर के रबड़ स्टैंप बनकर प्रदेश के युवाओं के भविष्य को गर्त में ले जाने का काम कर रहे हैं। आज प्रदेश का युवा बीजेपी की नीतियों से क्षुब्ध है। प्रदेश में आम आदमी पार्टी एक बहुत बड़े विकल्प के तौर पर उभरी है। आम आदमी पार्टी युवाओं के भविष्य की आवाज को बुलंद करने का काम करेगी। बीजेपी की तानाशाही नीतियों का डटकर मुकाबला करने का काम करेंगे।

# डॉ बी आर अंबेडकर एजुकेशन सोसाइटी हरियाणा रोहतक की शासकीय बॉडी की चुनाव प्रक्रिया शुरू

**नामांकन**

**नामांकन 7 जुलाई, 2024 को समिति कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से 2:00 बजे तक लिए जाएंगे।**

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
डॉ बी आर अंबेडकर एजुकेशन सोसाइटी हरियाणा रोहतक की शासकीय बॉडी के चुनाव का ऐलान हो गया है। शासकीय बॉडी के लिए 21 जुलाई 2024 को चुनाव होगा। डॉ बी आर अंबेडकर एजुकेशन सोसाइटी के रिटर्निंग ऑफिसर राज सिंह भोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि एजुकेशन सोसाइटी के शासकीय बॉडी के लिए दिनांक 23 जून 2024 को सदस्य की सूची डिस्प्ले कर दी है, जबकि वोटर सूची में एतराज 25 व 26 जून को सुबह 10:00 बजे से 4:00 बजे तक समिति के कार्यालय में लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अंतिम सूची 30 जून 2024 को प्रकाशित की जाएगी। एजुकेशन सोसाइटी के लिए नामांकन 7 जुलाई, 2024 को समिति कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से 2:00 बजे तक लिए जाएंगे। जबकि नामांकन पत्रों की जांच दिनांक 8 जुलाई, 2024 को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 9 जुलाई, 2024 सायः 4:00 बजे तक रहेगी। उन्होंने बताया कि डॉक्टर बी आर अंबेडकर एजुकेशन सोसाइटी के चुनाव लड? वाले प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह अलोट कर दिए जाएंगे, आवश्यकता हुई तो चुनाव तिथि 21 जुलाई 2024 समय 9:00 से 3:00 बजे तक रहेगा। चुनाव हुआ तो तुरंत बाद मतों की गिनती की जाएगी। शासकीय बॉडी के नतीजे की घोषणा की जाएगी। शासकीय बॉडी के चुनाव की प्रक्रिया से संबंधित नोटिस बोर्ड डॉ बी आर अंबेडकर एजुकेशन सोसाइटी हरियाणा रोहतक नियर सुखपुरा चौक पावर हाउस के कार्यालय में लगा दी जाएगी।

# आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन से डरते हैं मुख्यमंत्री नायब सिंह: दीपक धनखड़



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
एमडीयू में बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दौरा किया। जिसमें विभिन्न छात्र संगठनों ने प्रदर्शन की चेतावनी दे रखी थी ,वही सभी छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों को प्रशासन द्वारा प्रदर्शन न करने की बात कही गई व उन्हें बुलाकर आश्वासन दिया गया कि सभी छात्र संगठनों के दो सदस्यों को अपनी मांगे रखने के लिए मुख्यमंत्री से मिलवाया जाएगा। वहीं लगभग 10 छात्र संगठनों को एमडीयू के फैकल्टी हाउस में बुलाया गया। जहां पर 9 छात्र संगठनों को मुख्यमंत्री से मिलवाया गया। वहीं आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन सीवाईएसएस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ को दूसरे कमरे में ले जाकर हिरासत में लेकर नजर बंद किया गया। जब मुख्यमंत्री हेलीपैड पर पहुंचे उसके बाद उन्हें रिहा किया गया । छात्र नेता दीपक धनखड़ ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह हर बार प्रशासन के साथ मिलकर बातचीत के माध्यम से मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगते हैं , लेकिन उन्हें झूठ बोलकर बुलाया जाता है और बाद में गिरफ्तार कर के उनपर झूठा मुकदमा लगा दिया जाता है ।
धनखड़ ने कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह बेहद खतरनाक है कि किसी एक छात्र संगठन के साथ पक्षपात किया जाए , इससे लगता है कि सरकार और प्रशासन आम आदमी पार्टी की छात्र विंग से डरता है । धनखड़ ने कहा कि वह एक दशक से छात्रों की आवाज उठते रहे हैं और उसके चलते उन पर आठ मुकदमे लग चुके हैं। आज भी वे मुख्यमंत्री के सामने नई शिक्षा नीति ,विश्वविद्यालय में खाली पड़े रिक्त पद भरने , विश्वविद्यालय का खुद का कॉलेज बनवाने , रुकी हुई स्कॉलरशिप दिलवाने , छात्रसंघ चुनाव करवाने , बचे हुए कच्चे कर्मचारियों को एचकेआरएन के माध्यम से भारती करवाने , लड़कियों के लिए हरियाणा के हर गांव से लेकर कॉलेज तक बसें चलवाने , एमडीयू की ग्रांट बढ़वाने की मांगों के साथ ज्ञापन के साथ शांतिपूर्वक तरीके से मुख्यमंत्री से मिलने वाले थे लेकिन उन्हें प्रशासन द्वारा प्रदर्शन न करने की बात कह कर झूठ बोलकर बुलाया गया और पुलिस हिरासत में लेकर नजर बंद किया गया ।
धनखड़ ने कहा कि भविष्य में जब भी मुख्यमंत्री का एमडीयू में दौरा होगा वे बिना प्रशासन के बहकावे में आकर खुलकर विधार्थियों की आवाज उठाएंगे और सरकार की गलत नीतियों व मुख्यमंत्री का विरोध करेंगे।

# एसीबी ने रिश्वत लेते हुए लेबर वेलफेयर सुपरिंटेंडेंट सहित दो को रंगे हाथों दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार की एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने दिल्ली नगर निगम के शाहदरा नॉर्थ जोन के एक लेबर वेलफेयर सुपरिंटेंडेंट और सफाई कर्मचारी को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत दिल्ली नगर निगम में सफाई कर्मचारियों को नियमित करने के एवज में दी गई थी।
एंटी करप्शन ब्रांच के मधुर वर्मा को मंगलवार को रिश्वत लेने संबंधी एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने स्वयं को एक सेवानिवृत सफाई कर्मचारी बताया था और कहा था कि उसकी पत्नी शाहदरा उत्तरी जोन में दैनिक वेतन भोगी सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। उसने नियमित कर्मचारी होने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था।
उनको नियमित करने की एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई है।
आरोप है कि इस प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करने के लिए एमसीडी के लेबर वेलफेयर सुपरिंटेंडेंट रितेश कुमार ने 20 हजार रुपये मांगे थे। सफाई कर्मी जल सिंह के जरिए कथित तौर पर 20 हजार रुपये की घूस मांगी थी। इस शिकायत पर डीसीपी श्वेता सिंह के निरीक्षण में एसीपी जरनैल सिंह, निरीक्षक अजीत झा और आरएन पाठक के साथ अन्य स्टाफ की छापेमारी टीम बनाई।

# कल से ज़िले में शुरू होगा बदलाव जनसंवाद: करणवीर सिंह लौट

**जनसंवाद**

***"बदलेंगे हरियाणा का हाल, अब लाएंगे केजरीवाल" अभियान की शुरूआत : करणवीर सिंह लौट***



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला**
आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष करणवीर सिंह लौट की अध्यक्षता में बदलाव जनसंवाद को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने "बदलेंगे हरियाणा का हाल, अब लाएंगे केजरीवाल" अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को जरूरी दिशानिर्देश दिए।
जिला अध्यक्ष करणवीर सिंह लौट ने इस अभियान को लेकर कहा कि हरियाणा की जनता ने एक बार सभी पार्टियों को मौका दिया। लेकिन उन्होंने हरियाणा के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। इस बार जनता को हरियाणा के लिए वोट करना है। यदि हरियाणा में बड़ा बदलाव चाहिए तो अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को लाना पड़ेगा। इस बार गाड़ी के टायर को नहीं बल्कि पूरी गाड़ी बदलना है। तभी हरियाणा के लोगों का भला हो सकेगा।
उन्होंने कहा कि बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल को इसलिए जेल में डाला, क्योंकि उनको डर था कहीं हरियाणा का लाल अरविंद केजरीवाल दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा से भी इनका सफाया न कर दे। क्योंकि हरियाणा तो अरविंद केजरीवाल की जन्मभूमि है। हरियाणा की जनता ने इन पार्टियों को बहुत मौके दिए, लेकिन इन्होंने बार बार धोखा दिया। किसानों, महिलाओं और युवाओं के साथ गद्दारी की। आज हरियाणा का हर वर्ग धरने पर है। बेरोजगारी इतनी बढ़ गई है कि हर घर में पढ़ा लिखा युवा बेरोजगार बैठा है। इन्होंने युवाओं की इतनी दुर्दशा कर दी है कि वो या तो बेरोजगार बैठा है या अवैध तरीके से विदेश जा रहा है या नशे में चला गया है।
उन्होंने कहा कि महंगाई चरम सीमा पर है। एक भी सरकारी स्कूल पढ़ने लायक नहीं है। अमीर के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर बनेंगे और गरीब किसान व छोटे व्यापारी के बच्चों की जिम्मेदारी कौन लेगा। सरकारी अस्पताल में न दवाई, न डॉक्टर और न कोई सुविधा है। बिजली के लंबे लंबे कटों से जनता परेशान है।

# सात दिनों तक मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से किया वैचारिक आदान-प्रदान

**गतिविधियां**

**- हिसार कैंट के बच्चों ने सात दिनों तक मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्गों की सेवा की, अनुभव किए साझा**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसारः**
बड़े-बुजुर्गों की सेवा, संभाल एवं वैचारिक आदान-प्रदान के उद्देश्य से हिसार कैंट के बच्चों ने मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ मिलकर सात दिनों तक विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। बच्चों ने बुजुर्गों की दिनचर्या व जीवन शैली को करीब से देखा और समझा। उन्होंने स्वयं अपने हाथों से बुजुर्गों को भोजन खिलाया व उनकी सेवा की। इसी भांति विभिन्न प्रकार के खेलों में बुजुर्गों को शामिल करके उनमें नव उत्साह का संचार किया। बुजुर्गों ने बच्चों के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा किए। इस दौरान हिसार कैंट के बच्चों ने मोक्ष वृद्धाश्रम परिसर में पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।
सात दिवसीय वैचारिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के समापन पर मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु सहित आश्रम के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान हिसार कैंट के सीईओ की पत्नी उमा कंजोलिया, लेफ्टिनेंट मोहित, बिपिन, इंद्रजीत सिंह, लखनदीप सिंह, मनदीप सिंह, गुरदेव सिंह, सुखदीप सिंह, अमरजीत सिंह सहित कई विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उन्हें मोक्ष वृद्धाश्रम में अपने दादा-दादी या नानी-नानी जैसा स्नेह मिला है। इस अवसर पर पंकज संधीर ने कहा कि मोक्ष वृद्धाश्रम बुजुर्गों की निशुल्क सेवा व संभाल के प्रति पूरी तरह समर्पित है। बच्चों को इन बुजुर्गों के साथ समय बिताना चाहिए, इससे उनमें सेवा भाव विकसित होता है। इसके साथ-साथ बुजुर्ग भी ताजगी का एहसास करते हैं। उन्होंने बताया कि भोजन, वस्त्र व आवास सहित हर तरह की चिकित्सा सुविधा भी निशुल्क मुहैया करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि मोक्ष वृद्धाश्रम में हरियाणाभर से ही नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों के बुजुर्ग शालीन जिंदगी व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आश्रम बेसहारा, दिव्यांग व लाचार बुजुर्गों के लिए वरदान साबित हो रहा है। मोक्ष वृद्धाश्रम में महिलाओं के लिए मंदबुद्धि आश्रम का संचालन भी किया जा रहा है।

# जिले को मिला 360 सबमर्सिबल सोलर पम्प लगाने का लक्ष्य

## किसानों को मिलेगा पहले आओ पहले पाओ का लाभ

**सोलर पम्प**

***बुकिंग प्रारम्भ हो चुकी है, जिसमें कृषकों को विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण होना अनिवार्य है**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
360 सबमर्सिबल सोलर पम्प लगाने का लक्ष्य मथुरा जिले को मिला है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पीएम कुसुम योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष में अनुदान पर सोलर पम्प के लिए मथुरा के 2 एचपी, 3 एचपी, 5 एचपी, 7.5 एचपी, 10 एचपी के 360 सबमर्सिबल सोलर पम्प स्थापित किये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसकी बुकिंग प्रारम्भ हो चुकी है, जिसमें कृषकों को विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। पंजीकृत कृषकों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बुकिंग हेतु विभागीय वेबसाइट अनुदान पर सोलर पम्प बुकिंग करें। टोकन मनी के रूप में पांच हजार रुपये ऑनलाइन जमा करना होगा। शेष कृषक अंश की धनराशि कृषकों को चालान के माध्यम से एक सप्ताह के अन्दर इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा में जमा करनी होगी अन्यथा कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा और टोकन की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 27 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

### सीएम नीतीश ने अतिथि गृह का किया लोकार्पण

**बेतिया:** राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 27 जून को एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत पश्चिम चम्पारण के वाल्मीकिनगर में आयेंगे। पश्चिम चंपारण ज़िला के डीएम दिनेश कुमार राय ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम को लेकर पश्चिम चंपारण जिला में पहुंच रहे हैं, जिसकी तैयारी जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के कर-कमलो द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर के वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का लोकार्पण किया जायेगा।

### उप्र में बुन्देलखण्ड के रास्ते प्रवेश कर गया मानसून

**कानपुर:** भीषण गर्मी को झेल रहे उत्तर प्रदेशवासियों के लिए खुशखबरी है, क्योंकि मानसून की दक्षिणी सीमा बुन्देलखण्ड में प्रवेश कर गई। इससे बुन्देलखण्ड एवं कानपुर सहित मध्य उत्तर प्रदेश में बारिश होना शुरू हो गई है और कानपुर में 33 मिमी बारिश हुई। हालांकि पूर्वी सीमा भी धीरे—धीरे उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रही है और आगामी दो से तीन दिन में पूरे उत्तर प्रदेश में झमाझम बारिश होगी। इस दौरान स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश होती रहेगी जिससे तापमान में बराबर गिरावट हो रही है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि मानसून की उत्तरी सीमा वेरावल, राजपीपला, उज्जैन, विदिशा, सिद्धि, चाईबासा, हल्दिया, पाकुड़, साहिबगंज और रक्सौल से होकर गुजर रही है। उत्तरी अरब सागर और गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अब अनुकूल हैं। दक्षिणी पश्चिमी मानसून से उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड और मध्य क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है और आगामी 24 घंटे में भी बारिश के आसार बने हुए हैं। वहीं पूर्वी सीमा भी आगे बढ़ रही है और दो से तीन दिन में पूरे उत्तर प्रदेश में झमाझम बारिश शुरू हो जाएगी। बारिश होने से तापमान तो गिर रहा है लेकिन उमस भरी गर्मी बढ़ रही है। यह स्थिति आगामी दो से तीन दिन तक रहेगी इसके बाद झमाझम बारिश से मौसम में बदलाव आ जाएगा। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि कानपुर में 33 मिमी बारिश होने से तापमान में 9 डिग्री की गिरावट हो गई और अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## उत्तर प्रदेश देश का हृदय स्थल: सीएम योगी

### ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश देश का हृदयस्थल है। यहां पर्यटन की अनेक संभावनाएं हैं। गत वर्ष उत्तर प्रदेश में 48 करोड़ पर्यटक आए थे यानी आबादी की लगभग दोगुनी संख्या पर्यटन की दृष्टि से यहां आई थी। अधिकांश पर्यटक स्प्रिचुअल टूरिज्म के लिए आए थे। 2023 में काशी में यह संख्या 10 करोड़ से अधिक थी। मथुरा-वृंदावन में साढ़े सात करोड़ और अयोध्या में पांच करोड़ से अधिक थी। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने के बाद यह संख्या कई गुना बढ़ गई है। औसतन प्रतिदिन डेढ़-दो लाख पर्यटक अयोध्या धाम आ रहे हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

**यूपी में स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हेरिटेज व ईको टूरिज्म की भी संभावनाएं:** सीएम योगी ने कहा कि यूपी में कई ऐसे साइट्स हैं, जहां पर्यटक आते हैं। लखनऊ के बगल में नैमिषारण्य, चित्रकूट, शुकतीर्थ, विंध्यवासिनी धाम, मां पाटेश्वरी धाम, मां शाकंभरी धाम सहारनपुर, बौद्ध तीर्थ स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा, जैन व सूफी परंपरा से जुड़े स्थलों में भी स्प्रिचुअल टूरिज्म की अनेक संभावना पहले से है। यह संभावनाएं बताती हैं कि यदि स्प्रिचुअल टूरिज्म के लिए स्थान है तो इसका मतलब यह मानव सृष्टि और जीव सृष्टि का उद्गम स्थल है। इसके सबसे बड़े प्रमाण सोनभद्र के फासिल्स पार्क को देखें। उसकी आयु उतनी ही है, जितनी जीव सृष्टि की है। लगभग डेढ़ सौ करोड़ वर्ष पूर्व के फासिल्स वहां पाए जाते हैं। ऐसे अनेक स्थल, प्राकृतिक सरोवर, ताल मिलेंगे। 15 हजार वर्गकिमी. का क्षेत्रफल केवल वन संपदा है। यूपी में पौराणिक काल के वन हैं। यूपी के तराई क्षेत्र (बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर, पीलीभीत) में वन सुरक्षित हैं, जबकि उस पार नेपाल में वन समाप्त हो गए हैं। चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, अब चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ में टाइगर रिजर्व को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।



#### पर्यटकों के आने से होता है रोजगार सृजन

**सीएम** ने कहा कि जब टूरिस्ट आते हैं तो अनेक लोगों के लिए रोजगार सृजन होता है। ईको टूरिज्म के क्षेत्र में लोगों ने अलग-अलग कार्य प्रारंभ किए हैं। सोहगीबरवा, दुधवा, चूका, पीलीभीत टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में लोग आ रहे हैं। प्रकृति को देखकर लोग जानते हैं कि यहां सब वास्तविक है, कुछ भी आर्टिफिशियल नहीं है। सीएम ने कहा कि दूधवा में जंगल के बीच गया तो देखा कि लखनऊ का तापमान 42 है और दूधवा का 35 के आसपास। प्रकृति का यह सानिध्य इशारा करता है कि पर्यावरण के प्रति जागरूक हुए तो आने वाले समय में लाभ प्राप्त होगा।

**कनेक्टिविटी के लिए सरकार ने प्रारंभ किए प्रयास:** सीएम ने कहा कि कनेक्टिविटी के लिए सरकार ने प्रयास प्रारंभ किए हैं। लखीमपुर में पुरानी एयरस्ट्रिप का एयरपोर्ट के रूप में विकास करने जा रहे हैं। पिछली बार इस क्षेत्र में होलीडे ट्रेन चलाने की व्यवस्था रेलवे के माध्यम से प्रारंभ की। इसे अच्छे ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास है। स्थानीय निवासियों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित करें। वहां बनने वाली सुविधाओं से जोड़ें तो ईको टूरिज्म को बढ़ाने में मदद मिलेगी। पर्यटन न केवल मनोरंजन का माध्यम बन सकता है, बल्कि आर्थिक समृद्धि के जरिए हम सशक्त बनने की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। यह अनेक लोगों के लिए रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बन सकता है। यूपी में स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हैरिटेज टूरिज्म के लिए भी कार्य हुए। बुंदेलखंड के किलों या जहां-तहां पड़ीं ऐतिहासिक इमारतों को कहीं होटल के रूप में तो कहीं टूरिज्म डवलपमेंट की दृष्टि से विकसित करने के प्रयास प्रारंभ किए हैं।

## दो जुलाई को राहुल गांधी कोर्ट में तलब

**टीम एक्शन इंडिया**

**सुल्तानपुर:** गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बयान दर्ज करने के लिए तलब किया है। बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में पक्षकार बनने के लिए दी गई अर्जी खारिज कर दी है। मामले में अगली सुनवाई दो जुलाई को होगी। जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने चार अगस्त 2018 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था। आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने 15 जुलाई 2018 को कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। 27 नवबंर 2023 को कोर्ट ने राहुल गांधी को विचारण के लिए तलब किया था। बीते 20 फरवरी को राहुल गांधी ने कोर्ट में हाजिर होकर अपनी जमानत कराई थी। उसके बाद से उनके बयान दर्ज होने की कार्रवाई में मामला लंबित है। सात जून को कोतवाली नगर के घरहा कला डिहवा निवासी राम प्रताप ने कोर्ट में अर्जी देकर पक्षकार बनाए जाने की मांग की थी। इसका परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने विरोध किया। कहा कि,राहुल गांधी के अनुचित प्रभाव में मामले को विलंबित करने के लिए अर्जी दी गई है।



**बयान दर्ज होगा**

▸▸ एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में पक्षकार बनने के लिए दी गई अर्जी खारिज कर दी

## पुरानी पेंशन को लेकर सीएम योगी का बड़ा फैसला




**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: प्रदेश में** 28 मार्च 2005 से पहले प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर सरकारी नौकरी पाने वालों को पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प चुनने का अवसर मिलेगा। कैबिनेट ने मंगलवार को इस संबंध में लाए गए प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इससे करीब 50 हजार शिक्षक लाभांवित होंगे। यूपी सरकार ने 28 मार्च 2005 को यह प्रावधान किया था कि 1 अप्रैल 2005 या उसके बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के दायरे में होंगे। यह प्रावधान राज्य सरकार के कार्मिक, शासन के नियंत्रण वाली स्वायत्तशासी संस्थाओं और शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मियों व शिक्षकों पर लागू किया गया। तमाम ऐसे शिक्षक व कार्मिक हैं, जिनकी नियुक्ति 1 अप्रैल 2005 को या उसके बाद हुई, लेकिन उस नौकरी का विज्ञापन 28 मार्च 2005 से पहले निकला था। ये कर्मी लंबे समय से उन्हें पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) का लाभ देने की मांग कर रहे थे। केंद्र सरकार इस तरह के कर्मियों को पहले ही यह सुविधा दे चुकी है। कैबिनेट से अनुमोदित प्रस्ताव के अनुसार, ऐसे कार्मिक जिनकी नियुक्ति 1 अप्रैल 2005 को या उसके बाद हुई है, लेकिन नियुक्ति के लिए पद का विज्ञापन एनपीएस लागू किए जाने संबंधी अधिसूचना जारी होने की तिथि 28 मार्च 2005 से पूर्व प्रकाशित हो चुका था, उन्हें पुरानी पेंशन योजना का एक बार विकल्प उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

**अवसर**

▸▸ 28 मार्च 2005 से पहले प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर नौकरी पाने वालों को पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प चुनने का अवसर मिलेगा

### ब्रिटानिया का बंगाल छोड़ने की खबरों को नकारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल सरकार ने स्पष्ट किया कि प्रमुख एफएमसीजी ब्रांड ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड की राज्य से बाहर निकलने की कोई योजना नहीं है और कंपनी पश्चिम बंगाल के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रधान मुख्य सलाहकार डॉ. अमित मित्रा ने ब्रिटानिया के तारातला संयंत्र को बंद करने को लेकर राजनीतिक विवाद के बाद राज्य सरकार की ओर से यह बयान जारी किया।

## इंदिरा गांधी ने घोंटा था संविधान का गला: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** संसद में आपातकाल के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की ओर से पढ़े गये निंदा प्रस्ताव का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समर्थन किया है। उन्होंने इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश की वर्तमान पीढ़ी को ये जानने का अधिकार है कि कांग्रेस ने आजादी के बाद लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ किस प्रकार का बर्ताव किया था। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस में आज भले ही चेहरे बदल गये हों, मगर इसका चरित्र अधिनायकवादी और तानाशाही पूर्ण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने आपातकाल के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पढ़ा है, इसके लिए उनका हृदय से अभिनंदन। हम सब जानते हैं कि 25 जून 1975 की मध्य रात्रि में तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में उस संविधान का गला घोंटने का कार्य किया था, जिसकी शपथ लेकर वह देश की पीएम बनी थीं। ये देश के लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास था। कांग्रेस के इस काले कारनामों को जनता तक पहुंचाना आवश्यक है। आज भारत की संसद ने वही कार्य किया है। कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व संविधान के नाम पर और आरक्षण समाप्त करने के नाम पर देश को गुमराह करता रहा है।




**आपातकाल**

▸▸ आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव के लिए सीएम योगी ने लोकसभा अध्यक्ष का जताया आभार





आगामी बजट को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मीडिया इंडस्ट्री के संदर्भ में विचार-विमर्श करते हुए इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी (आईएनएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश शर्मा। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।

## तमिलनाडु में जातीय गणना की मांग ने पकड़ा जोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नई: मुख्यमंत्री** एमके स्टालिन की द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के सहयोगियों सहित राज्य के राजनीतिक दल सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए राज्य में जाति आधारित जनगणना की मांग कर रहे हैं। इसी बीच स्टालिन ने कहा कि सरकार विधानसभा के मौजूदा सत्र में एक प्रस्ताव लाएगी, जिसमें केंद्र से आम जनगणना के साथ-साथ जाति आधारित जनगणना कराने की आग्रह करेगी।

**पीएमकी की मांग पर बोले स्टालिन:** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के नेता जीके मणि, जिन्होंने वन्नियारों के लिए अलग आरक्षण लागू करने की मांग की थी, को जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति आधारित जनगणना कराने के बाद ही यह संभव होगा। साथ ही उन्होंने मणि को याद दिलाया कि उनकी पार्टी पीएमके केंद्र में भाजपा के सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा थी। स्टालिन ने कहा कि बिहार में भी जातिवार जनगणना पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि वन्नियारों के लिए आरक्षण का एक अच्छा समाधान तभी निकाला जा सकता है, जब आम जनगणना के साथ जाति आधारित जनगणना की जाए।

## शपथ ग्रहण को लेकर गतिरोध, टीएमसी के दो विधायक धरने पर बैठे

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** शपथ ग्रहण को लेकर विरोध के बीच तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायक पश्चिम बंगाल विधानसभा पहुंचे। विधानसभा में उनसे चार बजे तक इंतजार करने को कहा गया। इसके साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि अगर चार बजे तक राज्यपाल शपथ दिलाने नहीं पहुंचे तो स्पीकर से शपथ दिलवाया जाएगा। सायंतिका बंदोपाध्याय और रयात हुसैन सरकार क्रमशः बारानगर और भागाबंगोला निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए हैं। राज्यपाल का इंतजार करते हुए दोनों विधायक वहीं धरने पर बैठ गए।

**राज्यपाल के इंतजार में टीएमसी के दो विधायक:** राज भवन की तरफ से बताया गया कि शपथ समारोह राज्यपाल सीवी आनंद बोस के समक्ष होना चाहिए। रयात हुसैन सरकार ने पत्रकारों के बात की। उन्होंने कहा, "हमने माननीय राज्यपाल से विधानसभा में आकर पद की शपथ दिलाने या अध्यक्ष को सौंपने का अनुरोध किया है। हालांकि, उन्होंने दोनों ही विकल्पों को नकार दिया। हम विधानसभा की सीढ़ियों पर उनका इंतजार कर रहे हैं।" दोनों विधायकों के हाथों में तख्तियां देखा गया, जिसमें राज्यपाल से अनुरोध किया गया कि उन्हें निर्वाचित प्रतिनिधियों के तौर पर अपने कर्तव्यों को पूरा करने की अनुमति दी जाए। सायंतिका बंदोपाध्याय ने कहा, "हम बिना शपथ लिए विधायक के तौर पर काम नहीं कर सकते हैं।" उन्होंने बताया कि वे दोनों चार बजे तक राज्यपाल का इंतजार करेंगे। विधानसभा के स्पीकर बिमान बनर्जी ने इस पर प्रतिक्रिया दी।



**शपथ का इंतजार**

▸▸ हमने राज्यपाल से विधानसभा में आकर पद की शपथ दिलाने या अध्यक्ष को सौंपने का अनुरोध किया

## अयोध्या में राम पथ के गड्ढों और जल भराव का सीएम योगी ने लिया संज्ञान




**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी में जल भराव और राम पथ सहित और कई अन्य सड़कों पर गड्ढे होने की खबरों को गंभीरता से संज्ञान में लिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मरम्मत एवं जल निकासी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिसके क्रम में संबंधित विभाग जुट गए। अयोध्या में दो दिनों से लगातार हो रही बरसात ने जहाँ राम नगरी की गलियों को लबालब कर दिया है।

वहीं रामपथ व अन्य सड़कों पर बडे. बड़े गड्ढे हो गए, जिसे लेकर नगर निगम, लोक निर्माण विभाग व जल निगम ने युद्धस्तर पर मरम्मत का कार्य प्रारम्भ कर दिया है।

## असम में पटरी पर लौट रही जिंदगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**असम:** असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार होने लगा है। बता दें रविवार को दो लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित थे। बाढ़ के कारण असम के कुछ हिस्सों में पुल, घर, संस्थान, मवेशी शेड आदि तबा हो गए हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा 149 शिविर और राहत वितरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, यहां 26,000 से ज्यादा लोग शरण लिए हुए हैं। पिछले दिनों असम में बारिश कम हुई है, जिसके कारण से प्रमुख नदियों का जलस्तर भी घट गया है। इससे कारण बाढ़ से कुछ क्षेत्रों में राहत मिलने लगी है। हालांकि अभी भी सात जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। सात जिलों के 1.50 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार बाढ़ प्रभावित जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। जिससे करीमगंज में कुशियारा नदी को छोड़कर सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे चला गया। बरपेटा, कछार, दरांग, धेमाजी, गोलपारा, कामरूप और करीमगंज में करीब 1.50 लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं। प्रभावित लोगों की संख्या 1.53 लाख थी। बुलेटिन में कहा गया है कि इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 41 हो गई है।



**नुकसान** पिछले फसल सीजन के दौरान इन क्षेत्रों के किसानों को गुलाबी सुंडी के लगातार हमलों के कारण भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था

## कपास की फसल पर गुलाबी सुंडी के हमलों ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** उत्तर राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती इलाकों के किसानों ने अपनी कपास की फसल पर गुलाबी सुंडी के हमलों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। पिछले फसल सीजन के दौरान इन क्षेत्रों के किसानों को गुलाबी सुंडी के लगातार हमलों के कारण भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था, जिससे इस खतरे से निपटने के लिए प्रभावी समाधान खोजने की जरूरत बढ़ गई है। गुलाबी सुंडी कपास की फसल को तबाह करने वाला कीट है। इसका निरंतर प्रकोप उक्त क्षेत्रों में कपास की खेती के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। इसका प्रभाव विभिन्न कारकों द्वारा बढ़ता जा रहा है, जिनमें जलवायु की परिस्थितियां, फसल विविधीकरण की कमी, और बीटी कॉटन की कुछ किस्मों में कीटनाटकों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता का विकास शामिल है। यह कीट कपास की फसल को नुकसान पहुंचा कर उपज को कम कर देता है, जिससे क्षेत्र के किसानों की आजीविका प्रभावित होती है। इन चुनौतियों के मद्देनजर कीट विशेषज्ञ तथा प्रगतिशील किसान गुलाबी सुंडी के संक्रमण से निपटने के लिए एक रणनीतिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सिफारिश करते हैं। किसानों को एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी जाती है, जिसमें फसल विविधीकरण जैसे सुरक्षात्मक उपायों को लागू करना शामिल है। गुलाबी सुंडी के जीवन चक्र को बाधित करने और किसी खास क्षेत्र में इसकी उपलब्धता के घनत्व को कम करने के लिए कपास की खेती अन्य फसलों के साथ बदल-बदल कर करने की सिपारिश की जाती है। इसके अलावा, कपास की जल्दी रोपाई करने की सिफारिश की जाती है, ताकि फसल को गुलाबी सुंडी के संक्रमण के चरम समय से पहले ही तैयार किया जा सके। ऐसा करने से गुलाबी सुंडी के हमलों के प्रति कपास के पौधों की संवेदनशीलता कम हो जाती है। इसके अतिरिक्त किसान गुलाबी सुंडी को कपास के खेतों से दूर करने के लिए भिंडी जैसी जाल फसलों का रणनीतिक रूप से उपयोग कर सकते हैं, जिससे संक्रमण के जोखिम को कम किया जा सकता है।

